■ वर्ष-22 ■ अंक-142
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)
■ बुधवार ■ 9 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत

दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

## प्रधानमंत्री ने बताया एजेंडा



# अब ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करने वाला है और इस दौरान भारत ब्रिक्स को एक नए रूप में पेश करने का प्रयास करेगा, जिसमें मानवता पहले का दृष्टिकोण होगा। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने एजेंडे में वैश्विक दक्षिण को प्राथमिकता देगा और जन-केंद्रित तथा मानवता सर्वप्रथम दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्र आयोजित करने के लिए उन्होंने ब्राजील को धन्यवाद भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियो 2025 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। सोमवार को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स सत्र में पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स की सराहना की कि वह पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने इन मुद्दों को मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए जलवायु न्याय सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लिए जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की सुरक्षा हमेशा महत्वपूर्ण रही है। हमारे लिए यह सिर्फ ऊर्जा की बात नहीं है, बल्कि जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए जलवायु परिवर्तन केवल ऊर्जा से संबंधित एक मुद्दा नहीं है। यह जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को प्रभावित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत जलवायु न्याय को नैतिक जिम्मेदारी के रूप में देखता है, जिसे उसे निभाना चाहिए। भारत की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उन्होंने देश द्वारा लोगों और ग्रह के हित में विकास के लिए शुरू की गई पहलों के बारे में बताया। इनमें अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन, मिशन लाइफ और एक पेड़ मां के नाम जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### ब्राजील के राष्ट्रपति को दी बधाई

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स को एक नए रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास होगा, जहां ब्रिक्स का मतलब होगा- सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार का निर्माण। उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी के लिए उनका आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियो डी जनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद वे ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे, जहां वे ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ भारत-ब्राजील संबंधों पर बातचीत करेंगे। पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर आयोजित सत्र में ब्रिक्स सदस्यों, साझेदार देशों और आमंत्रित राष्ट्रों ने भाग लिया।

## हरदा का हृदय अभियान बना आदर्श उदाहरण

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विकास प्रक्रियाओं में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवाचारों की श्रृंखला में हरदा जिले में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त हृदय अभियान आदर्श उदाहरण साबित हुआ। राज्य नीति आयोग ने भी इस अभियान की सराहना की है। जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सूचकांकों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हरदा जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं को हृदय अभियान के अंतर्गत माताओं, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। सभी हितग्राही माताएँ और 18 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकड़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिये एक साथ विशेष गतिविधियां चलाई गईं। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर जानकारी प्रदान करना, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और बालक-बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोड़ने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां चलाई गईं। ऐसे गांवों का चयन किया गया जिनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा संबंधी सूचकांक पिछले कुछ वर्षों में न्यूनतम रहे।

### 50 गांव किए चिन्हित

जिले में नवाचार के रूप में कुपोषण मुक्त करने और जनजातीय क्षेत्र में शिक्षा तथा स्वास्थ्य की सुविधाओं की पहुंच बच्चों और महिलाओं तक बढ़ाने के उद्देश्य से हृदय अभियान चलाया गया। दूर दराज के 50 गांवों को चिन्हित किया गया, जिनमें गर्भवती माताओं और बच्चों की समस्या दूसरे गांवों की अपेक्षा ज्यादा थी। स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभागों का संयुक्त सर्वे कराया गया। संयुक्त दल ने डोर-टू-डोर सर्वे कर रिपोर्ट दी। गर्भवती माताओं का पंजीयन, टीकाकरण और हाई रिस्क महिलाओं का प्रबंध ग्राम और संस्था स्तर पर किया गया।



## एमसीयू में साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम हों आरंभः डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय महापरिषद की बैठक में दिए निर्देश

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं साथ ही विश्वविद्यालय, मीडिया के क्षेत्र में एडवांस्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में अपनी पहचान बनाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संप्रेषण और उनकी प्रभावशीलता के सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां भी विश्वविद्यालय में आरंभ करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित महापरिषद के सदस्यगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के रीवा और खंडवा परिसरों में रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित करने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद एम.ए. (जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव एंड राइटिंग), एम.ए. (मास कम्युनिकेशन), एम.ए.( एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और एम.एसी.ए. के एक वर्षीय पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाएंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के पी.एचडी. अधिनियम को यू.जी.सी. पीएचडी अधिनियम 2022 के अनुसार अद्यतन कर इस आधार पर पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा परिसर के सभागार का नाम लाल बलदेव सिंह सभागार रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। महापरिषद ने वित्त विभाग के 14 अगस्त 2023 के आदेश अनुसार चतुर्थ समयमान उच्चतर वेतन मान को विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया। विश्वविद्यालय में फेस डिटेक्शन मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था पर भी सहमति प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय के नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग विषय का व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रिंटिंग प्रेस व लैब तथा पैकेजिंग लैब की स्थापना का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। बैठक में अन्य कार्यालयीन तथा प्रबंधकीय विषयों पर भी निर्णय लिए गए।

### समृद्ध और विकसित शहर बनेंगे समावेशी विकास की आधारशिलाः मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मध्यप्रदेश के शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहा है। इससे बढ़ती नगरीय जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी। समृद्ध और विकसित शहर, प्रदेश के समावेशी विकास की आधारशिला बनेंगे। इसे साकार करने के लिए मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। नेक्स्ट होराइजन बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमॉरो थीम पर केन्द्रित कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश के शहरी विकास और निवेश पर देश की रियल एस्टेट सेक्टर के दिग्गज विकसित मध्यप्रदेश 2047 के लिए शहरी विकास के ब्लूप्रिंट पर चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश में शहरी अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है। प्रदेश में 4 शहर ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक है। साथ ही केन्द्र की स्मार्ट सिटी परियोजना में 7 शहर शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में अधो-संरचाना विकास के संबंधित 72 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

## शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

**समय जगत, भोपाल।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे। इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है।

**विद्यार्थी कर सकेंगे 30 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन**

## अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**समय जगत, भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर निर्वतमान अपर मुख्य सचिव श्री संजय शुक्ला भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर 11 जुलाई को होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रदेश के शहरी क्षेत्र के विकास में यह कॉन्क्लेव बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त नगरीय प्रशासन श्री संकेत भोंडवे ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

## डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिये जाने की इजराइल ने भी की मांग

**वाशिंगटन।** वाइट हाउस में आयोजित एक निजी रात्रिभोज के दौरान नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया नामांकन पत्र सौंपा। इस अवसर पर नेतन्याहू ने ट्रंप की शांति स्थापना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, वह एक के बाद एक देश और क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। वह यह सम्मान आपके लिए पूरी तरह से योग्य हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र प्रस्तुत करना चाहता हूं। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। नामांकन पत्र प्राप्त करने के बाद, ट्रंप ने जवाब दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मुझे नहीं पता था- वाह, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। नामांकन पत्र प्राप्त करने के बाद ट्रंप ने



आश्चर्य व्यक्त किया और नेतन्याहू का आभार जताया। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए अप्रत्याशित था। खास तौर पर आपसे यह सुनना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डिनर मीटिंग की शुरुआत में ट्रंप ने नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा की मेजबानी करना सम्मान की बात बताया और उन्हें पुराना दोस्त बताया और उनकी साझा सफलता की प्रशंसा की। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, बीबी (बेंजामिन नेतन्याहू) और सारा का हमारे साथ होना सम्मान की बात है। वे लंबे समय से मेरे दोस्त हैं और हमने साथ मिलकर बहुत बड़ी सफलता हासिल की है और मुझे लगता है कि भविष्य में यह और भी बड़ी सफलता होगी। नेतन्याहू ने ट्रंप के नेतृत्व को मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विशेष रूप से ट्रंप द्वारा पिछले महीने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों की अनुमति देने और अब्राहम समझौते जैसे ऐतिहासिक कदमों का उल्लेख किया। नेतन्याहू ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही कई बड़े अवसरों को साकार किया है। उन्होंने अब्राहम समझौते को संभव बनाया और अब वह एक के बाद एक क्षेत्र में शांति की नींव रख रहे हैं।

**रईसजादों की कहानी** | **जुकरबर्ग, स्टीव, मस्क, लॉरेन और बिल गेट्स बन चुके हैं अरबपति**

## अच्छा आइडिया और उसे साकार करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है कामयाबी का आधार

**नई दिल्ली।** कई लोग डिग्री के बिना भी अपनी प्रतिभा, मेहनत और जुनून के बल पर कई सफलताएं हासिल करते हैं। मार्क जुकरबर्ग, स्टीव जॉब्स, एलन मस्क, राल्फ लॉरेन और बिल गेट्स जैसे दिग्गजों ने कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि दुनियाभर में नाम और अरबों की संपत्ति के मालिक भी बने। टेक्नोलॉजी, फैशन और इंटरपेंरुटशिप जैसे क्षेत्रों में क्रांति लाकर इन्होंने साबित कर दिया है कि फॉर्मल एजुकेशन से ज्यादा जरूरी है अवसरों को भुनाने की क्षमता। यह बात सही है पढ़ाई करना जरूरी है, लेकिन थ्योरेटिकल नॉलेज के साथ ही प्रैक्टिकल अनुभव भी बहुत मायने रखता है। असफलता या शिक्षा का अभाव ग्रोथ में बाधा का कारण नहीं है लेकिन आपके पास अच्छा आइडिया हो और उसे साकार करने की ललक भी हो तो रिस्क लेकर इनोवेशन के जरिए दुनिया बदल सकते हैं। बता दें माइक्रोसॉफ्ट के को फाउंडर बिल गेट्स ने 1975 में पॉल एलन के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। आज उनकी संपत्ति करीब 132.9 अरब डॉलर यानी करीब 11 लाख करोड़ रुपए है। 13 साल की उम्र में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग शुरू करने वाले बिल गेट्स ने हार्वर्ड छोड़कर माइक्रोसॉफ्ट पर फोकस किया, जिसने पर्सनल कंप्यूटिंग की दुनिया को ही बदल कर रख दिया। वहीं एपल के को फाउंडर



स्टीव जॉब्स ने स्टेपरेन ग्रेरे वॉजनिक के साथ मिलकर एपल को दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बना दिया। उनकी मृत्यु 2011 में हुई थी उस समय उनकी संपत्ति करीब 7 अरब डॉलर थी। स्टीव जॉब्स ने रुपयों की कमी के कारण कॉलेज की पढ़ाई छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने अपने गैरेज से एपल की शुरुआत की। मार्क जुकरबर्ग फेसबुक (अब मेटा) के संस्थापक और सीईओ, मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 2024 में करीब 177 अरब डॉलर यानी करीब 15 लाख करोड़ रुपए थी। साल 2004 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से फेसबुक शुरू करने वाले मार्क जुकरबर्ग ने इसे फुल टाइम बनाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी थी। आज फेसबुक दुनिया का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्क है। टेस्ला, स्पेसएक्स और न्यूरालिंक के संस्थापक एलन मस्क की संपत्ति 2024 में करीब 250 अरब डॉलर यानी करीब 21 लाख करोड़ रुपए थी। एलन मस्क ने कनाडा से अमेरिका जाकर पढ़ाई की लेकिन जिप2 और बाद में स्पेसएक्स और टेस्ला जैसे इनोवेशंस के लिए उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई बीच में छोड़ दिया था।

पोलो राल्फ लॉरेन के संस्थापक राल्फ लॉरेन की संपत्ति करीब 9.3 अरब डॉलर यानी 78,000 करोड़ रुपए है। सेना में सेवा के बाद राल्फ लॉरेन ने फैशन की दुनिया में कदम रखा और बिना डिग्री के एक ग्लोबल फैशन साम्राज्य तैयार किया।

# जिलाधिकारी ने जनपद में वृहद् वृक्षारोपण अभियान-2025 की सफलता हेतु किया वृक्षारोपण स्थल का निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने बायो डायवर्सिटी पार्क एवं वन विभाग द्वारा तैयार की गई नर्सरी का किया स्थलीय निरीक्षण



**समय जगत झांसी।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनपद में आगामी 09 जुलाई 2025 को वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल बनाने के दृष्टिगत मुख्य कार्यक्रम स्थल बीएचईएल के समीप वृक्षारोपण की तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने प्रभागीय वनाधिकारी से जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य 99.516 लाख पौधों को रोपित किये जाने के सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा पौधों के उठान एवं अन्य तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुये विभागीय अधिकारियों से आज तक किये गये पौधों के उठान के बारे में विभागवार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि 09 जुलाई 2025 को वन विभाग सहित सभी विभागों द्वारा एक ही दिन में वृक्षारोपण करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरुप वृक्षापोपण का महत्व एवं स्वस्थ जीवन शैली में वृक्षों की उपयोगिता बताते हुये उपस्थित अधिकारियों को पूरे उत्साह एवं सामाजिक सहभागिता के साथ शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कराते हुये लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने सभी विभागध्यक्षों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वृक्षारोपण की कार्य दिनांक 09 जुलाई 2025 को करते हुए उसकी जियो टैगिंग करने के निर्देश दिया। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ सामाजिक वानिकी के प्रोत्साहन हेतु नगर पालिका क्षेत्रों, नई सड़कों के निर्माणोपरान्त किनारों पर वृक्षारोपण, मनरेगा द्वारा कराये जा रहे कार्यों, तालाबों, गोशालाओं आदि के आस-पास के वातावरण को हरा-भरा एवं सौन्दर्यीकृत करने हेतु पूरे वर्ष वृक्षारोपण कराते रहने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

मुख्य कार्यक्रम स्थल के निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी श्री नीरज कुमार आर्य द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2025-26 में वृहद वृक्षारोपण अभियान-2025 हेतु जनपद में कुल 9951686 पौधे रोपित किये जाने है, जिसमें 4868184 पौधो का रोपण वन विभाग द्वारा किया जाएगा। शेष सभी अन्य विभागों विभागों जैसे ग्राम विकास, राजस्व, पंचायती, आवास विकास, औद्योगिक विकास, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, उद्योग, विद्युत, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, श्रम परिवहन, उद्यान सहित अन्य विभागों को पौधो का रोपण अभियान चला कर किया जाना है।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में मा0 जनप्रतिनिधिगणों को इसकी सूचना के साथ आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता को प्राथमिकता दी जाए तथा '''एक पेड़ माँ के नाम-2.0''' थीम पर रोपित किये जाने वाले पौधों को अभियान के रूप में चलाने हेतु जनपद के युवा वर्गो का विशेष तौर पर सहयोग लिया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री जुनैद अहमद, प्रभागीय वनाधिकारी श्री नीरज कुमार कुमा आर्य सहित डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आकाशवाणी छतरपुर में बुन्देली लोक संगीत के निर्णायक मण्डल में हरगोविन्द कुशवाहा नामित



**समय जगत झांसी।** अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ उ0प्र0 के कार्यवाहक अध्यक्ष/राज्य मंत्री श्री हरगोविन्द कुशवाहा के निजी सचिव मिथलेश कुमार कुशवाहा ने सूचित किया है कि श्री कुशवाहा जी को आकाशवाणी छतरपुर के उपमहानिदेशक (कार्यक्रम पश्चिम) के द्वारा दिनाँक 17-03-2025 से तीन वर्ष के लिये निर्णायक मण्डल में नामित किया गया है।इससे श्री कुशवाहा पूरे बुन्देलखण्ड के संगीत कलाकारों के चयन में अपना निर्णय लेंगे। उनके नामित होने से समस्त बुन्देलखण्ड के संगीत प्रेमी और कलाकारों में हर्ष व्याप्त है।

## जताया शोक

**गुरसरांय।** शिव सत्संग समिति टीचर्स कॉलोनी में शोक सभा पं कृष्णकुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें समिति के सदस्य रामकुमार व्यास उल्दन वालों के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# बुंदेलखंड महाविद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन 12 को : प्रदीप सरावगी

## बी.के.डी. में आज होगा वृक्षारोपण : विवेक बाजपेयी



**समय जगत झांसी।** बीके डी कॉलेज पहली बार अपना स्थापना वर्ष एवं पुरातन छात्र सम्मेलन करने जा रहा है। जिसमें हम कॉलेज के प्रारंभिक 7 छात्रसंघ अध्यक्षों का सम्मान करने जा रहे हैं एवं 75 वर्ष की आयु से ऊपर के पूर्व अध्यापकों/प्रोफेसरों/प्राचार्यों का भी सम्मान करेंगे। इसके साथ-साथ विभिन्न क्षेत्र की विभूतियों का भी सम्मान करेंगे एवं कॉलेज की प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करने हेतु मेघावी छात्र/छात्राओं का सम्मान करेंगे। हम सभी पुरातन छात्रों ने मिलकर एक पुरातन छात्र समिति का गठन शासन की मंशानुसार किया है जिसमें संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य एवं सामान्य सदस्य भी बनाए हैं। उक्त समिति के माध्यम से सबसे पहला कार्यक्रम 12 जुलाई 2025 को बुन्देलखण्ड कॉलेज का स्थापना वर्ष एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह करने जा रहे हैं। आगे भी समिति कॉलेज की प्रगति एवं छात्र-छात्राओं की उन्नति के लिए कार्य करती रहेगी। हमारा प्रयास होगा कि कॉलेज के सभी छात्र/छात्राओं को आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने के समान अवसर मिले, अर्थ के अभाव में भी कोई प्रतिभा पीछे ना छूट जाए। शिक्षा के साथ-साथ खेल, संगीत, साहित्य, कला आदि सभी क्षेत्रों में कॉलेज के छात्र/छात्रा आगे बढ़ें और कॉलेज का नाम रोशन करें।

इसके लिए जो भी प्रयास करने पड़ेंगे किए जाएंगे। कॉलेज की प्रगति में रुकावट बना कोठारी भवन जिसमें चुनाव आयोग का ताला पड़ा हुआ है को खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि कोठारी भवन में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारम्भ की जा सकें और परीक्षायें भी आयोजित की जा सकें। इस सम्बन्ध में हम लोग डीएम साहब से मिले थे उन्होंने उसे शीघ्र खाली करवाने का आश्वासन दिया था, जिस पर कार्यवाही भी शुरू हो गई है। कार्यक्रम में सबसे पहले 11रू00 बजे से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समिति के संरक्षक मण्डल द्वारा 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में पधारे सभी छात्र/छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।पत्रकार वार्ता में मुख्य संरक्षक प्राचार्य प्रो. एस.के. राय, अध्यक्ष प्रदीप सरावगी, सचिव विवेक बाजपेयी, डॉ.सुदर्शनशिवहरे, डॉ. अरविन्द सिंह परमार, डॉ. मनमोहन मनु, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नन्दकिशोर भिलवारे, श्रीमती नीलू साहू, हरीश लाला, ओ पी यादव, रवीश त्रिपाठी, अनिल रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण में

# झांसी रेंज ने वर्ष में चौथी बार प्राप्त किया प्रथम स्थान



**समय जगत झासूी।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (प्ळै) में माह जून 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री केशव कुमार चौधरी महोदय द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह जून 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- जून 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने वर्ष में चौथी (04) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है साथ ही परिक्षेत्र के जनपद ललितपुर ने भी उत्तर प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया डी.आई.जी. महोदय द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./सीसीटीएनएस उ0नि0 श्री राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर श्री विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ललितपुर को आई.जी.आर.एस. शाखा, ललितपुर में कार्य कर रहे अधिकारी एवं कर्मचारीगण के उत्साहवर्धन हेतुनगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### जालौन पुलिस की मेजबानी में आयोजित होने वाली

# 28वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर प्रतियोगिता-2025 का हुआ शुभारंभ





**समय जगत झांसी** मुख्य अथिति पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री केशव कुमार चौधरी महोदय द्वारा जनपद जालौन की मेजबानी में आयोजित होने वाली 28वीं पुलिस अन्तरजनपदीय कानपुर जोन की पुलिस (महिला/पुरूष) जूडो कलस्टर, (जूडो, वुशू, ताइक्वान्डो, कराटे एवं पेंचक सिलेट) प्रतियोगिता-2025 का शुभारम्भ किया गया। महोदय द्वारा सर्वप्रथम कानपुर जोन कानपुर से आयी सभी टीमों के कोच से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया तथा सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

उपरोक्त प्रतियोगिता में कानपुर जोन कानपुर के जनपद झाँसी, जालौन, ललितुपर, औरैया, इटावा, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फत्तेहगढ़ की कुल 09 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। यह प्रतियोगिता दिनांक 08 जुलाई से प्रारम्भ होकर 10 जुलाई तक आयोजित की जायेगी जिसमें प्रतिभागी अपने जनपद की टीम हेतु बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करेगें। 10 जुलाइको खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रतियोगिता में प्राप्त अंको के आधार पर विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी कालपी श्री अवधेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कोंच श्री परमेश्वर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी जालौन श्री शैलेन्द्र वाजापेई सहित टीमों के कोंच आदि अन्य पुलिस अधिकारी कर्माचारीगण मौजूद रहे।

# श्री आदिनाथ भक्तांमर मंडल करगुवां जी का हुआ गठन



**समय जगत झांसी।** दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र करगुवा जी स्थित चौबीसी में पिछले डेढ़ बरस से प्रत्येक रविवार को भक्तांमर महाकाव्य का आयोजन 48 दीपों को जलाकर रिद्धि सिद्धि मंत्रो के द्वारा किया जा रहा है एवं जो जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव के जन्म कल्याणक से लेकर जैन धर्म के अंतिम एवं चौबिस मे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर के जन्मकल्याण तक प्रतिदिन होता आ रहा है 'उसको आज श्री आदिनाथ भक्तांमर मंडल के नाम से गठन किया गया है'जिसमें संरक्षक मंडल में शिरोमणि संरक्षण एडवोकेट शिरोमणि जैन संरक्षक राजेंद्र जैन प्रेस वाले संजय जैन तालबेहट सुधीर जैन ईलाइट टॉकीज जितेंद्र जैन सीपरी बाजार राजीव जैन अहिंसा बीरेंद्र जैन नोएडा सुनील जैन दाऊ विनोद जैन ठेकेदार संजय जैन मनोज जैन अछरौनी नवीन जैन पाडरा रवि कंधारी विजय जैन वीरांगना नगर अशोक जैन जैनिथ राजकुमार जैन बाबा फूलचंद जैन मयूर विहार अमित जैन को संरक्षक मनोनीत किया गया है एवं एक वर्ष की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया जिसमें 'अध्यक्ष' श्री राजेंद्र जैन बिजना वाले वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमित जैन नारायण बाग वाले उपाध्यक्ष श्री कुलदीप जैन श्री सत्यजीत जैन श्री आरके जैन रेलवे श्री सिद्धार्थ जैन कोषाध्यक्ष, श्री संतोष जैन जल निगम 'महामंत्री' श्री संजय जैन छतरपुर मंत्री अंकित जैन दीपक जैन वैध संगठन मंत्री सनद जैन लाला प्रचार मंत्री विकास जैन अजय जैन सदस्य रौनक जैन सुनील जैन पटेरा स्वप्निल जैन दीपक जैन धीरू जैन शगुन जैन एवं 'महिला मंडल' का गठन भी साथ में ही किया गया जिसमें संरक्षक मंडल में श्रीमती कल्पना जैन श्रीमती सरोज जैन श्रीमती इंदिरा जैन बिजना श्रीमती प्रभा जैन जलनिगम श्रीमती उषा जैन नोएडा श्रीमती हर्षा जैन श्रीमती किरण जैन 'अध्यक्ष' श्रीमती प्रीति शिरोमणि जैन 'महामंत्री' श्रीमती इंद्रा जैन वीरांगना नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती श्वेता जैन उपाध्यक्ष श्रीमती शैली जैन मंत्री श्रीमती आरती जैन प्रचार मंत्री श्रीमती रेखा जैन छतरपुर को बनाया गया।

सदस्य के रूप में श्रीमती ज्योति जैन वैध श्रीमती स्वाति जैन श्रीमती कामना जैन श्रीमती रेखा जैन श्रीमती रानी जैन श्रीमती मेघा जैन श्रीमती प्रेरणा जैन श्रीमती ज्योति जैन बघेरा इस अवसर पर निम्न लोक उपस्थित रहे श्री रजनीश जैन वैभव जैन अनिल जैन श्री प्रवीण जैन कासलीवाल धर्मेंद्र जैन सिद्धांत जैन अवनीश जैन आदि रहे कार्यक्रम का संचालन श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षैत्र करगुवा जी मंत्री शिरोमणि जैन एडवोकेट ने किया और अंत में सभी का आभार नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री राजेंद्र जैन बीजना एवं संजय जैन छतरपुर ने संयुक्त रूप से किया।

# सेवा ही मानव की मूलछायाप्रति है जो उसके मानव होने को प्रमाणित करती है : हर्ष जैन



**समय जगत झांसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला झांसी पूरब द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस और विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस की पूर्व बेला पर जिला अस्पताल में विभिन्न वार्डो के मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किए गए और मानवता का संदेश दिया प्रदेश मंत्री शिवा राजे बुंदेला ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का एकमात्र छात्र संगठन है जो विद्यार्थियों के बीच में समाधान का वाहक बनाकर विद्यार्थियों में नैतिक गुणों को विकसित करता है साथ ही साथ एक अच्छा नागरिक बनाने में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करके राष्ट्र भक्त बनता है प्रदेश सह मंत्री हर्ष जैन ने कहा विद्यार्थी परिषद ने सेवा गुण को विकसित करने हेतु सेवार्थ विद्यार्थी आयाम बनाया जो समाज के हर क्षेत्र में युवाओं को जोड़कर जहां कम वहां हम इस भाव से सेवा कार्यो को बढ़ाया और समाज को सेवा ही परमोरू धर्मरू का संदेश दिया विद्यार्थी परिषद् का कार्यकर्ता आपदा के समय सदैव अग्रसर मिलेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक पूरब फिरोज खान,महानगर मीडिया सह संयोजक शिवम त्रिवेदी, हंसारी नगर सह मंत्री दिव्यांश,अभिषेक साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुरुपूर्णिमा पर संगीत गोष्ठी एवं गुरुपूजन कल

**समय जगत गुरसरांय।** गुरुपूर्णिमा उत्सव पर संगीतगुरु पं परशुराम पाठक के शिष्यों द्वारा गुरुपूजन एवं संगीत गोष्ठी का आयोजन मैहर घराने की गुरुकुल पीठ माँ शारदा संगीत विद्यालय टीचर्स कॉलोनी गुरसरांय में 10 जुलाई को दोपहर 12 से होगा।उक्त जानकारी पं. सरजू शरण पाठक सितारवादक ने दी।

# प्राथमिक पाठशाला नदीपार कटरा में हुआ पुस्तक वितरण समारोह



**समय जगत मऊरानीपुर ।** प्राथमिक पाठशाला नदीपार कटरा नगर क्षेत्र मऊरानीपुर में पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सौरभ भार्गव नगर अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ मऊरानीपुर एवं विशिष्ठ अतिथि मनोज कुशवाहा पूर्व पार्षद रहे। जिनके द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसके तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका सहित छात्र/छात्राओं ने मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सौरभ भार्गव नगर अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ मऊरानीपुर एवं विशिष्ठ अतिथि मनोज कुशवाहा पूर्व पार्षद का तिलक लगाकर, माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीरज गुप्ता ने अतिथियों को अंग वस्त्र और श्रीफल देकर सम्मान किया। इसी के चलते मुख्य अतिथि सौरभ भार्गव नगर अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ मऊरानीपुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज मुझे जो विधालय परिवार ने अतिथि के रुप में आमंत्रित किया उसके लिये विधालय परिवार का बहुत बहुत आभार व बच्चों को मेहनत और लगन से पढाई करने और शिक्षा ग्रहण करने के लिये जागरुक किया। वही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी के चलते पुस्तक वितरण समारोह का शुभारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सौरभ भार्गव नगर अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ मऊरानीपुर के कर कमलों से छात्र/छात्राओं को पुस्तक वितरित की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों एवं विधालय व्यवस्थाओं की सराहना की। मुख्य अतिथि से बातचीत करके एवं पुस्तकें पाकर बच्चे अति प्रसन्न हुये।

इस मौके पर प्रधानाध्यापिका नीरज गुप्ता, प्रबंध समिति अध्यक्ष चंद्रभान सोनकर, गोपाल कुशवाहा, आनंद श्रीवास, अनिल गुप्ता ,सुमन कुमारी, महेश कुशवाहा, जगन्नाथ, काशीबाई, ज्ञानदेवी एवं समस्त अभिभावक जन उपस्थित रहे। अन्त में प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीरज गुप्ता ने आभार व्यक्त किया

# अम्बरीष गौतम प्रकरण में कांग्रेस का प्रतिनिधि मण्डल कुलपति से मिला



**समय जगत झांसी।** आज कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मण्डल पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति श्री मुकेश पांडे से मिला और विगत दिनों बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में निलंबित चल रहे जूनियर इंजीनियर अंबरीश गौतम की मृत्यु के प्रकरण की सीबीआई जांच करने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि बुंदेलखंड विद्यालय में पूर्व में तैनात और अभियंता अंबरीश गौतम बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ रहे थे इसी बीच उनकी मृत्यु संदेश के घेरे में हैं क्योंकि पूर्व में स्वयं अंबरीश गौतम के द्वारा ही अपनी हत्या किए जाने का शक जाहिर किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के लोगों को उचित मुआवजा राशि के साथ-साथ दया आधार पर नियुक्ति भी किया जाना चाहिए। इसके अलावा उक्त भ्रष्टाचार प्रकरण के संबंध में समस्त पत्रावली एकत्रित कर सीबीआई जांच के लिए प्रदेश सरकार से मांग करें।इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा ने कहा कि बुंदेलखंड प्रशासन उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच चाहता है तो सीबीआई अथवा मजिस्ट्रियल जांच के लिए सरकार को पत्र लिखें। अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस उक्त प्रकरण के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिये बाध्य होगी इस अवसर पर डा . विजय भारद्वाज ने कहा कि यदि डिप्रेशन मृत्यु का कारण है तो यह जानना अति आवश्यक है कि डिप्रेशन के कारण मृत्यु नहीं होती बल्कि डिप्रेशन मृत्यु का कारण बन सकता है इसलिए अम्बरीष गौतम की हत्या की ओर शक होना लाजमी है और न्यायिक जांच की आवश्यकता है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री राम बिलगैया ने कहा कि यदि उपरोक्त बिंदुओं पर विचार नहीं किया गया तो कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क पर ले जाने के लिए मजबूर होगी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल शहर उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि श्री अंबरीश गौतम लगातार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने में लगे थे जिस कारण उन्हें 5 बार निलंबित भी किया जा चुका था।

प्रतिनिधि मंडल में शामिल सभी सदस्यों ने कहा की यदि उपरोक्त बिंदुओं पर विचार नहीं किया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पांडे ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई कर मृतक के परिजनों को यथा संभव मदद की जाएगी तथा निष्पक्ष जांच हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन परिजनों के साथ खड़ा है।

# श्री त्रिपुर सुंदरी आश्रम राजगढ़ पर कल होगा गुरुपूर्णिमा महोत्सव

**समय जगत झाँसी ।** त्रिपुर सुंदरी आश्रम राजगढ़ पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा व आश्रम पर चल रहे महानुष्ठान का 9 जुलाई को समापन होगा और 10 जुलाई को प्रातः काल से ही भव्य रूप में गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा और प्रातः काल 4 बजे से पूज्य गुरुजी वेदज्ञ आचार्य रामेश्वर दास शास्त्री पूजन-अर्चन करेंगे साथ ही 6 बजे से भक्त एवं शिष्य गुरु पूजन करेंगे और गुरुजी सभी भक्तों को आशीर्वाद देंगे पूरे दिन गुरु पूजन महोत्सव चलेगा आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव की बैठक आश्रम पर सम्पन हुई जिसमें सभी तैयारियो पर चर्चा हुई व मुख्य रूप से रामस्वरूप पांडेय,पुरुषोत्तम पांडेय,सदानंद पांडेय,वरुण ,देवांशु पांडेय , अरुण आदि उपस्थित रहे व बैठक का संचालन पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया व अंत में आभार संदीप साहू नगरा ने किया।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैने अपने पुत्र राज अहिरवार एवं राज अहिरवार की पत्नी भावना अहिरवार ने घर का माहौल बिगाड कर रखा हुआ हैं। कई बार समझाने के बाबजूद ये दोनो अपने मन के अनुसार कार्य कर रहे है, जिसके कारण मैं लक्ष्मी , राज अहिरवार की मां अपनी चल अचल सम्पत्ति से राज अहिरवार और उसकी पत्नी भावना अहिरवार को बेदखल करती हूँ। भविष्य में मेंरी सम्पत्ति पर सिर्फ मेरा अधिकार है, न की पुत्र राज अहिरवार एवं उसकी पत्नी का है।

**श्रीमती लक्ष्मी**
**पत्नी स्व. शंकरलाल**
**निवासी- 1951, न्यू नालगंज अत्री गार्डन सीपरी बाजार झांसी।**

# दिल्ली में अब और सस्ती होगी बिजली

## बिना खर्च किए छत पर लगेगा सोलर प्लांट, सीएम रेखा ने की शुरुआत



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अब बिजली बिल्कुल ही सस्ती हो ने जा रही है। मुफ्त बिजली योजना-स्टेट टॉप-अप नामक योजना शुरू की है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना की मदद से दिल्ली के नागरिकों को बिना किसी अग्रिम लागत के सौर ऊर्जा की सुविधा मिलेगी। दिल्ली वाले केवल अपनी छत उपलब्ध करवाकर सौर ऊर्जा की सुविधा हासिल कर सकते हैं। इस योजना में शामिल होने के लिए कोई अग्रिम लागत नहीं लगेगी और कोई पूंजी निवेश नहीं करनी होगी, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होगी। इसकी मदद से दिल्लीवालों को सस्ती बिजली की सुविधा मिल सकेगी। सरकार ने आरईएससीओ/यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल के तहत पूरी राजधानी में रूफटॉप सोलर लगाने की व्यापक शुरुआत की है। यह पहल केंद्र सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा- निर्देशों के अनुरूप है। इसे दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग संचालित कर रहा है। सौर ऊर्जा को लेकर दिल्ली सरकार ने पहले से ही पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना-स्टेट टॉप-अप नामक योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस योजना की मदद से दिल्ली के नागरिकों को बिना किसी अग्रिम लागत के सौर ऊर्जा की सुविधा मिलेगी। इस मॉडल के तहत अब दिल्लीवाले अपने घरों या संस्थानों पर बिना किसी पूंजी निवेश के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं। उपभोक्ता को केवल अपनी छत उपलब्ध करानी होगी, जहां सोलर प्लांट लगाया जाएगा। इंस्टॉलेशन का कार्य उन डिवेलपर्स करेंगे। इन्हें संबंधित बिजली कंपनी नियुक्त करेगी। आरईएससीओ कंपनी उपभोक्ता की संपत्ति पर सौर पैनल स्थापित करती है और उसका प्रबंधन करती है। उपभोक्ता केवल उपयोग की गई बिजली के लिए भुगतान करता है। इस मॉडल में उपभोक्ता को सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के लिए कोई अग्रिम निवेश नहीं करना पड़ता है। यूटिलिटी-लेड एग्रीगेशन एक मॉडल है जिसमें बिजली वितरण कंपनियां घरों की छतों पर सौर ऊर्जा सिस्टम स्थापित करती हैं। इस योजना के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। अगले तीन वर्षों में 2.3 लाख घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने दावा किया कि हर छत एक बिजलीघर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे हर नागरिक स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य का भागीदार बन सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा घरेलू एवं गैर-घरेलू दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को संबंधित डिस्कॉम्स के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही सौर ऊर्जा की आपूर्ति डीईआरसी के तरफ से जारी मौजूदा सप्लाई कोड विनियमों के अंतर्गत संचालित होगी। इससे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रहेंगे। यह पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना का प्रमुख हिस्सा है। सीएम ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना पर 30 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी (10,000 रुपये प्रति किलोवाट) पहले ही मंजूर की जा चुकी है। इससे कुल उपलब्ध सब्सिडी 1.08 लाख रुपये हो गई है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर पुताई कर रहा श्रमिक झुलसा



**गाजियाबाद।** कौशांबी थानाक्षेत्र के वैशाली सेक्टर दो एफ निवासी नौशाद के फ्लैट के बाहर पुताई कर रहे पेंटर बंटी 33 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गए। करंट से झुलसे बंटी काफी देर तक हवा में रस्सी के सहारे झूलते रहे। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने नीचे उतारा और जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज शुरू होने के करीब चार घंटे बाद बंटी की हालत में सुधार हुआ और उन्हें घर भेज दिया गया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि वैशाली सेक्टर दो में नौशाद नाम के व्यक्ति रहते हैं। उनके घर पर पुताई करने का काम ठेके पर प्रकाश नाम के पेंटर ने लिया था। बंटी सोमवार को दूसरी मंजिल पर पुताई कर रहे थे। इस दौरान बंटी का पैर सोसायटी के बाहर से जा रही 33 हजार केवी की बिजली लाइन से टकरा गया। वह करंट की चपेट में आकर झुलस गए। हादसे की सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से श्रमिक को नीचे उतारा और दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज शुरू होने के करीब चार घंटे बाद उसे घर भेज दिया गया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की हालत अब खतरे से बाहर है। चिकित्सकीय सलाह के बाद उसे घर भेज दिया गया है।

## सार-समाचार

### अलग- अलग जगहों पर फंदे से लटके मिले तीन शव

**गुरुग्राम।** जिले में अलग-अलग जगहों पर तीन लोगों के शव फंदे पर लटके मिले हैं। आईएमटी मानेसर क्षेत्र में फंदा लगाने वाली महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुटी है। शिवाजी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात खांडसा मंडी स्थित फलों की दुकान की दूसरी मंजिल पर लगे पंखे से फंदा लगाकर युवक की आत्महत्या कर ली। मृत युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। सोनू दुकान के ऊपर ही रहता था। सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में अलियर गांव में रविवार रात मधुबनी (बिहार) के दुधेल गांव निवासी अनिल ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अनिल कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। वह मानेसर की एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।

### गंदे पानी की आपूर्ति से लोग हैं परेशान

**गुरुग्राम।** शहर के कुछ हिस्सों में गंदा तो कुछ हिस्सों में बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। गंदे पानी की आपूर्ति की वजह बारिश में जलभराव और कई जगह पाइप लाइन में लीकेज को बताया जा रहा है। राजेंद्रा पार्क की निवासी रूपा पटेल, पुष्पा, रुमी, रश्मि, मीरा, संजना, बेबी और डिंपल ने सूचना दी है कि सोमवार की सुबह राजेंद्र पार्क के एफ ब्लॉक में काफी गंदा और बदबूदार पानी आपूर्ति किया गया। यह पानी पीने की बात छोड़ दीजिए बर्तन धोने और घर के अन्य कार्यों के लायक भी नहीं है। सेक्टर चार के लोगों ने भी शिकायत की है कि पिछले दो दिनों से सेक्टर में मिट्टी युक्त गंदा पानी आ रहा है। सेक्टर निवासी गुड़िया, सुनीता, कविता आदि ने बताया कि इस पानी से किचन का काम नहीं किया जा सकता है। घर में लगी आरओ मशीन के फिल्टर इस गंदे पानी के कारण खराब हो रहे हैं। निवासियों ने नगर निगम से समस्या के शीघ्र समाधान की गुजारिश की है।

### कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मध्य प्रदेश जिला इकाई मैहर का किया गया गठन



**समय जगत, मैहर।** भारतीय मजदूर संघ जिला मैहर द्वारा कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मध्य प्रदेश जिला इकाई मैहर का गठन श्रीमान रणछोड़ सिंह प्रदेश महामंत्री कृषि एवं ग्रामीण संघ मध्य प्रदेश हनुमत एवं अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी की बैठक में किया गया इस अवसर पर विभाग प्रमुख मंगल लाल वाल्मीकि विभाग प्रमुख प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवेंद्र मिश्रा जिला अध्यक्ष कैलाश कछवाह जिला मंत्री मनोज शुक्ला सहित भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई मैहर के समस्त दायित्व पदाधिकारी की उपस्थिति में कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मध्य प्रदेश जिला इकाई मैहर की घोषणा की गई जिसमें नीलेंद्र प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पटेल कार्यवाहक अध्यक्ष राजभान कुशवाहा महामंत्री मंगलदीनपटेल कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता राम भजन साकेत संजय सिंह उपाध्यक्ष सुनील पटेल अंकुर सिंह अवसर सिंह समय लाल सिंह मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा संगठन मंत्री विनय सोधिया विधि परामर्शदाता नाथू कुशवाहा दिलीप सिंह अमर सिंह बघेल उपेंद्र सिंह बघेल भूपेंद्र सिंह रमेश सिंह जितेंद्र पटेल रवि पटेल शिवकुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य दायित्वों की घोषणा की गई इकाई द्वारा किसान एवं मजदूरों के हित रक्षक के रूप में कार्य करेंगे साथ ही मैहर जिले के समस्त ब्लॉकों में किसानों एवं मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर प्रयास किया जाएगा प्रत्येक विकासखंड एवं गांव में कृषि एवं मजदूर ग्रामीण महासंघ की इकाइयों का गठन एवं विस्तार किया जाएगा।

### कलेक्टर- एडीएम ने की जन सुनवाई



**समय जगत, मैहर/सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत शांडिल्य, डिप्टी कलेक्टर श्री एलआर जांगड़े तथा श्री बीके मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से आए आवेदकों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

## वार्ड 14 में साफ- सफाई नहीं होने से लोग हैं परेशान, वरिष्ठ अधिकारी ध्यान देकर समस्या का करें त्वरित समाधान



**समय जगत, भोपाल।** राजधानी भोपाल के वार्ड क्रमांक 14 के जोन-5 अंतर्गत बाग मुफ्ती साब इलाके में साफ- सफाई नहीं होने से जगह- जगह गंदगी फैली हुई है। जिसके चलते बरसात के इस मौसम में वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वैसे तो भोपाल नगर निगम में सफाईकर्मी बड़ी संख्या में हैं तथा इस काम में पैसा भी काफी खर्च होता है लेकिन इसके बावजूद वार्ड 14 के इस बाग मुफ्ती साब इलाके की साफ- सफाई व्यवस्था इतनी लचर होने पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सफाई व्यवस्था से जुड़े कारिंदों की इस लापरवाही पर सख्त ऐक्शन की दरकार है। भोपाल नगर निगम आयुक्त सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों व भोपाल जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से इस समस्या के त्वरित समाधान की अपेक्षा जताई गई है।

## पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ट्रेन की एसी कोच में यात्रियों के बैग चुराने वाले अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाश अमित कुमार (37), करन कुमार (27), गौरव (33) और पुनित महतो (38) को रेलवे पुलिस ने दबोचा है। चारो आरोपी बिहार के बेगुसराय और वैशाली के रहने वाले हैं और वहां से दिल्ली चोरी करने आते थे। पूछताछ में पता चला कि यहां रेलवे स्टेशन के पास होटल में खुद को कारोबारी बताकर रुकते थे और वारदात को अंजाम देकर वापस अपने-अपने गांव लौट जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 बैग बरामद किए। पुलिस की माने तो आरोपी 100 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। रेलवे पुलिस उपायुक्त केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि तीन जुलाई को माता वेष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस में ए-1 कोच से पांच बैग चोरी होने की सूचना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। आरोपियों की पहचान होने पर पुलिस उन्हें तलाशते हुए पहाड़गंज के होटल क्रिस्टल पहुंची। पुलिस ने दबिश देकर अमित, गौरव और करन को दबोच लिया। इनके पास से अलग-अलग तरह के कुल 12 बैग और दो मोबाइल फोन के साथ ही 47 हजार कैश बरामद हुए। चौथे आरोपी पुनीत को आनंद विहार रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। इसके पास पुलिस को चार बैग मिले। पुनित के खिलाफ बिहार, राजस्थान और दिल्ली समेत कई राज्यों में इसी तरह चोरी के मामले दर्ज थे। आरोपी बिहार से ट्रेन में सवार होकर दिल्ली आते थे। ट्रेन के एसी कोच इनके निशाने पर रहते थे। तड़के जब लोग गहरी नींद में होते थे यह बैग चुरा लेते थे। सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए काले और नीले बैग ही चोरी किए जाते थे। बाद में रेलवे स्टेशन के मेन गेट के बजाय पीछे वाले गेट से निकलकर पास के होटल पहुंचते थे। खुद को कपड़ा कारोबारी बताकर माल लाने- ले जाने के बारे में होटल वालों को बताते थे। बार-बार नए बैग लेकर आने पर होटल वाले भी इन पर शक नहीं करते थे। कमरे में बैग की तलाशी ली जाती थी। कीमती सामान निकालकर बैग वापस रेलवे स्टेशन पर किसी भी ट्रेन में रखकर आरोपी लौट आते थे। बैग चोरी करने के बाद वह दिल्ली के बॉर्डर एरिया में कमरा किराए पर लेकर बैग छिपा देते थे। बाद में इनसे कीमती सामान निकालने के बाद बैग बेच दिया जाता था।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश कराकर ठगे 45 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** स्वदेश से विदेशी मुद्रा के बदलाव और शेयर ट्रेडिंग में 25 से 30 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर ग्राम मंडोला ट्रोनिका सिटी निवासी सचिन त्यागी से साइबर ठगों ने 45 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली। खाते से धनराशि निकालने की एवज में दो बार रुपयों की मांग की। परेशान होकर पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि सचिन त्यागी के मुताबिक 16 जून को फेसबुक पर उनकी रानी चौधरी नामक युवती से चैट हुई। रानी चौधरी ने उन्हें फारेक्स ट्रेडिंग के विषय में बताया। झांसा दिया कि स्वदेशी मुद्रा को विदेशी मुद्रा में बदलने और शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने पर 25 से 30 प्रतिशत का मुनाफा होगा। इसके बाद दो-तीन दिन लगातार उनसे बात हुई। 18 जून को उन्हें लिंक भेजकर खाता खुलवा दिया। सचिन ने बताया कि 19 जून को उनसे धनराशि ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। उन्होंने कुछ दिन ट्रेडिंग की तो उन्हें मुनाफा भी दिखा। जब उन्होंने रुपये निकालने चाहे तो उनसे 30 प्रतिशत धनराशि टैक्स के रूप में मांगी गई। उनके खाते में 34 लाख सात हजार 905 रुपये का लाभ दर्शाया गया। इसके लालच में आकर उन्होंने 10.22 लाख रुपये टैक्स के नाम पर ट्रांसफर भी कर दिए। इसके बाद जब रुपये निकालना चाहा तो उनसे 25 प्रतिशत धनराशि मांगी गई। परेशान होकर उन्होंने साइबर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एडीसीपी अपराध ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अस्पताल में बच्चे की मौत पर परिजनों ने मचाया हंगामा

### परिजनों का एनआईसीयू विंग के स्टाफ पर लापरवाही का है आरोप




**गुरुग्राम।** सेक्टर 10 स्थित नागरिक अस्पताल में गायनी वार्ड में डिलीवरी के कुछ घंटों बाद ही एक नवजात बच्चे की मौत हो गई। जिससे गुस्साए परिजनों ने एनआईसीयू विंग के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा कर दिया। दौलताबाद गांव निवासी बलवंत कुमार की 32 वर्षीय पत्नी शर्मिला को प्रसव के लिए रविवार शाम नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम करीब चार बजे उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया था। बलवंत ने बताया कि बच्चा को टीका लगाने के कुछ समय बाद बुखार आ गया। वह स्तनपान नहीं कर पा रहा था और दर्द के कारण लगातार रो रहा था। रात करीब 12 बजे उन्होंने स्टाफ को बच्चे की बिगड़ती हालत के बारे में बताया लेकिन स्टाफ ने उन्हें चम्मच से दूध पिलाने की सलाह दी। इसके बावजूद बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं दिखाई दिया। सुबह करीब पांच बजे नवजात ने हरकत करनी बंद कर दी। परिजनों ने इसकी सूचना डॉक्टर को दी लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है। चाइल्ड डेथ रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में डॉ. लोकवीर सिंह, पीएमओ, नागरिक अस्पताल, सेक्टर-10 का कहना है कि बच्चे की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। चाइल्ड डेथ रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत का कारण पता चल पाएगा। अगर कोई दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार




**गुरुग्राम।** मानेसर थाना क्षेत्र में शराब पीते समय हुई कहासुनी के बाद भांजे ने लकड़ी से वार कर मामा बद्रीनाथ (41 वर्ष) निवासी गोंडा (यूपी) की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

मृतक के भाई ने मानेसर थाना में दी शिकायत में बताया कि उनका भाई बद्रीनाथ गुरुग्राम के नाहरपुर कासन गांव में आरा पर काम करता था। रविवार को उसके पास भतीजे का फोन आया कि चाचा बद्रीनाथ (मृतक) फोन नहीं उठा रहा है। जब उसने आरा मशीन पर जाकर देखा तो वहां गेट पर कुंडी लगी हुई थी। जब वह कुंडी खोलकर अंदर पहुंचे तो भाई बद्रीनाथ की बाइक खड़ी थी व बद्रीनाथ वहीं पड़ा था और उसके सिर पर चोट लगी हुई थी। वह ऑटो करके अपने भाई बद्रीनाथ को निजी अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उनके भाई को मृत घोषित कर दिया। बद्रीनाथ के साथ गोंडा के रकुरापुरा निवासी उसका भांजा राहुल उर्फ ननके (20 वर्ष) भी काम करता था। बद्रीनाथ शराब पीने का आदि था। बताया जा रहा है कि राहुल व बद्रीनाथ दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। शराब को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। राहुल ने अपने मामा बद्रीनाथ के सिर पर लड़की से वार कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। मानेसर थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में राहुल उर्फ ननके को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि मृतक बद्रीनाथ आरोपी राहुल उर्फ ननके का सगा मामा था। दोनों आरा मशीन पर मजदूरी का काम करते थे। बीते रविवार की रात को ये दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीते समय दोनों के बीच शराब को लेकर आपस में कहासुनी हो गई और राहुल ने वहीं पर प?ी लकड़ी बद्रीनाथ के सिर में मारकर वहां से भाग गया। जांच अधिकारी बही राम ने बताया कि मृतक के परिजनों की सूचित करके गुरुग्राम बुला लिया गया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। आरोपी भांजे राहुल उर्फ ननके के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने ठगी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस




**नई दिल्ली।** पांच सितारा द अशोका-सम्राट होटल स्थित कार के शोरूम में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की फर्जी रेड में 30 लाख रुपये लूट लिए गए। आरोपियों ने शोरूम मैनेजर अनिल तिवारी को अपनी पहचान ईडी अधिकारी के रूप में दी और उसे बंधक बना लिया। अनिल को कार में ले गए और गुरुग्राम के पास रजोकरी में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी इनके बारे में कुछ भी बताने से बच रहे हैं। हालांकि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों में से एक पुलिस की वर्दी में था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि द अशोका होटल में बेंटले कार का शोरूम है। मैनेजर अनिल तिवारी 20 जून को अपने घर जा रहे थे। उन्हें शांतिपथ-नीति मार्ग गोलचक्कर के पास हंगरी एंबेसी के नजदीक दो आरोपियों ने रोक लिया। इनमें से एक ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी पहन रखी थी। खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए मैनेजर से कहा कि उनके शोरूम में अवैध तरीके से काफी रकम आई है। इसके बाद वे मैनेजर को वापस शोरूम में ले गए। वहां कार की डिग्गी खुलवाकर देखी तो उसमें 30 लाख रुपये रखे थे। आरोपियों ने बैग लिया मैनेजर अनिल को भी साथ ले गए। आरोपियों ने कहा कि ईडी की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद ईडी कार्यालय में आना होगा। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वारदात 20 जून की है, मगर दो जुलाई को चाणक्यपुरी थाना पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरुआती जांच में लग रहा है कि वारदात को तीन से चार आरोपियों ने अंजाम दिया है। साथ ही शोरूम की जानकारी रखने वाले किसी अंदर के व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध है। आरोपियों को कैसे पता लगा कि शोरूम में रकम आई है। चाणक्यपुरी थाना पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ठग अक्सर खुद को सीबीआई, ईडी, आयकर या पुलिस का अफसर बताकर आते हैं। अधिकतर मामलों में डराकर कैश, गहने या ऑनलाइन ट्रांसफर से पैसे वसूले जाते हैं। इनके निशाने पर बड़े कारोबारी, डॉक्टर, रियल एस्टेट के कारोबारी और बुजुर्ग होते हैं। ठग बड़े शातिर होते हैं और होमवर्क इतना जबरदश्त होता है कि ऐसे लोगों को निशाना बनाया जाता है जो पुलिस के पास जाने से बचते हैं। कई बार तो पता चला है कि कई व्यापारी तो गई हुई असल रकम को छुपा जाते हैं। इसकी वजह कहीं आगे उनकी कमाई पर असल ईडी या आयकर की नजर न पड़ जाए। सभी सरकारी अधिकारियों के पास आधिकारिक आईडी और रेड की ऑर्डर कॉपी होती है। कभी भी कैश या ऑन-स्पॉट जमानत नहीं ली जाती। रेड से पहले लिखित सूचना/वारंट जरूरी होता है, खासकर ईडी या सीबीआई के मामलों में। किसी संदेह की स्थिति में तुरंत 100 नंबर या नजदीकी थाने पर कॉल करें। पुलिस विभाग, सीबीआई और ईडी ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई अधिकारी खुद को जांच एजेंसी से बताकर घर या ऑफिस में रेड करता है और सीधे पैसों की मांग करता है, तो उसे तुरंत संदेह के घेरे में लाएं और पुलिस को सूचित करें।

## संपादकीय

# डिजिटल जनगणना से रचेगा इतिहास

देश में इस बार डिजिटल जनगणना होने वाली है। भारत जैसे वृहद प्रजातांत्रिक देश में डिजिटलीकरण का बढ़ता प्रभाव देश की तकनीकी समृद्धि का परिचायक तो है ही। साथ ही वैश्विक दृष्टिकोण से यह देश की बड़ी उपलब्धि भी है। 7 जुलाई 2025 शाम को सरकार से जानकारी आई कि भारत में 2027 में होने वाली जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी,यानें घर बैठे हम खुद जनगणना का फॉर्म मोबाइल या किसी अन्य इंस्ट्रूमेंट पर भर सकते हैं, जिसके लिए सरकार एक पोर्टल लॉन्च करेगी। देश में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी,जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण पॉपुलेशन एनुमरेशन% यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।कब होगी अगली जनगणना जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय,सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। माना जा रहा है कि यह जनगणना तमाम परिस्थितियों के दृष्टिगत देश एवं देश के जनमानस के हितों के दृष्टिगत फायदेमंद रहेगी।

# संतुलित समाज के निर्माण में हो सहायक

**डॉ. सुधीर कुमार**

जब हम लैंगिक समानता की बात करते हैं, तो अक्सर महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तीकरण पर ज़ोर दिया जाता है, जो कि बिल्कुल सही और आवश्यक भी है। लेकिन, इस चर्चा में एक महत्वपूर्ण पहलू अक्सर छूट जाता है- पुरुषों के अधिकार और उन्हें न्याय दिलाने की आवश्यकता। अब हमारे समाज में पुरुषों के अधिकारों और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर भी खुलकर बात होने लगी है। इसी कड़ी में एक पुरुष आयोग बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। पुरुषों का तर्क है कि उनके लिए भी एक ऐसी संस्था होनी चाहिए जो उनकी समस्याओं को सुने और उनका समाधान करे। यह लैंगिक समानता की दिशा में एक कदम है। समाज में लिंग-आधारित रूढ़िवादिता के कारण, पुरुषों को अपनी पीड़ा व्यक्त करने में हिचकिचाहट होती है, जिससे उनकी समस्याएं अक्सर अनसुनी रह जाती हैं। लंबे समय से, घरेलू हिंसा और प्रेम संबंधों में होने वाली क्रूरता को अक्सर महिलाओं से जोड़कर देखा जाता रहा है, जो कि बिल्कुल सही भी है। महिलाएं इन अपराधों का शिकार होती हैं। लेकिन, सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि पुरुष भी इन अपराधों के शिकार हो रहे हैं। कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां प्रेम संबंधों में अनबन या अन्य कारणों से पतियों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। इन घटनाओं में, पुरुषों को न केवल शारीरिक हिंसा का शिकार होना पड़ता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी उन्हें काफी प्रताड़ना झेलनी पड़ती है, और उनके पास मदद या शिकायत दर्ज कराने के लिए कोई खास मंच नहीं है।

झूठे आरोप भी एक गंभीर समस्या है जिससे पुरुष जूझते हैं। दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न या अन्य अपराधों के झूठे आरोप पुरुषों के जीवन को पूरी तरह से तबाह कर सकते हैं, भले ही वे बाद में निर्दोष साबित हो जाएं। यह उनके करिअर, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। वर्तमान कानूनी ढांचे में, ऐसे मामलों में पुरुषों को खुद को निर्दोष साबित करने के लिए अक्सर लंबा और जटिल संघर्ष करना पड़ता है, और उनके लिए कोई विशेष सहायता प्रणाली नहीं है। इसके अलावा, दहेज उत्पीड़न या बलात्कार जैसे कानूनों का कई बार दुरुपयोग होता है, जिसके चलते कई निर्दोष पुरुषों को झूठे मामलों में फंसा दिया जाता है। पारिवारिक विवादों, जैसे तलाक या बच्चों की कस्टडी के मामलों में भी, अक्सर पुरुषों को अलग-थलग महसूस कराया जाता है और उनके पक्ष को कई बार उचित महत्व नहीं मिलता। मानसिक स्वास्थ्य भी एक बड़ा मुद्दा है ; समाज का दबाव पुरुषों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से रोकता है, जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में उन्हें न्याय पाने और अपनी बेगुनाही साबित करने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह उनके करियर, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। यही कारण है कि आत्महत्या के मामलों में भी पुरुषों की संख्या अक्सर अधिक पाई जाती है, जो उनके अंदरूनी संघर्षों को दर्शाती है। ऐसे मामलों में अक्सर पुरुषों के प्रति समाज की प्रतिक्रिया उतनी संवेदनशील नहीं होती जितनी महिलाओं के प्रति होती है। 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी धारणाएं और सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपनी पीड़ा व्यक्त करने से रोकती है। उन्हें डर होता है कि उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, उन्हें डर होता है कि समाज उनका उपहास करेगा या उन्हें कमजोर समझेगा। इसी वजह से कई बार वे अपनी समस्याओं को छिपाते रहते हैं, जो अंततः गंभीर परिणामों का कारण बनता है। भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, चाहे वे पुरुष हों या महिला। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की बात करता है और अनुच्छेद 15 धर्म, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी तरह के भेदभाव को रोकता है। हालांकि, अनुच्छेद 15 (3) राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की छूट देता है, ताकि समाज में उनकी स्थिति सुधर सके। इसी आधार पर महिला आयोग और महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून बनाए गए हैं।

लेकिन क्या वास्तव में एक अलग पुरुष आयोग की आवश्यकता है? कुछ लोगों का मानना है कि मौजूदा कानूनी ढांचे में ही पुरुषों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है, और लिंग-विशिष्ट आयोग बनाने से समाज में और अधिक विभाजन पैदा हो सकता है। हालांकि, यह भी सच है कि पुरुषों की कुछ समस्याएं ऐसी हैं जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। निस्संदेह, यदि एक पुरुष आयोग बनता है, तो यह केवल पुरुषों के लिए ही नहीं, बल्कि एक संतुलित समाज के निर्माण में भी सहायक हो सकता है। यह आयोग पुरुषों को जागरूक कर सकता है कि वे अपनी समस्याओं को कैसे उठाएं और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाएं। यह लैंगिक समानता में सहायक होगा। उनका तर्क है कि पुरुष आयोग बनाना समानता के सिद्धांत के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि पुरुषों को भी उनके अधिकारों से वंचित न किया जाए। यह एक ऐसी संस्था होगी जो पुरुषों से संबंधित डेटा एकत्र करेगी, उनकी शिकायतों को सुनेगी, और सरकार को उनके कल्याण के लिए सुझाव देगी। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां कोई भी व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, न्याय और गरिमा से वंचित न हो। यह समय है जब हम सभी लिंगों के सामने आने वाली जटिलताओं को पहचानें और एक ऐसा कानूनी और सामाजिक ढांचा तैयार करें जो सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायपूर्ण हो।

# चातुर्मास है अध्यात्म की फसल उगाने का अवसर

## नजरिया

**सृष्टि का चक्र अनवरत गतिशील है-गर्मी, वर्षा और शीत ऋतु इसका पर्याय हैं। इन्हीं ऋतुओं में से एक वर्षा ऋतु-न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से, बल्कि आध्यात्मिक और धार्मिक जगत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन धर्म में इस अवधि को चातुर्मास या वर्षायोग कहा जाता है, जैन परम्परा में आषाढ़ी पूर्णिमा से कार्तिक पूर्णिमा तक का समय तथा वैदिक परम्परा में आषाढ़ से आसोज तक का समय चातुर्मास कहलाता है। इस दौरान दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों परंपराओं के मुनि स्थिर एक ही स्थान पर विराजमान रहते हैं। यह नियम प्राकृतिक कारणों से भी जुड़ा है-जैसे वर्षा ऋतु में जीव-जंतु अधिक उत्पन्न होते हैं, जिससे भ्रमण करने से अहिंसा का उल्लंघन हो सकता है। वास्तव में आज के व्यस्त, तनाव एवं हिंसाग्रस्त और भौतिकतावादी युग में चातुर्मास हमें आत्ममूल्यांकन और आंतरिक शांति की प्रेरणा देता है। यह समय पर्यावरणीय संतुलन, नैतिक जीवनशैली और आध्यात्मिक चिंतन की ओर समाज को मोड़ने में सक्षम है।**

**मंत्र महर्षि डॉ. योगभूषण महाराज**

यदि युवा वर्ग इसे आत्मसात करे, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। वास्तव में पुराने समय में वर्षाकाल पूरे समाज के लिए विश्राम काल बन जाता था किन्तु संन्यासियों, श्रावकों, भिक्षुओं आदि के संगठित संप्रदायों ने इसे साधना काल के रूप में विकसित किया। इसलिए वे निर्धारित नियमानुसार एक निश्चित तिथि को अपना वर्षावास या चातुर्मास शुरू करते थे और उसी तरह एक निश्चित तिथि को उसे समाप्त करते थे। धन-धान्य की अभिवृद्धि के कारण उपलब्धियों भरा यह समय स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार, आत्म-वैभव को पाने एवं अध्यात्म की फसल उगाने की दृष्टि से भी सर्वोत्तम माना गया है। इसका एक कारण यह है कि निरंतर पदयात्रा करने वाले जैन साधु-संत भी इस समय एक जगह स्थिर प्रवास करते हैं। उनकी प्रेरणा से धर्म जागरणा में वृद्धि होती है। जन-जन को सुखी, शांत और पवित्र जीवन की कला का प्रशिक्षण मिलता है। गृहस्थ को उनके सान्निध्य में आत्म उपासना का भी अपूर्व अवसर उपलब्ध होता है। जैन धर्म एक अत्यंत अनुशासित और तपोमयी परंपरा है, जिसमें आत्मशुद्धि, अहिंसा, संयम और साधना को सर्वोपरि माना गया है। वर्षभर की विविध धार्मिक गतिविधियों में चातुर्मास का विशेष स्थान है। यह समय आत्मनिरीक्षण, तप, स्वाध्याय और उपवास जैसी साधनाओं का काल है, जिसमें श्रावक और साधु-साध्वियाँ दोनों ही अपनी आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। श्रावक इस दौरान अधिक समय धर्म, पूजन, व्रत, स्वाध्याय और दान में लगाते हैं। यह आत्म-निरीक्षण और जीवन शैली को बदलने का काल बन जाता है। चातुर्मास में पर्युषण पर्व, दशलक्षण पर्व, अनंत चतुर्दशी जैसे पर्व आते हैं जो धर्म की गहराई को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस समय एकासन, उपवास, अनेक तरह के त्याग जैसे अनेक व्रतों का पालन किया जाता है। इससे आत्मिक बल और संयम में वृद्धि होती है। चातुर्मास में मुनियों के प्रवचनों के माध्यम से धर्म ग्रंथों की गूढ़ व्याख्या होती है, जिससे श्रद्धालु ज्ञान और विवेक के पथ पर आगे ब?ते हैं। संयमित जीवन और वैराग्य की भावना इस काल में जागृत होती है, जिससे सांसारिक मोह कम होता है। जैन चातुर्मास केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक उत्कर्ष की एक सुंदर





प्रक्रिया है। यह काल हमें भीतर झाँकने, अपनी त्रुटियों को पहचानने और एक संतुलित, अहिंसात्मक जीवन की ओर बढ़ने का अवसर देता है। साधना और संयम की यह अनूठी परंपरा न केवल जैन समाज को बल्कि सम्पूर्ण मानवता को आध्यात्मिक दिशा देने की सामर्थ्य रखती है। चातुर्मास धार्मिक संस्कृति की आत्मा है। यह काल समाज को एक साथ जोड़ता है-सामूहिक साधना, संयम और सेवा की भावना को पोषित करता है। संतों की सेवा, रोगी-वृद्ध मुनियों की देखभाल, आहार-विहार की व्यवस्था, सत्संग और स्वाध्याय में सहयोग देना-ये सभी कार्य श्रावकों के लिए धर्म का अंग बन जाते हैं। चातुर्मास न केवल तपस्वियों के जीवन का अमृतकाल है, अपितु पूरे समाज के लिए जागृति और नवचेतना का समय है। यह चार महीने धर्म के बीज को बोने, सेवा का जल सींचने, संयम की धूप में तपाने और श्रद्धा के वृक्ष को विकसित करने का सर्वोत्तम काल है। जब मन, वचन और काया तीनों पवित्र हों-तभी चातुर्मास सफल होता है। अपेक्षा है कि सभी संकल्प करें- इस चातुर्मास को केवल परंपरा के निर्वाह के रूप में नहीं, बल्कि आत्मिक विकास और सामाजिक समर्पण के माध्यम के रूप में अपनाएं। हिन्दू धर्म में देवशयनी एकादशी से ही चातुर्मास की शुरुआत होती है जो कार्तिक के देव प्रबोधिनी एकादशी तक चलती है, इस समय में श्री हरि विष्णु योगनिद्रा में लीन रहते हैं इसलिए किसी भी शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। इसी अवधि में ही आषाढ़ के महीने में भगवान विष्णु ने वामन रूप में अवतार लिया था और राजा बलि से तीन पग में सारी सृष्टी दान में ले ली थी। उन्होंने राजा बलि को उसके पाताल लोक की रक्षा करने का वचन दिया था। फलस्वरूप श्री हरि अपने समस्त स्वरूपों से राजा बलि के राज्य की पहरेदारी करते हैं। इस अवस्था में कहा जाता है कि भगवान विष्णु निद्रा में चले जाते हैं। यों तो हर व्यक्ति को जीने के लिये तीन सौ पैंसठ दिन हर वर्ष मिलते हैं, लेकिन उनमें वर्षावास की यह अवधि हमें जागते मन से जीने को प्रेरित करती है, यह अवधि चरित्र निर्माण की चौकसी का आव्हान करती है ताकि कहीं कोई कदम गलत न उठ जाये। यह अवधि एक ऐसा मौसम और माहौल देती है जिसमें हम अपने मन को इतना मांज लेने को अग्रसर होते हैं कि समय का हर पल जागृति के साथ जीया जा सके। संतों के लिये यह अवधि ज्ञान-योग, ध्यान-योग और स्वाध्याय-योग के साथ आत्मा में अवस्थित होने का दुर्लभ अवसर है। वे इसका पूरा-पूरा लाभ लेने के लिये तत्पर होते हैं। वे चातुर्मास प्रवास में अध्यात्म की ऊंचाइयों का स्पर्श करते हैं, वे आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचने की साधना करते हैं। वे आत्म-कल्याण ही नहीं पर-कल्याण के लिये भी उत्सुक होते हैं। यही कारण है कि श्रावक समाज भी उनसे नई जीवन दृष्टि प्राप्त करता है। स्वस्थ जीवनशैली का निर्धारण करता है। संतों के अध्यात्म एवं शुद्धता से अनुप्राणित आभामंडल समूचे वातावरण को शांति, ज्योति और आनंद के परमाणुओं से भर देता है। इससे जीवन-रूपी सारे रास्ते उजालों से भर जाते हैं। लोक चेतना शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तनावों से मुक्त हो जाती है। उसे द्वंद्व एवं दुविधाओं से त्राण मिलता है। भावनात्मक स्वास्थ्य उपलब्ध होता है।

वर्षावास में सभी श्रद्धालु आत्मा से परमात्मा की ओर, वासना से उपासना की ओर, अहं से अर्हम् की ओर, आसक्ति से अनासक्ति की ओर, भोग से योग की ओर, हिंसा से अहिंसा की ओर, बाहर से भीतर की ओर आने का प्रयास करते हैं। वह क्षेत्र सौभाग्यशाली माना जाता है, जहां साधु-साध्वियों का चातुर्मास होता है। उनके सान्निध्य का अर्थ है- बाहरी के साथ-साथ आंतरिक बदलाव घटित होना। जीवन को सकारात्मक दिशाएं देने के लिये चातुर्मास एक सशक्त माध्यम है। यह आत्म-निरीक्षण का अनुष्ठान है। चातुर्मास संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है। चातुर्मास का महत्व शांति और सौहार्द की स्थापना के साथ-साथ भौतिक उपलब्धियों के लिये भी महत्वपूर्ण माना गया है। इतिहास में ऐसे अनेक प्रसंग हैं, जहां चातुर्मास या वर्षावास और उनमें संतों की गहन साधना से अनेक चमत्कार घटित हुए हैं। जिस क्षेत्र की स्थिति विषम हो। जनता विग्रह, अशांति, अराजकता या अत्याचारी शासक की क्रूरता की शिकार हो, उस समस्या के समाधान हेतु शांति और समता के प्रतीक साधु-साध्वियों का चातुर्मास वहां करवाया जाकर परिवर्तन को घटित होते हुए देखा गया है। क्योंकि संत वस्तुतः वही होता है जो औरों को शांति प्रदान करे। जरूरत है इस सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण बनाने की। ऐसी परम्पराओं पर हमें गर्व और गौरव होना चाहिए कि जहां जीवन की हर सुबह सफलताओं की धूप बांटें और हर शाम चारित्र धर्म की आराधना के नये आयाम उद्घाटित करें। क्योंकि यही अहिंसा, शांति और सह-अस्तित्व की त्रिपथगा सत्यं, शिवं, सुंदरम् का निनाद करती हुई समाज की उर्वरा में ज्योति की फसलें उगाती है।

# राष्ट्रीय एकीकरण के नायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**डॉ. कुलवीर सिंह चौहान**

परतंत्र और स्वतंत्र भारत की राजनीति को सम्यक दिशा देकर भाषायी एवं क्षेत्रीय अस्मिताओं के दायरे से बाहर निकालकर देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य रखने में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान था। 6 जुलाई 1901 को सर आशुतोष मुखर्जी व योगमाया देवी के सुयोग्य पुत्र के रुप में कोलकाता में जन्मे डॉ. मुखर्जी में सनातन धर्म की आध्यात्मिक परंपराओं, वैज्ञानिक एवं अकादमिक अभिरुचियों के प्रति गहरा लगाव था। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद मात्र 23 वर्ष की अवस्था में वह कलकत्ता विश्वविद्यालय की सीनेट के फैलो बनाए गए थे। 1934-38 के अवधि में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा (33 वर्ष की अवस्था) और सफल कुलपति होने का गौरव भी उन्होंने प्राप्त किया। यह बंगाल ही नहीं अपितु विश्व के किसी भी देश के विश्वविद्यालयी इतिहास में सबसे युवा कुलपति बनने का एक कीर्तिमान भी था। इसके पहले 1929 व 1937 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य चुने गए। 1939 में विनायक दामोदर सावरकर की प्रेरणा से हिन्दू महासभा में शामिल हुए तथा 1941 से 1947 तक हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने हिन्दूओं को संगठित करने का बीड़ा उठाया।1946 में वह संविधान सभा के सदस्य बने।1947 से 1950 तक केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य रहे तथा हिन्दू हितों की अनदेखी के कारण नेहरू-लियाकत समझौते के विरोध में मंत्रिमंडल से 8 अप्रैल 1950 को त्यागपत्र दे दिया और 21 अक्टूबर,1951 को अखिल भारतीय स्वरुप के भारतीय जनसंघ, नामक दल का गठन किया। ब्रिटिश साम्राज्यवाद की विभाजनकारी नीतियों और मुस्लिम साम्प्रदायिकता के उभार से जो जहर भारतीय शासन व्यवस्था में व्याप्त हो रहा था, डॉ. मुखर्जी ने उनसे निपटने का वैचारिक एवं क्रियात्मक दोनों स्तरों पर प्रयास किया। डॉ. मुखर्जी पिछड़े वर्गो के आधार पर संरक्षण के अतिरिक्त धार्मिक आधार पर किसी भी विशेष संरक्षण या भेदभाव के प्रबल विरोधी थे। वह विभाजन की शर्तों पर स्वाधीनता प्राप्ति के मुखर विरोधी थे। 20वीं शताब्दी का आरम्भ भारत की राजनीति का वह दौर था जिसमें राजनीतिक पराधीनता के साथ वैचारिक अंतर्विरोध और सांस्कृतिक संकट के लक्षण परिलक्षित हो रहे थे। सारे देश में साम्राज्यवाद के खिलाफ एक तीव्र लहर चल रही थी। भारत द्वितीय विश्वयुद्ध में श्रीहीन व शक्तिहीन हो चुके ब्रिटिश शासनतंत्र की बेड़ियां तोड़ने को तीव्रता से आगे बढ़ रहा था। अंग्रेज इस स्थित को भांप कर भारत से विदा लेने के पहले बड़े षड्यंत्र को रच रहे थे। इसी साजिश के तहत अंग्रेजों ने बंगाल, जो भारत की आर्थिक एवं राजनीतिक चेतना का मुख्य



केंद्र रहा था,के विभाजन की कुटिल चाल चली। परंतु इस विद्वेषपूर्ण ब्रिटिश नीति ने राष्ट्रवाद की धारा को मंद करने के स्थान पर और तीव्र कर दिया था। स्वाधीनता संघर्ष की परिणति भारत की आजादी थी, किंतु विभाजन की त्रासदी ने देश को गहरी वेदना दी। विभाजन की अनिवार्यता को भांप कर, डॉ. मुखर्जी ने बंगाल, असम व पंजाब के एक बड़े हिस्से को पाकिस्तान के चंगुल में जाने से बचा लिया। डॉ. मुखर्जी के दूरदर्शी प्रयासों से ही सगर-पुत्रों की तपोभूमि, बंकिमचन्द्र, सुभाषचंद्र बोस, विवेकानंद, कवीन्द्र-रवींद्र,बंदा बैरागी,गुरुगोविंद सिंह की पावन धरा पश्चिम बंगाल व पंजाब का पाकिस्तान में विलय होने से बचाया जा सका। स्वाधीन भारत के पहले मंत्रिमंडल में 15 अगस्त 1947 को वह महात्मा गाँधी के आग्रह और स्वातंर्त्यवीर सावरकर की प्रेरणा से शामिल हुए। यह भी अपने आप में एक रोचक तथ्य है कि कांग्रेस की नीतियों के धुर विरोधी दो विद्वान राजनेताओं डॉ. मुखर्जी व डॉ. अम्बेडकर को उनके नेतृत्व क्षमता, वक्तता कौशल व दूरदर्शी दृष्टिकोण के चलते नेहरु मंत्रिमंडल में उद्योग व आपूर्ति तथा कानून व श्रम जैसे अति महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई। इस विश्वास को कायम रखते हुए उन्होंने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में सार्वजनिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्वी पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर लगातर किए जा रहे अत्याचारों व देश में भीषण दंगो के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरु द्वारा पाक प्रधानमंत्री लिकायत अली को भारत में मुस्लिम समस्याओं के संदर्भ में भेजे आमंत्रण प्रस्ताव से खिन्न होकर उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमण्डल से त्यागपत्र दे दिया। 16 जनवरी 1951 को आयोजित एक बैठक में पार्टी के घोषणापत्र व संविधान पर चर्चा के बाद भारतीय जनसंघ नामक एक राष्ट्रीय दल के गठन का निर्णय हुआ। 21 अक्टूबर,1951 को जिस दिन नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिंद सरकार का गठन किया था, दिल्ली में चार सौ प्रतिनिधियों के सम्मेलन में इस नवीन संगठन के अध्यक्ष के रुप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को संस्थापक अध्यक्ष घोषित किया गया। कानपुर में जनसंघ के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय की मांग का प्रस्ताव रखते हुए कहा था कि एक देश में दो प्रधान,दो विधान व दो निशान-नहीं चलेंगे नहीं चलेंगे । देश में लोकतंत्र को मजबूत करने दलीय एकाधिकार की विसंगतियों को दूर करने के लिए उन्होंने जनसंघ के प्रथम अधिवेशन कानपुर में उड़ीसा के राजनीतिक दल गणतंत्र परिषद् को अधिवेशन में आमंत्रित किया था।प्रथम आम चुनाव में सारे देश से जनसंघ के मात्र 3 सांसद व कुल 17 विधायक (9 बंगाल व 8 राजस्थान से) पार्टी के टिकट पर चुने जा सके। जनसंघ एक नवजात राजनीतिक दल था।इसके बावजूद जनसंघ के घोषणापत्र में चुनाव पूर्व घोषित जमींदारी उन्मूलन की नीति का राजस्थान के जागीरदार विधायकों के विरोध को उन्होंने ठीक न मानते हुए 6 विधायकों को उनके जमींदारी उन्मूलन के जनसंघ के समर्थन का विरोध करने के कारण डॉ. मुखर्जी के निर्देश पर जनसंघ से निष्कासित किया गया था। इससे प्रकट होता है कि सामाजिक न्याय व दलीय अनुशासन के प्रति वह कितने समर्पित राजनेता थे !

जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को लेकर उन्होंने आंदोलन किया ही, किन्तु हैदराबाद और जूनागढ़ राज्यों के भारतीय संघ में विलय की बाधाओं को दूर कराने में भी डॉ. मुखर्जी ने सरदार पटेल के साथ मिलकर मंत्रिमण्डलीय बैठकों के निर्णयों को राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में मोड़ने का सफल प्रयास किया। डॉ. साहब इस बात से बहुत व्यथित थे कि देश के नागरिकों को अपने ही देश के एक राज्य में जाने के लिए अनुमति-पत्र/परमिट लेनी पड़ती है। इसीलिए जब देश के दो प्रमुख सांसदों उमाशंकर त्रिवेदी तथा विष्णु घनश्याम देशपाण्डे को बिना परमिट के प्रवेश की अनुमति न देकर गिरफ्तार कर लिया गया तो डॉ. मुखर्जी ने इसे देश के नागरिकों का स्वदेश में अपमान मानते हुए प्रजा परिषद् द्वारा किए जा आंदोलन को समर्थन देने व राज्य में प्रवेश की परमिट व्यवस्था को समाप्त करने के उद्देश्य से 8 मई को जम्मू-कश्मीर की ओर प्रस्थान किया। 23 जून 1953 को श्रीनगर के एक बंगले में नजरबन्दी के रूप में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत ने सारे देश को स्तब्ध कर दिया। हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट लिमिटेड बेंगलुरु, उर्वरक कारखाना, सिंदरी तथा लोकोमोटिव कारखाना, चित्तरंजन, इण्डस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन, आल इण्डिया हैण्डीक्राफ्ट बोर्ड, आल इण्डिया हैण्डलूम बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे संस्थान डॉ. मुखर्जी की औद्योगिक नीति (1948) की देन है। स्वावलंबन व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर इस नीति में उन्होंने वस्त्र उद्योग के व्यापक विस्तार की योजना को मूर्त रूप दिया।

# ठोस रणनीति से ही हिमाचल में होगी नशा मुक्ति

**सोमेश गोयल**

हिमाचल प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के उद्देश्य से एक सशक्त संदेश देते हुए पुलिस ने केवल एक महीने में ही 250 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ नशा तस्करी के आरोप में मुकदमें दर्ज किए हैं। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 183 एफआईआर दर्ज की गई हैं। प्रदेश में 14 मामले वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थ रखने के लिए, 85 मामले मध्यम मात्रा के लिए और 58 मामले छोटी मात्रा के लिए दर्ज किए गए। लगभग दो दर्जन मामले नशीली दवाओं की खेती से संबंधित थे। एक सकारात्मक कदम के रूप में पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत 21 निवारक प्रस्तावों पर कार्रवाई शुरू की है। राज्य पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी से आधा दर्जन आदेश प्राप्त करने में भी सफलता हासिल की है। लगभग तीन दशकों से मादक पदार्थों की समस्या कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। तस्करी ने केवल गांजा केंद्रित व्यापार से बदलकर छिपाने में आसान और उच्च कीमत वाले सिंथेटिक ड्रग्स की स्मग्लिंग का रूप ले लिया है। दूरदराज व दुर्गम इलाके का फायदा उठाते हुए अपराधी यहां अफीम की अवैध खेती भी करते हैं। वर्ष 2019 के नशीले पदार्थों के उपयोग संबंधी राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश के लिए कोई गंभीर चेतावनी नहीं दी गयी थी। हालांकि, तब से काफी कुछ बदल चुका है। समस्या की सटीक स्थिति जानने के लिए राज्य स्तर पर एक नमूना सर्वेक्षण की तत्काल आवश्यकता है। पुलिस वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में 41 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। राज्य के लिए चिंताजनक बात यह है कि मादक पदार्थों के मामलों में गिरफ्तार किए गए 90 प्रतिशत से अधिक लोग 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के हैं। राज्य की जेलों में लगभग तेरह सौ युवा मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में बंद रहते हैं। राज्य का कोई भी जिला मादक पदार्थों की समस्या से अछूता नहीं है। शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में इस श्रेणी के अधिकतम मामले दर्ज होते हैं। राज्य की जेलों में एनडीपीएस मामलों से जुड़े दोषी और अभियुक्त कैदियों की संख्या अधिक है। लगभग 40 प्रतिशत पुरुष कैदी, चाहे दोषी हों या अभियुक्त, मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में शामिल हैं। महिलाओं के लिए यह आंकड़ा लगभग 30 प्रतिशत है। छोटी मात्रा के तस्कर अक्सर स्वयं भी नशीली दवाओं का इस्तेमाल करने वाले होते हैं। लगभग 10 प्रतिशत कैदियों को नशामुक्ति और पुनर्वास कार्यक्रम की आवश्यकता होती है। ऐसे व्यक्तियों का स्थान जेल नहीं बल्कि पुनर्वास केंद्र होना चाहिए। पुनर्वास के लिए कोई भी तय प्रोटोकॉल न होने के कारण, सुधार गृहों में तैनात चिकित्सक मादक पदार्थों के उपयोगकर्ताओं के उपचार में दक्ष हो गए हैं। राज्य के सुधार विभाग का प्रयास, जो एक केंद्रीय जेल में पुनर्वास केंद्र शुरू करने के लिए एक केंद्रीय योजना का लाभ उठाना चाहता था, राज्य सरकार के एक बाबू द्वारा खारिज कर दिया गया ! राज्य सरकार को उन सभी सुधार गृहों को, जहां समर्पित चिकित्सक तैनात हैं, औपचारिक रूप से मादक पदार्थ पुनर्वास केंद्र घोषित करना चाहिए। राज्य की मादक पदार्थ समस्या के प्रति प्रतिक्रिया अब तक टिकाऊ नहीं रही है, जिसने संबंधित सभी मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया। सबसे पहले, राज्य सीआईडी के तहत एक एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) स्थापित की गई। बाद में, एक राज्य कानून पारित किया गया और एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई गई, लेकिन एएनटीएफ को समाप्त नहीं किया गया। एसटीएफ, जिसका नेतृत्व एडीजी स्तर के अधिकारी करते हैं, लगभग कमजोर है क्योंकि उसमें पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। यह एक क्लासिक मामला है, जिसमें सिलसिला बेतरतीब है। आज, ये दोनों एजेंसियां अपने कार्यक्षेत्र और अधिकारों के स्पष्ट विभाजन के लिए संघर्ष कर रही हैं। एनडीपीएस मामलों की इंटेलिजेंस, रजिस्ट्रेशन और जांच समन्वय के लिए पुलिस रेंज स्तर पर तीन पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं।

# डीएम ने उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिए की चर्चा

- उद्योग बंधुओं के साथ जानी उनकी समस्याएं
- जनपद में एक और नए औद्योगिक आस्थान बीघाखेत को जल्द किया जाएगा विकसित



**समय जगत, ललितपुर।** शिक्षा और रोजगार की दृष्टि से प्रदेश के पिछड़े जिलों में सुमार ललितपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी शिक्षा के साथ-साथ अब रोजगार को भी बढ़ावा दे रहे हैं, जिसके लिए वे शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सीएम युवा उद्यमी योजना से युवा पीढ़ी को जोड़ रहे हैं। जिलाधिकारी स्वयं बैंकों में जाकर योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा कर रहे हैं और त्वरित गति से आवेदनों का निस्तारण कराकर युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जिले में किसी भी उद्यमी को रोजगार करने में समस्या न होने पाए, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी समय से उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठकें आयोजित कराते रहें। इसी के क्रम में मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जिला उद्योग बन्धु की बैठक कर पी.एम. विश्वकर्मा योजना में ग्रामीण स्तर पर एवं शहरी स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के लिये डीपीआरओ एवं ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया। उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान बीघाखेत की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए यूपीएसआईसी के अवर अभियन्ता को कार्य में तीव्रता लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त चिन्हित नये औद्योगिक आस्थानों के सीमांकन के लिए भी निर्देशित किया गया। लखनपुरा में स्थापित इकाईयों को विधुत आपूर्ति में आ रही समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया। चंदेरा औद्योगिक आस्थान में स्वतत्रं विधुत फीडर के निर्माण के लिये भूमि का चिन्हांकन के कार्य के लिए उप जिलाधिकारी सदर एवं अधिशासी अधिकारी विद्युत को निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में पानी की निकासी एवं गेट निर्माण के प्राप्त आंगणन को निदेशालय प्रेषित किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद स्थापित इकाईयों को पंजीकरण कारखाना अधिनियम-1948 एवं भूगर्भ जल अधिनियम में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देशित किया गया। मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट में एक हैण्डपम्प एवं एक हाईमास्क लाईट का प्रस्ताव जिलाधिकारी महोदय के यक्रिटिकल गैप फण्डश् से स्वीकृत कर दिया गया है। बैठक के अन्त में उद्यमी ऐसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी महोदय को उनके जन्म दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गयीं। बैठक में सीडीओ, एसडीएम सदर, डीडीओ, एक्सईएन विद्युत, डीपीआरओ, खनन अधिकारी, भूगर्भ जल विभाग, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, ईओ नगर पालिका, प्रधानाचार्य आईटीआई, सहायक आयुक्त खाद्य, बांट-माप अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण, जिला समन्वय एनएसडीसी एवं कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन एवं अन्य सम्मानित उद्यमीगण उपस्थित रहें।

## शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



**निवाड़ी।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में मंगलवार को ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री उन्मेश श्रीवास्तव रहे। उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर अभियान की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्रीवास्तव ने कहा कि एक पेड़ लगाने का कार्य केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का भी भाव है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से अपील की कि वे भी इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

कार्यक्रम के दौरान स्थानांतरण होकर आए नवीन शिक्षकों का परिचय भी लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों से अपेक्षा जताई कि वे बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री राहुल तिवारी, श्री रोहित शुक्ला, श्रीमती सुनीता सिंह, रिचा राजपूत, रूबी खानम, सौरव आर्य सहित छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशाला का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की सराहना की। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं और जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और शिक्षकगण को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अभाविप नगण्य से अग्रगण्य की यात्रा है : शिवा राजे बुंदेला प्रांत मंत्री अभाविप कानपुर प्रांत



**समय जगत, झांसी।** जैसा कि हम सभी को ज्ञात है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारत का ही नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक छात्र संगठन है इसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी जो की ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र को लेकर आज देश के प्रत्येक कोने में शैक्षिक संस्थानों के प्रत्येक कैंपस में ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र के साथ अपनी विचारधारा को स्थापित कर रहा है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव से ही छात्र हित का समर्थक रहा है और यही कारण है कि विद्यार्थी परिषद ने अपने ध्येय वाक्य में छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति बताया है विद्यार्थी परिषद छात्रों की स्कॉलरशिप की समस्या से लेकर कैंपस में लगने वाले देशद्रोही नारो का प्रतिकार करने का साहस दिखता है चाहे वह पांच बीघा जमीन का बांग्लादेश पर जमीन का विषय हो चाहे आपातकाल का विषय हो चाहे आर्टिकल 370 हो चाहे वह कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा झंडा लगाने का विषय हो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्र हितों के विषय पर पुरजोर होकर समर्थन करती है यही कारण है कि आज विद्यार्थी परिषद अपनी 60 लाख से अधिक मेंबरशिप पूरी कर चुका है और विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बन गया है आज विद्यार्थी परिषद आयाम गतिविधियों प्रकल्पों के माध्यम से हर विधा के विद्यार्थी को जोड़कर उनके कौशल अनुरूप प्लेटफार्म देने का कार्य कर रहा है जब हम छात्रा कार्य के विषय में बात करते हैं तो विद्यार्थी परिषद मिशन साहसी जैसे देश व्यापी अभियान चलाकर छात्राओ को सशक्त बनाने का कार्य करता है ।

## हमेशा ही खराब रहते हैं नगर के ए टी एम

**समय जगत, निवाड़ी ।** नगर के स्टेट बैंक और केनरा बैंक के ए टी एम खराब रहना अब आम बात हो गई है वैसे तो नगर में प्राइवेट बैंकों के अनेकों ए टी एम हैं पर लोगों का भरोसा सबसे अधिक स्टेट बैंक और केनरा बैंक एवं पी एन बी के बैंकों पर ही रहता है सारे ए टी एम रोड पर मार्किट में टैक्सी स्टैंड तिगेला सिविल लाईन में स्थिति हैं पी एन बी का हमेशा बंद ही रहता है सिविल लाईन स्थिति केनरा बैंक का हमेशा खराब रहता है अब रहे स्टेट बैंक के ए टी एम जो मार्किट में टैक्सी स्टैंड जुगयाना मोहल्ला मैन रोड पर हैं तो उनकी कहानी भी इनसे अलग नहीं है आज कल प्राइवेट ठेका कैश ए टी एम में भरने का दिया हुआ है सो कैश डाला गया फिर आधा घंटे इंतजार करिये तब चालू होगा और दो घंटे में ख़तम कभी कभी दो या तीन दिन बैंक की छुट्टी पड़ जाये तो बड़ी परेशानी होती है ।

## उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

### विजय नारायण शर्मा के क्षेत्रीय मत्री बनने पर हुआ स्वागत



**समय जगत, झांसी।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ संबद्ध-भारतीय मजदूर संघ झांसी क्षेत्र की बैठक ज्योति मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में झांसी डिपो प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय मंत्री विजय नारायण शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार की घोषणा अनुसार कुंभ मेला में ड्यूटी गए कर्मचारियों को 10000 (दस हजार) रुपए कर्मचारियों के खाते में आने पर कर्मचारियों में हुई प्रसन्नता के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट किया गया।

संविदा चालक परिचालकों को वार्षिक प्रोत्साहन जो वर्ष 2019 के बाद से नहीं दिया गया उसे दिलाने, नियमित चालक परिचालकों का जो वेतन रोका गया है उसे दिलाने, कम आय लोड फैक्टर तथा कम डीजल औसत पर कटौती/ रिकवरी चालक परिचालकों से किए जाने को रोके जाने, सही कारणों का पता कर अधिक से अधिक आय लक्ष्य तथा अच्छा डीजल औसत प्राप्त करने हेतु उन कारणों को दूर करने आदि कर्मचारियों की समस्याओं के निदान हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक झांसी क्षेत्र को संघ द्वारा अनुरोध पत्र लिखा जाएगा का निर्णय बैठक में लिया गया। इस मौके पर पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूर्व सेवा प्रबंधक तुलाराम जी के स्वभाव को प्रणाम किया कि वह प्रायः संघ की बैठकों में बिना किसी भेद भाव बिना अधिकारी अहम के एक सामान्य कर्मचारी की हैसियत से संघ की बैठकों में उपस्थित हो जाते थे। कहते थे कि सभी कर्मचारी हमारा परिवहन निगम परिवार है। वर्तमान में श्री तुलाराम जी आगरा क्षेत्र में तैनात हैं।

इस मौके पर विजय नारायण शर्मा को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ झांसी क्षेत्र का क्षेत्रीय मंत्री मनोनीत किए जाने पर पूर्व विभाग प्रमुख अवधेश सक्सेना तथा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पुरोहित जनपद झांसी, पूर्व क्षेत्रीय मंत्री दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष के के गेड़ा, पी सी मिश्रा , लक्ष्मीधर दीक्षित, विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, कुंवर प्रभाकर अभिषेक मिश्रा, आकाश जोशी राघवेंद्र, राहुल शर्मा, सुधीर कुमार आदि उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के सदस्यों तथा पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय मंत्री विजय नारायण शर्मा का माल्यार्पण कर , पुष्प भेंट कर , मिष्ठान वितरण कर तथा पुष्प वर्षा कर हर्ष व्यक्त करते हुए स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया।

बैठक में क्षेत्रीय मंत्री ने कहा कि वह उत्तर प्रदेश रोड कर्मचारी संघ बैनर तले कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। भारत माता की जय के साथ सभी का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

## अपनी रसोई तीसरी साल में कैबिनेट मंत्री ने 2000 जरूरतमंदों को दिए वस्त्र, रोज 1000 लोगों को मिलता है मुफ्त भोजन



**समय जगत, उरई।** मुख्यालय में गरीब, बेसहारा और बाहर से आने वाले लोगों के लिए शुरू की गई निःशुल्क भोजन योजना श्अपनी रसोईश् ने मंगलवार को अपनी सेवा के तीन साल पूरे कर लिए। इस उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 2000 से अधिक जरूरतमंदों को भोजन कराते हुए वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

इस योजना की शुरुआत जालौन के जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी ने तीन वर्ष पूर्व की थी। उनका उद्देश्य था कि उरई आने वाले मजदूर, जरूरतमंद और गरीब लोग भूखे पेट न रहें। बड़े शहरों की तरह यहां भी सामाजिक सहभागिता से ऐसी व्यवस्था खड़ी की गई है जो अब हर दिन सैकड़ों लोगों का पेट भर रही है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ भाजपा के बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन समेत कई प्रमुख नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गरीबों के साथ बैठकर भोजन किया और इस सेवा भावना की सराहना की।इस मौके पर जरूरतमंदों को साड़ी, कुर्ता-पाजामा, लोअर-टीशर्ट जैसे वस्त्र वितरित किए गए। मंत्री राकेश सचान ने डॉ. अनुरागी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ष्जिन्होंने प्रतिदिन 1000 से अधिक लोगों को भोजन कराने की जिम्मेदारी निःस्वार्थ भाव से निभाई है, वो समाज के लिए प्रेरणा हैं। इस तरह के कार्य हर जिले में होने चाहिए।डॉ. घनश्याम अनुरागी ने बताया कि ष्कई बार देखा गया कि उरई आने वाले लोग जब काम करके लौटते हैं तो उनके पास खाने के लिए पैसे नहीं होते। यही सोचकर इस रसोई की शुरुआत की गई थी।अपनी रसोईश् सुबह 11 बजे से दोपहर 2रू30 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक लगातार संचालित होती है।हर दिन दाल, चावल, रोटी, सब्जी के साथ सप्ताह में एक बार विशेष भोजन भी परोसा जाता है। जो लोग मुफ्त में भोजन नहीं लेना चाहते, उनके लिए प्रतीकात्मक 5 रुपये शुल्क रखा गया है।यह पहल धीरे-धीरे सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुकी है जिसमें समाजसेवी, स्थानीय व्यापारी और जनप्रतिनिधि जुड़कर सहयोग कर रहे हैं। श्अपनी रसोईश् अब जालौन की एक पहचान बन चुकी है जो गरीबों की थाली को कभी खाली नहीं रहने देती।

इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री दिलीप दुबे, प्रिंस द्विवेदी माधौगढ़, कैलोर प्रधान विनय सिंह, विनय सिंह, राहुल तिवारी कैलिया, विनय सोनी आनंद पटेल बोहरा, दिनेश यादव, शीलू गौतम, प्रलुभ्यनिरंजन, कीरत सिंह राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से पति की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत मोटे का मोहल्ला निवासी कृष्णा सेन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 जून को उसका पति अपने साढ़ू के साथ मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 15 एन.सी. 2986 से पूर्ण नियंत्रण व सावधानी पूर्वक चलाता हुआ जा रहा था। तभी अपराह्न उसका पति राजघाट रोड पर चौरसल गांव एवं पुलिस चौकी के पास पहुंचा ही था कि तभी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 पी 5053 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आया ओर उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति की मौके पर ही मौत हो गयी।

## प्राथमिक विद्यालय बंद करने व दलित उत्पीडन् की घटनाओं पर विरोध प्रदर्शन

### आजाद समाज पार्टी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**मय जगत, ललितपुर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद एड.चन्द्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश सरकार के फैसलों और हालिया दलित उत्पीडन् की घटनाओं के विरोध में तीन प्रमुख माँगें की गईं।

प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना संविधान और आरटीई का उल्लंघन

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27,965 प्राथमिक विद्यालयों को विलय कर बंद किया जाना न केवल संविधान के अनुच्छेद 21-ए (शिक्षा का अधिकार) बल्कि अनुच्छेद 46 (कमजोर वर्गों के शैक्षिक व आर्थिक हितों की सुरक्षा) का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे गरीब और वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पार्टी ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

कौशाम्बी और प्रयागराज की घटनाओं की सीबीआई जांच की माँग

ज्ञापन में जनपद कौशाम्बी के सैनी थाना क्षेत्र के लोंहदा गांव में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना और प्रयागराज के करछना थाना क्षेत्र के इसौटा गांव में एक दलित युवक को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना को अत्यंत निंदनीय और मानवाधिकारों का हनन बताया गया है। पार्टी ने इन घटनाओं में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने हेतु सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

प्रदर्शन के दौरान हिंसा व निर्दोषों की गिरफ्तारी पर भी नाराजगी

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 29 जून 2025 को करछना क्षेत्र में पीड़ित परिवार व स्थानीय लोगों के साथ पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, पथराव और वाहन जलाने की कार्यवाही की गई, जिसमें दलित युवक सुनील कुमार गौतम की मौत हो गई। पार्टी ने इस घटना की भी सीबीआई जांच की मांग करते हुए निर्दोष गिरफ्तार युवकों की तत्काल रिहाई की मांग की है।

शान्ति व्यवस्था बहाल करने की अपील

ज्ञापन के अंत में पार्टी ने राज्य सरकार से आह्वान किया है कि प्रदेश में दलितों, महिलाओं और कमजोर वर्गों की सुरक्षा, शिक्षा और न्याय के अधिकार की गारंटी दी जाए तथा सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार के फैसलों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन करते हुये ज्ञापन देने वालों में मोतीलाल गौतम, कुंवरलाल गौतम, कमलेश अहिरवार, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव, सुरेश, विजय, नीरज चौधरी, रामकुमार जाटव, जगजीवन अम्बेड़कर, मोनू जाटव, हेमराज, बृजकिशोर, रामदास, हरसिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## सड़क मरम्मत न होने से जल निगम की ट्राली फंसी

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के जुगपुरा मोहल्ले में जल निगम द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क मरम्मत न कराए जाने से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब सरकारी वाहन भी कीचड़ में फंस रहे हैं। बीते दिन जल निगम की एक ट्राली जो पाइप लोड कर लाई जा रही थी, कीचड़ भरी सड़क में बुरी तरह फंस गई। ट्राली के फंसने से स्थानीय आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। इससे न केवल सरकारी कार्य प्रभावित हुआ बल्कि आमजन को भी बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जल निगम द्वारा पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की हालत और भी बदतर हो गई है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। लापरवाही और शिथिल कार्यप्रणाली के कारण लोग रोजाना कीचड़ और गंदगी से होकर निकलने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि हमने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## बारिश के चलते भरभरा कर गिरा कच्चा मकान, मलवे में दवा परिवार

**उरई (जालौन)।** लगातार हो रही बारिश के कारण कच्ची दीवालें ढह कर गिर रहीं हैं क्योंकि बारिश का पानी मिट्टी शोक लेती है और अत्यधिक वर्षा के कारण मिट्टी कट जाती है इसकी बजह से गरीवों के आशियाना उजड़ रहे हैं।मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम कूँडा का है जहां पर सोनू कुमार अपने परिवार सहित कच्चे बने मकान में सो रहा था लेकिन लगातार बारिश के चलते कच्ची दीबालें पानी से रुक न पायीं और भरभराकर गिर गई जिससे घर का छान छप्पर सो रहे परिवारीजनों पर सुवह करीब 5 बजे आ गिरा जिसमें दम्पति व उनके दो मासूम बच्चे दबकर घायल हो गए ग्रामीणों ने दबे हुए दम्पतियों को बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और एम्बुलेंस को सूचना दी सूचना पाकर पहुंची एम्बुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले आयी जहां पर उनका इलाज चल रहा है अब बिचारे गरीब का आशियाना भी उजड़ गया और उसके मलवे में घर गृहस्थी का सामान दबकर नष्ट हो गया ।

# स्वास्थ्य नायकों के तबादले के विरोध में नाराजगी, पार्षदों में उबाल



**मय जगत, ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ललितपुर के वार्ड-26 सहित संपूर्ण नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य नायकों के तबादले को लेकर पार्षदों और नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी है। पार्षदों के नेतृत्व में नगरवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय को तानाशाहीपूर्ण बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

**बिना पार्षदों की राय के हुआ तबादला** ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद में कार्यरत 26 स्वास्थ्य नायक अपने-अपने वार्डों में पार्षदों के सहयोग से सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कर रहे थे। न तो किसी पार्षद ने शिकायत की और न ही कोई अव्यवस्था थी। इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी ने बिना विचार-विमर्श के एकतरफा आदेश जारी कर सभी स्वास्थ्य नायकों का वार्ड बदल दिया, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

**बारिश में और बिगड़ी हालत**

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में हो रही बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जबकि नए स्वास्थ्य नायक अपने वार्ड के क्षेत्र, गलियों और जरूरतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इससे ना केवल काम में देरी हो रही है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी जैसे ज़रूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

**संविदा सफाईकर्मी को पदोन्नति पर उठे सवाल**: पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया है कि अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका के एक संविदा सफाईकर्मी को मनमाने ढंग से स्वास्थ्य नायक के पद पर पदोन्नत कर दिया, जो कि पूरी तरह अनुचित और जांच योग्य मामला है। इस पर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

**पुरानी व्यवस्था बहाल न हुई तो आंदोलन** : ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि अधिशासी अधिकारी द्वारा जारी किया गया नया आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो पार्षद और नागरिक धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बनी यह स्थिति अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है और यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ तो स्थानीय प्रशासन के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इन पार्षदों ने जताया विरोध, दिया ज्ञापन प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी अभय त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते समय पार्षद मनमोहन चौबे एड., पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद शिवानी कुशवाहा, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद अब्दुल बारी, पार्षद सोन सिंह, पार्षद सविता, पार्षद पुष्पा राजा, पार्षद पूजा यादव, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद दीपा कुशवाहा, पार्षद रमेश गांधी आदि पार्षद मौजूद रहे।

**डीएम ने जारी किये निर्देश, वार्डों का निरीक्षण करेंगे ईओ** :पार्षदों द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर दिये गये ज्ञापन में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये हैं कि वह सभी पार्षदों के साथ उनके सम्बन्धित वार्डों में भ्रमण करेंगे और पार्षदों के द्वारा बतायी गयी समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुये उनके निस्तारण समयबद्ध तरीके से करेंगे।

# नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने पौधारोपण के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक



**समय जगत, महोबा।** वर्षा काल-2025 वृक्षारोपण महाअभियान हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी शाहिद मंजर अब्बास रिजवी (आई0ए0एस0) सचिव वित्त नें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की उपस्थिति में कलैक्ट्रेट सभागार में वन विभाग सहित सभी 26 अन्य वृक्षारोपण कार्यदायी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। नोडल अधिकारी, द्वारा आज प्रदेश में लगाये जा रहे 37 करोड़ वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत जनपद महोबा में वन विभाग द्वारा रोपित की जा रही 3900200 पौध एवं अन्य विभाग द्वारा रोपित की जा रही 3405818 कुल 7306018 पौधों के रोपण की तैयारी की विभागवार पूर्ण समीक्षा की गयी। वर्षा काल-2025 में वन विभाग द्वारा अपने कुल 147 स्थलों, पैचों में गड्ढा खुदान एवं बोना नालियों पर बीज बुआन के द्वारा रोपण किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु वन ब्लाक के किनारे सुरक्षा खाई का खुदान किया गया है तथा उस पर जंगली कॉटेदार प्रजाति के बीज बोये जा रहे है। प्रभागीय वनाधिकारी डा0 नरेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि वन क्षेत्र में प्रत्येक गड्ढ़ों में गोबर की खाद एवं वर्मी कम्पोस्ट का मिश्रण कर डाला गया। वन विभाग के साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर जनपद के बड़ी ग्राम पंचायतों के 22 स्थलों पर 2000 से लेकर 5000 हजार तक पौधे एक साथ लगाये जा रहे है व उन पौधों की सुरक्षा हेतु तारवाड़ी एवं जाली लगाई गयी। जिलाधिकारी के द्वारा इन 22 स्थलों हेतु एक-एक रोपण प्रभारी तथा एक-एक नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है। समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण के साथ-साथ जनपद में विशिष्ट वनों की स्थापना की जा रही है, जिसके अन्तर्गत बिलबई वन क्षेत्र में अटल वन, मझोल वन क्षेत्र चरखारी में एकता वन, भण्डरा वन क्षेत्र में शौर्य वन, कान्हा गौशाला, अजनर में गोपाल वन सहित कुल 16 विशिष्ट वनों की स्थापना जनपद महोबा में की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में कुल 06 विलुप्त प्रायः नदियों चन्द्रावल, विरमा, गौची, अर्जुन, सिहू, क्योलारी को पुर्नजीवित किये जाने के प्रयास एवं कराये गये कार्यो नोडल अधिकारी द्वारा सराहना की गयी। वृक्षारोपण महाअभियान में व्यापार मण्डल द्वारा जनपद में 5000 पौधे लगवाये जा रहे है। 2000 पौधों में व्यापार मण्डल द्वारा ट्रीगार्ड एवं शेष 3000 पौधें बाउण्ड्री के अन्दर लगवाये जा रहे है। ग्रामोदय संस्थान द्वारा जनपद में कुल 7000 महिला किसानों के माध्यम से पौध लगवायी जा रही है। जनपद में कुमकुम घर, अध्यक्ष, बिरजू महाराज कथक सेवा संस्थान, लखनऊ के मुख्य अतिथि विधायक, विधान परिषद सदस्य, महोबा के द्वारा शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज, राठ रोड़ महोबा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जायेगा, इसके बाद नोडल अधिकारी, द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखण्डों में वन विभाग सहित अन्य विभागों के विभिन्न स्थलों पर वृहद वृक्षारोपण में प्रतिभाग किया जायेगा।

बैठक में नोडल अधिकारी नें प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें तथा वृक्षों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया जाए। किसानो की आय को बढ़ाने के लिए किसानों को फलदार पौधे दिए जाएं तथा पौधों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों के सुझाव भी मांगे जाए तथा आम जनमानस को संदेश देते हुए कहा कि एक पौधा अपने मां के नाम जरूर लगाए। जीवन में पौधों का बहुत बड़ा महत्वपूर्ण है। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को फलदार वृक्ष दिए जाएं।

# मुस्करा पुलिस द्वारा 1 किलो 160 ग्राम नाजायज गांजा के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**समय जगत हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुस्करा पुलिस द्वारा अभियुक्त नन्दराम पुत्र अनारी पुत्र अनारी 01 किलो 160 ग्राम नाजायज



सूखा गांजा के साथ सरुआ डेरा तिराहा ग्राम बिहुनी कला से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 138/2025 धारा 8/20 ह्ष्ठक्च्ह्र पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 58 वर्षीय किसान की हुई मौत



**समय जगत हमीरपुर ।** जनपद में चिकासी थाना क्षेत्र के रहंक बम्बी के पास खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे 58 वर्षीय एक किसान को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में किसान की मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मंगलवार को मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राठ क्षेत्र के चिकासी थाना अंतर्गत रहंक गाँव का निवासी 58 वर्षीय किसान नाथूराम पुत्र मुन्नीलाल खंगार जो कि अपनी रिश्तेदारी में उरई जाने के लिए दोपहर करीब 12 बजे रहंक बम्बी पर खड़ा हुआ था। तभी उसी दौरान तेज रफ्तार राठ की ओर से जा रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में किसान नाथूराम सड़क पर गिरकर घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने किसान नाथूराम का प्राथमिक उपचार कर उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उरई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान किसान नाथूराम की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक किसान नाथूराम के हिस्से में सात बीघा कृषि भूमि थी। जिसमें खेती किसानी कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी शकुंतला देवी के अलावा इकलौते पुत्र नरेश और पुत्री रिंकी और पिंकी सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव-गांव खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरी, डीएम ने की बैठक

**बांदा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किए जाने के संबंध में बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना को असमस्त खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत सचिवालय में स्थान चिन्हित कर ले। जनपद स्तर पर एक कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी में स्मार्ट टीवी, कैमरा सहित एवं कंप्यूटर सेट तथा पुस्तकों को रखा जाएगा। यह डिजिटल पुस्तकालय बृहद आबादी वाले ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। डिजिटल लाइब्रेरी हेतु स्थान चिन्हित कर सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। डिजिटल लाइब्रेरी हेतु पुस्तकों का चयन एवं अन्य फर्नीचर सहित सुविधाओं को शासनादेश के अनुसार बनाए जाने की निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य कोषाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवक का हुआ पोस्टमार्टम

**बांदा(** थाना अतर्रा क्षेत्रान्तर्गत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को भेजा। प्राप्त तहरीर के आधार पर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।।

### घायल गोवंश की मौत

**बांदा।** बीते दिनों एक हाइड्रा वाहन ने गोवंश को जख्मी कर दिया। जिसे इलाज को गोशाला भेजा गया। इलाज में गोवंश को कोई राहत नहीं मिली उसकी आज मौत हो गयी। बताया जाता है कि गोवंश का अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक करवाया गया है। गो रक्षा समिति के सदस्यों का कहना है कि पशु विभाग की टीम को बुलाकर पोस्टमार्टम भी करवाया गया है। दोषी खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए चैकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया गया है।

### खोये/गुमशुदा मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान



**समय जगत, चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 51 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख 40 हजार रूपये है को बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे। प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 51 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक-08.07.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया।

### गलत इंजेक्शन लगने से आठ बच्चों की हालत बिगड़ी

**समय जगत, महोबा।** जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड तीन में इंजेक्शन लगने के बाद आठ बच्चों की हालत बिगड़ने के मामले में अब अस्पताल प्रशासन ने चुप्पी तोड़ दी है। सीएमएस डॉक्टर पवन अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया है कि यह गंभीर चूक अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते हुई है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की गंभीरता को समझते हुए बच्चा वार्ड और इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया, जिसमें कई अहम खामियां सामने आईं।

दरअसल, सोमवार रात बच्चा वार्ड तीन में भर्ती आठ बच्चों को जब इंजेक्शन लगाए गए तो उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। सभी बच्चों को तेज बुखार, कंपकंपी और उल्टी की शिकायतें हुईं, जिससे अस्पताल में मौजूद उनके परिजन घबरा गए और वार्ड में अफ़रा-तफ़री मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल सभी डॉक्टरों और स्टाफको बुलाया गया। सीएमएस द्वारा जब आज मामले की लेकर निरीक्षण किया गया तो सामने आया कि जिन बच्चों की तबीयत बिगड़ी, उन्हें ब्मजितपइवदम 1ळउ इंजेक्शन लगाया गया था। पूछताछ में पता चला कि यह इंजेक्शन स्टाफद्वारा पहले से सिरिंज में भरकर रखा गया था, जिसके कारण दवा में रिएक्शन हुआ और बच्चों की हालत बिगड़ी। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि अभी भी इमरजेंसी और बच्चा वार्ड में कुछ इंजेक्शन पहले से भरे हुए रखे गए थे, जिस पर सीएमएस ने कड़ी नाराजगी जताई। सीएमएस डॉ. पवन अग्रवाल ने निर्देश दिए हैं कि अब किसी भी हालत में कोई इंजेक्शन पहले से भरकर नहीं रखा जाएगा। इस घटना के लिए बच्चा वार्ड में तैनात स्टाफनर्स संगीता सोनी की भूमिका की भी जांच की जा रही है, और उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की लापरवाही भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्टाफको चेतावनी देते हुए कहा कि मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर जा रहे दंपति का जेवरात से भरा पर्स हुआ गुम

## पुलिस ने त्वरित खोजकर दंपति को सौंपा, महोबा पुलिस का जताया आभार



**महोबा ।** थाना महोबकंठ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सौरा निवासी अनिल कुमार अनुरागी पुत्र अमान बाबू अनुरागी ने थाना महोबकंठ पर समय लगभग 7 बजे सूचना दी कि वह अपनी पत्नी जयदेवी अनुरागी के साथ मंदिर दर्शन हेतु गए थे, इसी दौरान उनकी पत्नी का पॉकेट बैग, जिसमें एक सोने का हार (कीमत लगभग 1,80,000), एक सोने की जंजीर कीमत लगभग 55,000 एक जोड़ी चांदी की पायल कीमत 10,000 लगभग तथा चांदी की बिछिया गिर गया है और कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी सौरा थाना महोबकंठ उ0नि0 नरेश चन्द्र निगर मय हमराह का0 राहुल द्वारा तत्काल सक्रिय होकर खोजबीन प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा ग्राम सौरा के पास हाइवे किनारे से उपरोक्त कीमती सामान सुरक्षित रूप से बरामद कर लिया गया। तत्पश्चात पीड़ित अनिल कुमार अनुरागी व उनकी पत्नी जयदेवी को थाने पर बुलाकर ससम्मान समस्त सामान सुपुर्द किया गया। पीड़ित दंपत्ति द्वारा जनपद महोबा पुलिस की संवेदनशीलता, ईमानदारी और त्वरित कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हार्दिक आभार प्रकट किया गया। जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा व सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही पुलिस की जनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर न्याय का दिया भरोसा



**महोबा ।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत, समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कियेध्कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# नगर पालिका व नगर पंचायत अधिकारियों को दिए निर्देश

**बांदा।** सदस्य उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग रमेशचंद्र कुण्डे ने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के अधिकारियों को सफाई कर्मियों के देयकों एवं मृतक आश्रितों के नियुक्ति प्रकरणों का समय से निस्तारण करने एवं संविदा कर्मियों का भुगतान समयानुसार कराये जाने के निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किये जाने एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा अनुसूचित जाति अत्याचार उत्पीडन के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने के संबंध में जानकारी ली। बताया कि गतवर्ष 4028 अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की भी समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अनुसूचित जाति के लोगों को चिकित्सा सुविधा हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। पीएम जन आरोग्य योजना एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए मलिन बस्तियों में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। अनुसूचित जाति बस्ती एवं मलिन बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखने तथा साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पी0के0पाण्डेय, समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक अवस्थी सहित अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद पुलिस की कार्यशाला संपन्न



**समय जगत, हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज-ङ्क के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों/ मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया। महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला एवं बालिकाओं को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया व स्वयं नियमें का पालन करते हुए अपने घर व आसपास के लोगों का भी जागरुक करने के लिए कहा गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हैल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइवर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# सिकरी अमान गांव के पास रोड पर पूर्णतः जली हुई कार में मिले शव, पुलिस ने किया मामले का खुलासा



**समय जगत चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री फहद अली के पर्यवेक्षण एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एम.पी. त्रिपाठी एवं थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह तथा उनकी टीम द्वारा दिनाँक 30.06.2025 को थाना राजापुर अन्तर्गत सिकरी अमान गांव के पास रोड पर जली हुई कार में पूर्णतः जला हुआ शव का खुलासा। घटना कारित करने वाले एक अभियुक्त व घटना में शामिल एक अभियुक्ता (पति- पत्नी) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता सुनील सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवां जनपद रीवा म0प्र0 हेमा पत्नी सुनील सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी कनपुरा थाना जवां जनपद रीवा म0प्र0 को ग्राम आनन्दपुर रगौली के पास थाना कोतवाली कर्वी,दिनांक 07.07.2025 समय 23.40 बजे गिरफ्तार किया गया उल्लेखनीय है कि दिनाँक 30.06.2025 को थाना राजापुर को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सुबह 04.30 बजे लालता रोड से राजापुर की तरफ आने वाली सड़क पर ग्राम सिकरी अमान के पास एक गाड़ी अल्टो च्10 रजिस्ट्रेशन नं0 स्क्क19 छ्क्र3053 की जलने की सूचना पर फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग को बुझाया गया जिसमें एक अज्ञात शव पूरी तरह से जल चुका है। दिनाँक 02.07.2025 को वादी गिरजा शरण सिंह पुत्र स्व0 जौहरीलाल निवासी कंधवनिया थाना राजापुर जनपद चित्रकूट थाना राजापुर में सूचना दी कि दिनांक 30.06.2025 को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुयी कि ग्राम सिकरी अमान राजापुर छीबो रोड पर किनारे एक अल्टो कार जिसका न0 स्क्क19 छ्क्र3053 सड़क के किनारे खड़ी है उसमें एक शव भी पूर्ण रूप से जला हुआ मिला है, जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है। उक्त गाड़ी मेरे साले सगमेन्द्र सिंह के नाम है जिसको हमारे दामाद सुनील सिंह पुत्र अवध बिहारी सिंह निवासी कनपुरा थाना जवा जिला रीवा मध्य प्रदेश द्वारा चलायी जाती थी। बेटे सतेन्द्र सिंह मौके पर अमान गांव गये थे उन्होंने देखकर बताया कि यह वही कार है जो मेरे दामाद सुनील सिंह चलाते थे। पुत्री हेमा सिंह से पूछने पर बतायी कि सुनील दिनांक 29.06.2025 को मोबाइल नम्बर 9039033661 लेकर शाम 08.00 बजे हार्वेस्टर के ड्राइवर को लेने के लिए सुल्तानपुर अकेले गये थे, सुनील से करीब 11.20 बजे रात को बात हुई थी। सुनील ने बताया था कि मैं इस समय रामबाग(बरगढ़) के पास में हूँ उसके बाद मोबाइल स्वीच आफ हो गया था। पता चला है कि गाड़ी में पुलिस को जला हुआ मोबाइल व सिम मिला लेकिन शव की पहचान नहीं हो पायी है न ही सुनील सिंह अभी तक मिले है। ऐसे में मेरे दामाद सुनील सिंह की अचानक गाड़ी में आग लगने से भी मृत्यु हो सकती है लेकिन यह भी आशंका है किन्हीं अज्ञात व्यक्तियो द्वारा मेरे दामाद की हत्या करके गाड़ी में आग लगा दिया हो, जिससे शव पहचान में न आये। इस लिखित सूचना पर थाना राजापुर में मु0अ0सं0 167/25 धारा 103(1),238 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु एसओजी प्रभारी व थानाध्यक्ष राजापुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान अज्ञात शव की शिनाख्त मृतक की पत्नी हेमा द्वारा अपने पति सुनील सिंह के रूप में किया गया जिस पर थाना राजापुर पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया तथा डीएनए मैच हेतु सैम्पल लेकर जांच हेतु भेजा गया था।

## चंदेल शासकों द्वारा आठवीं सदी में निर्मित मदन सागर का लगभग 8 किलो मीटर तटबंध अतिक्रमण के चलते हुआ जमींदोज

**महोबा ।** पुरातत्व सम्पदा को सहेजने तथा उसके रखरखाव बावत केन्द्र सरकार द्वारा जिले मे पुरातत्व विभाग की स्थापना कर उक्त जिम्मेवारी विभागीय अधिकारियो, कर्मचारियो को सौपी थी। पुरातत्व सम्पदा मे शामिल चंदेल शासको द्वारा निर्मित मठ मंदिरो, तालाबो के संरक्षण और सम्बर्धन बावत प्रतिवर्ष केन्द्र सरकार द्वारा पुरातत्व विभाग को करोड़ो रूपये की धनराशि उपलब्ध करायी जाती रही है। परंतु पुरातत्व विभाग की खाऊ- कमाऊ नीति के चलते महोबा जनपद मे नामचीन पड़ी पुरातत्व सम्पदा विलुप्तीकरण की कगार पर जा खड़ी हुई है। उदाहरण के तौर पर शहर के दक्षिण दिशा मे स्थित चंदेल शासको द्वारा निर्मित मदन सागर के लगभग 3 किलो मीटर तटबंध पर पुरातत्व विभाग की अकर्मण्यता तथा उदासीनता के चलते अतिक्रमण की चपेट मे आ गया है। मदन सागर के तटबंध पर ही अनेको आलीशान हवेलियो का निर्माणकर लोगो ने समूचे तटबंध पर अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। इतना ही नही तटबंध पर बने पुरातत्विक ढेवा चौकी, मनियादेव मंदिर, भैसा दरवाजा, हाथी दरवाजा अतिक्रमण की चपेट मे आकर अपने अस्तित्व पर आंसू बहा रहे है। मदन सागर के उत्तरी भाग मे भैसा दरवाजा तथा पूर्वी भाग मे हाथी दरवाजा इस बात की गवाही दे रहे है कि मदन सागर के तटबंध पर राजा मदन वर्मन का आलीशान भवन रहा होगा भवन और उनके आराध्य देव के मठ मंदिर जिनके अवशेष आज भी विद्वमान है परंतु कलांतर मे मदन वर्मन तथा उनके वंशजो को तटबंध को मठ मंदिरो से सजाया संभाला गया था तथा राजमहल के निकट ढेवा चौकी जो उनकी सेना का एक बहादुर सेना नायक हुआ करता था। चंदेश शासको का आराध्य देव का मंदिर तथा मनियादेव से चंद कदमो की दूरी पर मॉ आदिशक्ति का मंदिर इस बात की गवाही दे रहा है कि राजा का महल मदन सागर के तट पर ही था परंतु आज वह अतिक्रमण की चपेट मे आकर लोगो ने तमाम फेरबदल कर अपने आलीशान भवन मे परिवर्तित कर लिया है।

गत दिनो बुंदेली समाज द्वारा जिलाधिकारी द्वारा पत्र लिखकर मदन सागर की स्वच्छता अक्षण्णुता को बरकरार रखने तथा तटबंध पर चंदेल शासको द्वारा निर्मित मंदिरो का पुर्नुद्धार कराये जाने तथा तटबंध पर छाये अतिक्रमण को हटाये जाने बावत ज्ञापन सौपा था। बुंदेली समाज द्वारा जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन पर जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही अमल मे न लाये जाने से बुंदेली समाज के लोग आहत और निराश दिख रहे है। चंदेल शासको द्वारा सेना नायक आल्हा और ऊदल की वीर गाथाओ से महोबा जनपद भारत मे ही नही विदेशो मे भी जाना पहचाना जाता है। परंतु चंदेल शासको की कई वर्ष तक राजधानी रहे महोबा जनपद को चंदेल शासको द्वारा अत्यन्त मनमोहन और रोचक तरीके से सजाया संभाला गया था जिसके अवशेष आज भी विद्यमान है।

# सार-समाचार

## भामसं ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**समय जगत, हरदा।** मप्र.कार्यभारित एवं दैनिक वेतनभोगी श्रमिक महासंघ संबद्धता भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री मंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में लेख है कि हरदा जिले की शासकीय विभागों में काम करने वाले जैसे,नगरीय निकायों में,वन विभाग,शासकीय महाविद्यालय, जलसंसाधन विभाग,सहीत अन्य विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी,मस्टर कर्मी,अंशकालिक कर्मचारियों को स्थाई कर्मी घोषित किए जाने सहीत अन्य तेरह सूत्रीय मांगों को पूरा करने के संबंध में भारतीय मजदूर संघ जिला हरदा पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन देते समय नर्मदापुरंम विभाग प्रमुख जितेन्द्र सोनी भामसं,जिलाध्यक्ष मुकेश धामनदेकर,जिला मंत्री प्रबल पंवार ,जिला संयोजक दिनेश कुमार जांगरे कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ,नगर पालिका हरदा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, वन विभाग,जल संसाधन विभाग कर्मचारी,नपा.हरदा विनियमित स्थाई कर्मी कर्मचारी सहीत भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में वृहद स्तर पर मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व



**बिस्टान ।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व वृहदस्तर पर मनाया जाएगा।इसके लिए गायत्री परिजन क्षेत्र में घर-घर जाकर गुरु शिष्यों को आमंत्रन दे रहे हैं।आयोजन को लेकर शक्ति पीठ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम गुप्ता ने बताया कि परम् पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य के द्वारा बिस्टान शक्ति पीठ पर 1981 में माँ गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी।गुरुदेव का यह तीर्थ स्थल अपने आप मे ऊर्जावान है।यहाँ पर साधना करने से प्रत्येक साधक को ऊर्जा मिलती हैओर शरीर मे विद्युत के जैसा प्रवाह होता है।इसीलिए गुरुपूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे।जिसमें 9 जुलाई बुधवार को साढ़े तीन बजे से साधको का रजिस्ट्रेशन,शाम 5 से साढ़े 6 बजे तक सामुहिक साधना,7 बजे आरती ओर साढ़े 8 बजे प्रोजेक्टर के द्वारा गुरू संदेश दिया जायेगा।10 जुलाई को प्रात: 5 बजे से 6 बजे तक साधना ओर गुरू चरण पादुका पूजन और आने वाले नये शिष्यों के घर देवस्थापना और गुरु दीक्षा दी जायेगी।गुप्ता ने बताया कि भगवानपूरा तहसील में घर घर जाकर आमंत्रण पत्र दिये गये है हजारों की संख्या में भक्त जन कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। 10 जुलाई को 9 बजे से हवन पूजन होगा उसके बाद आरती व प्रसादी का वितरण किया जायेगा।इस अवसर पर शक्ति पीठ ने सभी साधको ओर परिजनों से अधिक से अधिक संख्या में आने का आग्रह किया है।

## झाड़ियों में मिला नवजात बालक , पुलिस कर रही है मामले की जांच

**अमझेरा।** मांगोद मनावर मार्ग के आमला फाटा कि पुलिया के पास अज्ञात नवजात बकरी चराने वाले को मिला जिससे क्षेत्र मे सनसनी फेल गई।जंगल मे बकरियां चराने वाले जयराम मोरे ने नवजात को देखा जिसको देखकर वो घबरा गए जिसके बाद तुरंत अपने पुत्र संतोष मोरे निवासी आमलिया पानी को सूचना देकर बुलाया और नवजात को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमझेरा आये।अस्पताल मे डॉ तरुणा सिंगार ने नवजात कि जांच की जिसमें बालक मृत पाया गया।डॉक्टर ने बताया कि बालक नवजात है जिसका वजन 2 किलो से अधिक है। अस्पताल लाने वाले संतोष ने बताया कि नवजात जंगल मे मिला तब जीवित था अस्पताल लाने के दौरान रास्ते मे दम तोड़ दिया।केशवी चौकी प्रभारी रमेश चंद्र डामोर ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद मोके पर पहुंचे थे।मर्ग क़ायम कर मामले कि जाँच प्रारम्भ कर दी है। आसपास से अस्पतालो से जानकारी जुटाई जा रही है।अमझेरा मुक्ति धाम पर गड्डा खोद कर नवजात के शव को दफनाया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों ने बनाई पेंटिंग

**समय जगत, अमझेरा।** राजपुरा स्थित दीक्षित इंटरनेशनल स्कूल मे मंगलवार को ग्रीन डे मनाया गया।स्कूल परिसर मे आयोजित कार्यक्रम मे अतिथि पत्रकार अभिजीत पंडित, पत्रकार रहिस शेख, पत्रकार रोहित राठौड़ ने सर्वप्रथम सरस्वती माता का विधिवत पूजन कर शुरुआत कि गई।विद्यालय के डायरेक्टर अमित दीक्षित, मनीष शर्मा प्राचार्य प्रेम कुमार वैध ने पुष्पमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।छात्रा दक्षा दीक्षित सहित अन्य बच्चों के द्वारा पर्यावरण एवं हरियाली को लेकर गीत एवं कविता प्रस्तुत कि गई।इस दौरान बच्चों ने पेड़ एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली ड्राइंग भी बनाई गई।

# कोटवारों ने घटिया वर्दी के बहिष्कार को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**प्रांतीय आह्वान पर बिछिया सहित जिले की सभी तहसीलों में ज्ञापन सौंपा गया, उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**समय जगत, मण्डला।** बिछिया तहसील के समस्त कोटवारों ने घटिया गुणवत्ता वाली वर्दी के बहिष्कार को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बिछिया तहसीलदार को सौंपा। यह ज्ञापन कोटवार संगठन के बिछिया तहसील अध्यक्ष श्री राजेंद्र पड़वार के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी कुंवर दास धारवैया, तहसील सचिव संपत दास, श्रीमती मीनाबाई, रामनाथ विश्वकर्मा, हरिदास सहित बड़ी संख्या में कोटवार साथी उपस्थित रहे। जिले भर में एकसाथ सौंपा गया।


ज्ञापन संगठन के मार्गदर्शक पी.डी. खैयवार एवं प्रदेश प्रवक्ता शंकर दास पड़वार ने बताया कि यह ज्ञापन कार्यक्रम संगठन के प्रांतीय आह्वान पर जिले की सभी तहसीलों एवं उपतहसीलों-मवई, नैनपुर, मंडला, बीजाडांडी, नारायणगंज, निवास, मोहगांव, घुघरी एवं अंजनिया-में एकसाथ आयोजित किया गया। भारी बारिश के बावजूद कोटवारों ने अपने-अपने तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।



**सरकार ने वर्दी जबरन थोपी तो होगा उग्र आंदोलनः** ज्ञापन सौंपने के बाद आयोजित एक संक्षिप्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि सरकार द्वारा कोटवारों पर घटिया गुणवत्ता की वर्दी जबरन थोपी जाती है, तो संगठन प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव के नेतृत्व में राजधानी भोपाल में उग्र आंदोलन करेगा। आंदोलन के माध्यम से अन्य लंबित मांगों को लेकर भी सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। कोटवार संगठन ने स्पष्ट किया है कि वे अपने सम्मान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे, और आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश स्तर पर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

# बुलंद इतिहास की गवाही दे रहा है गिन्नौरगढ़ का किला

**समय जगत, रायसेन।** गिन्नौरगढ़ मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित एक किला है। यह रातापानी टाइगर रिजर्व में 700 मीटर ऊंची चट्टानी चोटी पर स्थित है। इस महल का निर्माण संभवतः निजाम शाह ने करवाया था, जो एक शक्तिशाली गोंड सरदार थे। निजाम शाह को उनके भतीजे, चैनपुर बारी के प्रमुख द्वारा जहर दिए जाने के बाद, उनकी विधवा माँ रानी कमलापति और उनके बेटे ने किले में शरण ली थी। इतिहास के पन्नों में आज भी वीरता के कई किस्से अपने पढ़े और सुने होंगे पर आज ईटीवी भारत आपको गोड़ साम्राज्य की अंतिम हिंदू रानी की दास्तान से रूबरू कराएगा जिसने अपनी आबरू सम्मान और अपने राज्य की रक्षा करने के लिए अंत में जल समाधि लेने का फैसला किया था 18वीं शताब्दी की यह महान रानी गोड साम्राज्य की एक सुंदर बुद्धिमान और जल प्रबंधन की महान शख्सियत थी गिन्नौरगढ़ का किला आज भी इन्हीं के नाम से जाना जाता है पति की मौत होने के बाद उन्होंने अपने बच्चों के साथ इस सल्तनत को संभाला था पर इस



खुशहाल सल्तनत को भोपाल के नवाब दोस्त मोहम्मद खान की बुरी नजर लग गई जिसके कारण अंतिम हिंदू रानी को जल समाधि लेनी पड़ी गिन्नौरगढ़ का यह प्राचीन किला आज भी अपने इतिहास की दास्ता को बयां करता है मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर रातापानी टाइगर रिजर्व के घने जंगल की 700 मीटर ऊंची चट्टान पर यह किला मौजूद है जो अपने बुलंद इतिहास और रानी की वीरता की गवाही देता है। मध्य प्रदेश के इतिहास की बेहतर जानकारी रखने वाले राजीव चौबे बताते हैं कि मध्य प्रदेश के साथ पूरे देश भर में रानी कमलापति का नाम बड़े आदर के साथ लिया जाता है यह गोंड साम्राज्य की अंतिम हिंदू रानी थी जिन्हें अपनी बुद्धिमत्ता वीरता और जल प्रबंधन जैसे विषयों के कौशल के लिए जाना जाता था वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश गवर्नमेंट ने रानी कमलापति के नाम पर हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन रख दिया था यह कदम आदिवासी समुदाय के साथ अंतिम हिंदू रानी कमलापति के प्रति सम्मान को भी दर्शाता है रानी कमलापति का जीवन एक मिसाल के रूप में देखा जाता है रानी का जन्म सीहोर जिले के सलकनपुर के राजा कृपाल सिंह सरौतिया के घर हुआ था। कमलापति बचपन से ही सुंदर, बुद्धिमान और साहसी थीं। 18 वीं शताब्दी में गिन्नौरगढ़ के राजा निजाम शाह से किया गाया था कमलापति निजाम शाह की सात पत्तियों में से एक थी पर राजा का ज्यादातर स्नेहा रानी कमलापति के प्रति ही रहता था जिसकी मूल वजह रानी की सुंदरता बुद्धिमत्ता और कुशल प्रबंधन जिससे प्रभावित होकर राजा निजाम शाह का विशेष आकर्षण कमलापति के प्रति रहा करता था।

**दोस्त मोहम्मद खान का हमला**

रानी कमलापति के पति निज़ाम शाह की मृत्यु के बाद, भोपाल के नवाब दोस्त मोहम्मद खान ने मौके का फायदा उठा कर गिन्नौरगढ़ पर हमला कर दिया जिससे गिन्नौरगढ़ की सुरक्षा व्यवस्था डगमगाने लगी रानी ने अपनी अस्मिता, सम्मान, धन और आबरू बचाने के लिए, रानी कमलापति ने जल समाधि लेने का फैसला किया बताया जाता है उन्होंने अपने सम्मान और धन को बचाने के लिए बड़े तालाब का पानी छोटे तालाब में छोड़ा और फिर जल समाधि ले ली।

## सीएमएचओ ने की शहरी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों के कार्य की समीक्षा

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे की उपस्थिति में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संजीवनी क्लीनिक एवं मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पर पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा सीएमएचओ कार्यालय पर की गई। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ ने चिकित्सकों को सार्थक ऐप से उपस्थित लगाने, पूरे समय अस्पताल में उपस्थित रहकर सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकों एवं स्टाफ का समय पर मानदेय अथवा पारिश्रमिक का भुगतान किया जाए। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर और आउटसोर्स स्टाफ की उपस्थिति एवं किए जा रहे कार्यों की नामवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यकता अनुसार फर्नीचर एवं आवश्यक दवाइयां आदि की तत्काल प्रतिपूर्ति की जाए। चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिए जाने वाले इंसेंटिव के बारे में बताया तथा ऑनलाइन प्रविष्टि कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा ताकि निर्धारित समय पर सभी प्रकार के इंसेंटिव का भुगतान किया जा सके। अस्पतालो में बिजली की व्यवस्था सुचारू करने के लिए कहा। बैठक के दौरान शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गौरव बोरीवाल और अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के संबंध में जिला चिकित्सालय रतलाम और रतलाम ग्रामीण विकासखंड के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने प्रत्येक प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की और मामलों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**समय जगत, रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने जनकल्याण के मुद्दो से संबंधित सीएम हेल्पलाईन, समयावधि पत्रो, समग्र ई-केवायसी, ई-ऑफिस, सी एम डैशबोर्ड से संबंधित योजनाओं की विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रृंगार श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, पीएचई, आई.टी विभाग, लोक निर्माण विभाग जनजातीय कार्य विभाग को सीएम हेल्पलाइन शिकायत का काम संतोषजनक नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की एवं काम में गति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी विभाग प्रमुख सी एम हेल्पलाइन की शिकायत वार समीक्षा कर, निराकरण योग्य शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें, सी.एम. हेल्पलाइन की ऐसी शिकायतें जो फोर्स क्लोज योग्य है, उन्हें फोर्स क्लोज करवाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं को दिए गए लक्ष्य एवं प्राप्त की गई उपलब्धि की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही लक्ष्य पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित करवाने के लिए निर्देशित किया। 108 एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं होने की शिकायते आम जन से प्राप्त होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने 108 एम्बुलेंस समय पर उपलब्ध हो रही है या नही, एम्बुलेंस की लोकेशन की ट्रेकिंग की जानकारी लेने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार सभी अधिकारी ई ऑफिस प्रक्रिया से ही ऑफिस का संचालन प्रारंभ करे, सभी फाइलें ऑनलाइन ही भेजे। जिन विभागों में कर्मचारियों की ई ऑफिस लॉगिन आईडी नही बनी है वह शीघ्र आईडी बनावाये। सिविल सर्जन, पीएचई, हाउसिंग डिपार्टमेंट की ई-ऑफिस की आईडी बनाने में आ रही समस्या का जल्द हल करने के निर्देश दिए। जो अधिकारी/कर्मचारी स्थानांतरण होकर आए है वह अपनी ई-ऑफिस आईडी जल्द स्थानांतरण करवाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी/कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए शासन द्वारा आई गॉट कर्मयोगी ऐप बनाया गया है। सभी अधिकारी/कर्मचारी आई गॉट कर्मयोगी ऐप पर प्रशिक्षण प्राप्त करे। म.प्र. शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में आमजन के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों के आधार पर करवाए गए सर्वेक्षण में सीएम डैश बोर्ड रैंकिंग में 85.34 प्रतिशत अंकों के साथ रतलाम जिला प्रदेश में 8 वें स्थान पर है। जिसमें 38 योजनाओं के इंडिकेशन के आधार पर जिले को यह रैंकिंग प्राप्त हुई है। बैठक में कलेक्टर ने सीएम डैश बोर्ड की जानकारी लेते हुए विभागवार अधिकारियां को रेटिंग सुधारने के लिए निर्देशित किया।

## चलती गाड़ी में लगी आग, विनोद ज्वेलर्स के मालिक मनोज सोनी ने सूझबूझ से बचाई जान और आभूषण

**समय जगत, मंडला।** चौगान और बंजारी घाट के बीच एक चलती गाड़ी में आग लगने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब विनोद ज्वेलर्स के मालिक मनोज सोनी, मुनु की बाजार में अपनी सोना-चांदी की दुकान लगाने के बाद लौट रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अचानक उनकी गाड़ी में आग लग गई, जो देखते ही देखते तेजी से फैल गई और पूरी कार जलकर खाक हो गई। हालांकि, मनोज सोनी ने अपनी सूझबूझ और सतर्कता से न सिर्फ खुद की और अपने साथियों की जान बचाई, बल्कि गाड़ी में रखे कीमती सोना-चांदी के आभूषणों की पेटी को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन घटना के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। लोग मनोज सोनी की सतर्कता और साहस की जमकर सराहना कर रहे हैं।



### इनका कहना है

जानकारी मिलते ही हमारी टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। इस संबंध में अभी तक संबंधित पक्ष द्वारा कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही मामले की जांच की जाएगी। मौके पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि कार में तकनीकी खराबी के कारण आग लगी थी। वाहन स्वामी द्वारा इसकी सूचना कंपनी को दे दी गई है।

**विकास तोमर**
**चौकी प्रभारी, हिरदेनगर**
**थाना महाराजपुर, मंडला**

# कलेक्टर श्री जैन ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**समय जगत, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय,सुश्री रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में हंडिया के ग्रामीणों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर फोकटपुरा मोहल्ले में कीचड़ एवं गंदगी होने के संबंध में शिकायत की,जिस पर उन्होने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। ग्राम हंडिया निवासी गोपाल इवने ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे पत्नि की मृत्यु के बाद अभी तक संबल योजना व अंत्येष्टी सहायता योजना की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में भुन्नास निवासी अखिलेश भाटी ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि



लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे पुलिया निर्माण के कारण उसके पिता की भूमि में जल भराव तथा भूमि का कटाव हो रहा है। इस पर उन्होने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम पचौला निवासी गोपाल ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है, जिस पर उन्होने तहसीलदार हंडिया को आवेदक के प्रकरण की जांच कर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम भाटपरेटिया निवासी गोपाल शर्मा ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर आदर्श बीज उत्पाद एवं क्रय विक्रय प्रक्रिया सहकारी समिति चारखेड़ा द्वारा सोयाबीन का खराब बीज देने के संबंध में शिकायत की,जिस पर उन्होने उप संचालक कृषि को मामले की जांच करने के निर्देश दिये।

# पुलिस ने हत्या में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समय जगत, मंडला।** दिनांक 06.05.25 को चौकी हेलापडावा पर सूचना प्राप्त हुई कि, बांस वृक्षारोपण वन विभाग का जंगल ग्राम पलोना मे एक व्यक्ति मृत अवस्था मे पड़ा हुआ है जिसके गले मे गमछा डाला हुआ है। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मर्ग क्रमांक 32/25 धारा 194 क्ष्हस्स का पंजीबद्ध कर जांच मे लिया गया। प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया व घटनास्थल पर पहुँच कर वहाँ आसपास सर्चिंग के दौरान पुलिस टीम को एक मोबाईल व एक मोटर साइकल खड़ी दिखाई दी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा मृतक की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस के द्वारा मृतक के फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया गया व मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान चेतन पिता राजे-?द्र आमोदकर उम्र 32 वर्ष निवासी म.नं. 120 नवनीत नगर, अमरावती रोड, नागपुर हाल अक्षरधाम कॉलोनी बुरहानपुर का होना पाया गया। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रतित हुआ कि, मृतक का किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गला घोंट कर हत्या कर दी गई है। हत्या की घटना की गंभीरता को देखते




हुये पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री राकेश आर्य एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक श्री नाथुसिंह रंधा व चौकी प्रभारी हेलापडावा उनि रमेशचन-?द्र गेहलोत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर उक्त हत्या की घटना मे शामिल आरोपी को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिला खरगोन से एफएसएल टीम, फिंगरप्रिन्ट टीम, सायबर सेल टीम व डॉग स्क्वाड के द्वारा भी घटना स्थल पर निरीक्षण कर मत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया साथ ही गठित पुलिस टीम के द्वारा मृतक के बैकग्राउंड व बुरहानपुर से घटनास्थल तक आने की कहानी को जाना।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली कि, मृतक बुरहानपुर मे एक ट्रैक्टर शोरूम मे काम करता है व वही काम करने वाली अपनी महिला मित्र के साथ रहता है। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा मृतक की महिला मित्र से जानकारी जुटाई गई जिसमे पुलिस टीम को पता चला कि मृतक चेतन दिनांक 05.05.25 को किसी ग्राहक जिसे ट्रैक्टर खरीदना था उसका फोन आने पर उससे मिलने के लिए गया था जो वापस नहीं आया है। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा ग्राहक की जानकारी जुटाई गई जिसमे जानकारी मिली कि चंदन नाम का व्यक्ति ही ग्राहक है और मृतक चेतन उसी से से मिलने के लिए निकला था। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने चंदन की तलाश की व उसे अभिरक्षा मे लिया जिसने पुलिस को पूछताछ मे मृतक चेतन को सावंत उर्फ रितेश, खुमसिंग एवं संजय के साथ मिलकर हत्या करने की घटना को स्वीकार किया। पुलिस टीम के द्वारा चंदन से प्राप्त जानकारी के आधार पर सावंत उर्फ रितेश, खुमसिंग एवं संजय को गिरफ्तार किया गया है जिन्होंने उक्त हत्या की घटना को कारित करना स्वीकार किया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

### हत्या करने का कारण

घटना के मुख्य मास्टरमाइन्ड सावंत उर्फ रितेश ने पुलिस को बताया कि, बुरहानपुर शहर में उसका एक ट्रेक्टर का शोरूम है जिसपर मृतक चेतन और उसकी महिला मित्र काम करते थे। मेरा चेतन की महिला मित्र से प्रेम प्रसंग हो गया था व हम अकेले मे मिलने लगे थे जिसकी जानकारी चेतन को लग गई थी। मुझे लगा कि चेतन मुझे बदनाम कर देगा और समाज में मेरी छवी खराब कर देगा इस कारण मैने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। इस योजना मे मैंने मेरी जान पहचान के खुमसिंग और चंदन को शामिल किया और काम हो जाने पर दोनों को 01-01 लाख रुपये देने की बात कही जिसमे दोनों राजी हो गए थे। योजना के अनुसार चंदन ने चेतन को ग्राहक बन कर ग्राम गाडम्बाम के आगे जंगल में बुलाया।

# अभिभावक- नागरिकों ने आमला बोडखी सड़क समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन, सांसद से सड़क सुधार की मांग

**समय जगत, आमला।** नगर के गणमान्य नागरिक, युवा एवं स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने आमला बोडखी पहुंच सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति से निजात दिलाने दुर्गादास उईके सांसद बैतूल-हरदा-हरसूद संसदीय क्षेत्र केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री दिल्ली के नाम शैलेंद्र बड़ोनिया अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आमला को ज्ञापन सौंपा गया है। इस ज्ञापन में आमला-बोड़खी सड़क मार्ग की खराब स्थिति के बारे में बताया गया।और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की गई । बताया गया सड़क पर अत्यधिक गड्डे हो चुके हैं जिससे लोगों को दिक्कत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से गुजरने वाले लोगों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है । सड़क पर पड़े गड्ढों की वजह से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसी मार्ग से केन्द्रीय विघालय व अन्य विधालय के बच्चें स्कुल आना-जाना करते हैं इसी मार्ग से एम्बुलेंस अन्य वाहन निकलते रहते हैं।



वहीं बारिश के मौसम में गड्ढे में पानी भरा रहने के कारण गड्ढे की गहराई का अनुमान लगाना वाहन चालक के लिए मुश्किल होता है। तेज रफ्तार वाहन गड्ढे की वजह से दुर्घटना के शिकार हो जाते है।और वाहन बेकाबू हो जाता है। जिस कारण गंभीर जानलेवा दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। ज्ञापन सौंपते समय अधिवक्ता मनोज दीवाने, राजेश अमझरे, दीपक छतवानी, अशोक पाल, विनेश डोंगरे, राकेश मोर्य, राजा पुंडे, अंकित, शमीमूल सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण और मरम्मत करवाया जाए ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

## किसानों ने 4 कंपनियों पर फर्जी सर्टिफिकेट बनाने का लगाया आरोप, की एफआईआर की मांग

**खरगोन।** जिले में जैविक खेती के नाम रसायनिक कपास बेचे जाने की शिकायतों के मामले थमते नजर नही आ रहे है। इसमें करोड़ों रुपए के घोटाले के साथ ही किसानों के साथ धोखाधाड़ी किए जाने के आरोप लग रहे है। मंगलवार को फिर 4 कंपनियों की नामजद शिकायत कलेक्टर एवं कृषि उपसंचालक के पास पहुंची है। शिकायत में बताया कि किसानों के नाम पर कागजों में जैविक खेती दशाई गई है, जबकि न तो कृषि विभाग न ही जिला प्रशासन के बाद कपास की जैविक खेती करने वाले किसानों का कोई स्पष्ट रिकार्ड है। शिकायतकर्ता रामदास पिता विक्रम, फूलसिंह पिता रायसिंह, सरदार पिता फूलसिंह, श्यामदास पिता विक्रम आदि ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उनकी अनुमति के बिना उनके नाम और दस्तावेजों का इस्तेमाल करके फर्जी जैविक प्रमाण पत्र और ट्रांजेक्शन सर्टिफिकेट बनाए गए। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जैविक कपास की बिक्री की गई। इस घोटाले में नामजद व्यापारी और निजी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस मामले की शिकायत कृषि अधिकारियों को भी की गई है।

## सार-समाचार

### अल्टो कार से शराब की तस्करी करते चार गिरफ्तार



**समय जगत, दतिया।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन एवं एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के तारतम्य में सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक अल्टो कार क्रमांक एम पी 07 सीई 4328 को रोका तो कार चालक कार को तेजी से भागने का प्रयास करने लगा जिसे फोर्स की मदद से रोककर गाड़ी को चेक किया तो गाड़ी के अंदर 4 आरोपीगणो के कब्जे से 6 पेटी में 54 लीटर देशी अवैध शराब कीमती 15 हजार रूपये तथा अल्टो कार जप्त कर शराब को ले जाने के संबंध में वाहन चालक से लाइसेंस मांगा गया तो नहीं बता पाया। पुलिस ने पकडे गए आरोपीगणों सुरेन्द्र पुत्र अवध किशोर वर्मा उम्र 32 साल, बाबी राजा पुत्र गोविन्द सिंह बुंदेला उम्र 50 साल, शकील उर्फ चुन्नु खां पुत्र बाबू खां उम्र 33 साल एवं राहुल वर्मा पुत्र गोविन्द वर्मा उम्र 25 साल सभी निवासीगण पण्डा की नरिया थाना कोतवाली दतिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 104/25 धारा 34 ( 2 ) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाई में उप निरीक्षक नितिन भार्गव थाना प्रभारी चिरूला, सहायक उप निरीक्षक रामेश्वरदयाल, प्रधान आरक्षक राजीव वर्मा, आरक्षकगण विमल मिश्रा, भूपेन्द्र कंसाना, कपिल शर्मा, जितेन्द्र प्रजापति, राघवेन्द्र साहू, शिवम दुबे की अहम भूमिका रही।

### मेडिकल कॉलेज दतिया में टीबी मरीजों के लिए बीपालएम उपचार की सुविधा शुभारंभ



**समय जगत, दतिया।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दतिया जिले के टीबी रोगियों हेतु नवीनतम उपचार सुविधा बीपालएम का शुभारम्भ शासकीय मेडिकल कालेज दतिया के टीबी व चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एमके भारती द्वारा नवीन ओपीडी भवन में किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय केन्द्र के कर्मचारी द्वारा दवा का वितरण एमडीआर टीबी मरीज को किया गया। टीबी व चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भारती द्वारा एमडीआर टीबी की नवीवतम उपचार प्रणाली के लाभ तथा कम दवाई व कम उपचार अवधि 6 माह के महत्व को मरीज व उसके परिजनों को समझाया गया तथा नियमित जॉच व सावधानियों को अपनाते हुए उपचार पूर्ण अवधि तक नियमित तरीके से पूर्ण करने हेतु कहा गया। बीपालएम एमडीआर टीबी व मरीजों हेतु नवीनतम उपचार प्रणाली है जिसमें केवल चार दवाओं को 6 माह या अधिक समय तक नियमित रूप से लेने पर गंभीर क्षय रोग को ठीक किया जा सकता है। सम्पूर्ण उपचार राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षय केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाया जावेगा।

### वार्ड 21 के पार्षद को वार्ड वासियों ने किया सम्मानित



**समय जगत, दतिया।** मोहर्रम पर्व पर वार्ड में साफ-सफाई व पानी की उत्तम व्यवस्था बनाए रखने के लिए वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद कमलेश सरगैंया को वार्ड के लोगों ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद कमलेश सरगेया ने कहा कि वार्ड वासियों की सेवा करना ही मेरा परम धर्म हैं क्योंकि इन्होंने ही मुझे पार्षद बनाया हैं। में वार्ड वासियों के लिए हर पल हर समय खड़ा रहूंगा मेरे परिवार जनों ने जो मुझे अपना प्रेम स्नेह रूपी सम्मान प्रदान किया हैं इसे मैं जीवन भर नहीं भूल सकता। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड क्रमांक 21 के वार्ड वासी शामिल हुए।

### अवैध याराब संग्रहण एवं विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई है जारी



**राकेश अजमेरा- समय जगत, खातेगाँव/ देवास।** देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में सोमवार को आबकारी वृत्त देवास ब में देवास के प्रताप नगर एवं शहर गश्त कर कार्यवाही की गई जिसमे जमीन में गड़े लाहन को नष्ट किया गया, कार्यवाही में बीस पाव देशी मदिरा प्लेन, दस लीटर हाथ भट्टी मदिरा सहित नो सो किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त सामग्री क़ीमत करीब 93500 रुपये है, कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, आरक्षक राजाराम रैकवार, अरविंद जिनवाल, आशीष, सैनिक किशोर, अनिल चोहान, अनिल ने मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

### सड़कों के बहुतायत निर्माण और जमीन में वाटर प्रोजेक्ट से नष्ट हो रहे पेड़

## बारिश का मौसम सवाब पर, पौधरोपण को लेकर उदासीन हैं जिम्मेदार

**समय जगत, मुरैना।** सड़कों के बहुतायत निर्माण और जमीन में वाटर प्रोजेक्ट, सीवर नाला निर्माण खुदाई होने के कारण वृक्षों का अभाव है। ज्ञात रहे कि कोरोना काल में वृक्षों की कमी के कारण ही ऑक्सीजन की कमी सामने आई थी जिसको लेकर कुछ समय तक लोगों के दिमाग में वृक्षारोपण का जुनून चढ़ा था लेकिन ग्राम पंचायत और शासकीय भवनों कार्यो पर जो लक्ष्य वृक्षारोपण का दिया गया था वह लक्ष्य तो पूरा कर लिया गया लेकिन वृक्षों का लालन पालन ठीक से नहीं हुआ तो वह वृक्ष सूखकर व मुरझाकर नष्ट हो गए। आज भी हमें वृक्षों की माहती आवश्यकता है।



प्रकृति के साथ ही जीवन का सहयोग खुशहाल रहता है लेकिन लोग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वृक्षों की कटाई और वृक्षों का उजड़ना तो लगातार जारी है लेकिन वृक्षों का रोपण करना फलदार और अच्छे वृक्ष लगाना यह व्यक्ति के नित्य कर्म में नहीं आ रहा है। वृक्षारोपण की योजना औपचारिक न हो बल्कि पर्यावरण संरक्षण की आपूर्ति के लिए बनाई गई जिसको लेकर प्रशासन अभी बेखबर जिला पंचायत स्वास्थ्य में मेहकमा शिक्षा विभाग , पुलिस प्रशासन ऐसे कई विभाग हैं जिनकी शासकीय भवन नए निर्माण किए गए जिन पर वृक्षों का अभाव है वहां वृक्षारोपण किया जाना अति आवश्यक है लेकिन अभी प्रशासनिक अधिकारियों ने इसके निर्देश जारी नहीं किये है इस कारण से वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। बुद्धिजीवी वर्ग में प्रशासन से अपील की है कि वह वारिस के मौसम का लाभ उठाते हुए वृक्षारोपण को करवाने हेतु विभागों के कर्मचारियों अधिकारियों को उचित आदेश देकर यह पुनीत कार्य में सहयोग करें। जहाँ एक ओर मुरैना ज़िले में मानसून ने दस्तक देकर हरियाली फैलाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण अभियान पर कोई गंभीर पहल अब तक नज़र नहीं आई है। हर साल बरसात के मौसम में बड़े-बड़े वृक्षारोपण अभियानों की घोषणाएँ की जाती हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। इस वर्ष भी प्रशासन ने न तो किसी व्यापक पौधारोपण अभियान की शुरुआत की, न ही स्थानीय स्कूलों, पंचायतों या नगर पालिका क्षेत्रों में सामूहिक वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया।

**स्थानीय जागरूक नागरिको की नाराजगी:** शहर के पर्यावरण कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक लगातार प्रशासन से आग्रह कर रहे हैं कि वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, ताकि शहर और ग्रामीण इलाकों में हरियाली बढ़ाई जा सके और पर्यावरण संतुलन बहाल किया जा सके। लेकिन प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

**पर्यावरणीय संकट की चेतावनी:** वन विभाग और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि मुरैना जैसे अर्ध-शुष्क क्षेत्र में वर्षा ऋतु ही पौधारोपण का सबसे उपयुक्त समय होता है। यदि इस समय को यूं ही गँवा दिया गया, तो आने वाले वर्षों में गर्मी और जल संकट और भी भयावह रूप ले सकते हैं।

**क्या सिर्फ कागज़ी खानापूरी बने रहेंगे अभियान ?:** प्रशासन द्वारा अक्सर पौधारोपण के लिए लक्ष्य तय किए जाते हैं, लेकिन इनका अधिकांश हिस्सा केवल कागज़ों तक ही सीमित रह जाता है। न तो उचित देखरेख होती है, न ही पौधों की निगरानी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह सब सिर्फ औपचारिकता है ?

## पांच महीने पहले बनी दो पुलिया बारिश में बही



**समय जगत, श्योपुर।** श्योपुर जिले की बड़ौदा तहसील में सिरसौद बंजारा बस्ती से सलमान्या तक बनी सड़क की दो पुलियां पहली ही बारिश में बह गईं। यह सड़क मात्र 5 महीने पहले ही बनकर तैयार हुई थी। लोक निर्माण विभाग ने इस 4 किलोमीटर लंबी सड़क को करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से बनाया था।

**पुलिया के दोनों ओर मिट्टी का कटाव हुआ:** सोमवार को जंगल क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण बरसाती नदियों में पानी का बहाव आया। दोनों पुलियां पानी में डूब गईं। पुलियाओं पर 3 से 4 फीट तक पानी बहने लगा। देर शाम तक पुलिया पानी के साथ बह गईं और उनके दोनों तरफ कटाव हो गया। स्थानीय सुग्रीव बंजारा सलमान्या, दिनेश मीणा, नवल कुशवाह, रोहित मेराठा का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान ही उन्हें घटिया निर्माण की आशंका थी। पुलियाओं में निम्न स्तर का मटेरियल लगाया गया था। उन्होंने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब सड़क भी कई जगहों से धंसने लगी है। एक साल पहले मंजूर हुई इस सड़क के निर्माण में गंभीर लापरवाही सामने आई है। पुष्कल प्रताप, कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी के प्रभारी ने बताया कि कैचमेंट एरिया में ज्यादा पानी आने से कटाव हुआ है। उन्होंने सड़क मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया है और मरम्मत का आश्वासन दिया है।

## दिल्ली के विशेषज्ञों ने खेतों का किया अवलोकन दिए कपास के बेहतर उत्पादन के टिप्स

### निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा किया गया कपास प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

**खरगोन।** कपास की खेती में बेहतर एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत निरंजनलाल अग्रवाल फांउडेशन ने जिले के 3 ब्लॉकों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में दिल्ली के विशेषज्ञों ने खेतों में पहुंचकर कपास फसलों का निरीक्षण कर, किसानों को वर्तमान में की जा रही कपास खेती में अमूलचूल परिवर्तन कर बेहतर उत्पादन के आसान और सरल उपाय बताए। निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रितेश अग्रवाल ने बताया कि भीकनगांव, गोगावां और सेगांव ब्लॉक के ग्राम गोपालपुरा, भोपाडा, सुंदरेल, मालखेडा, देवली, डालकी में आयोजित शिविरों में दिल्ली की बीटल रीजन संस्था के राजीव बरुहा, केविन सदारिया शामिल रहे। श्री बरुहा ने सघन खेती (एचडीपीएस/ सीएस) की जानकारी देते हुए पैदावार कैसे बड़ाए, नई तकनीको, बीज की वैरायटी चयन, कम डोरा कोल्पा, अंतर्वर्ती फसल, बॉर्डर फसल, रासायनिक दवाईयों का किस तरह उपयोग करें आदि की जानकारी विस्तार से दी।



**उत्पादन बढ़ाना है, तो बढ़ाना होगी पौधों की संख्या :** श्री राजीव ने कृषि लागत कम या आवश्यकता अनुसार करने के तरीके साझा किये। उन्होंने कहा की यदि कपास का प्रति एकड़ कपास का उत्पादन बढ़ाना है, तो हमें प्रति एकड़ कपास की फसल में पौधों की संख्या बढ़ाना होगी। किसान अपनी जमीन अनुसार यदि हल्की, भूरि, लाल मिट्टी हो तो कपास फसल 90 सेंटीमीटर लाइन से लाइन की दुरी और पौधे से पौधे की दुरी 15 सेंटीमीटर रखने पर, प्रति एकड़ में लगभग 29000 पौधे लगाए जा सकते है। पौध संख्या पड़ने से उत्पादन भी बढ़ेगा। इस दौरान प्रोग्राम लीडर मुकेशसिंह चौहान, क्लस्टर मैनेजर रविंद्र यादव, शेलेंद्र बिरला ने सभी किसानों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कालापीपल से मेहरखेड़ी सड़क का किया भूमिपूजन



**कालापीपल।** कालापीपल से शुजालपुर जाने वाला रास्ता जो बेहद ही खराब हो चुका था,जिसके लिए हमारे संवाददाता द्वारा हमेशा जनहित की खबरों को प्राथमिकता से प्रकाशित करते हैं,और खबर को संज्ञान में लेते हुऐ कालापीपल के युवा विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए ,मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के समक्ष अपनी विशेष सड़क की मांग रखी,जो तत्काल मुख्यमंत्री श्री यादव ने स्वीकृति दी,और विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए आज कालापीपल से मेहरखेड़ी तक बनने वाली सड़क जिसकी लंबाई 4.45 किलोमीटर है, जिस का भूमि पूजन किया गया,इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास और यातायात में सुधार होगा, ओर सड़क बन जाने से आधा दर्जन गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएग,इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्योपुर में जनसुनवाई में पहुंचे गुड्डी बाई को तुरंत मिली मदद

# कलेक्टर ने जारी करवाई पीएम आवास की पहली किस्त

**समय जगत, श्योपुर।** श्योपुर जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों में मौके पर ही त्वरित राहत प्रदान की गई। इलाज के लिए बाहर जाने वाले तीन जरूरतमंद हितग्राही महावीर बैरवा, शिशुपाल बैरवा और रामपाल सिंह को रेडक्रॉस से दो-दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई, ताकि वे मार्ग व्यय वहन कर सकें। साथ ही उन्हें बताया गया कि उनका इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क किया जाएगा। ग्राम गांधीनगर प्रेमसर की



महिलाओं ने पेयजल संकट को प्रमुखता से उठाया। इस पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगले ही दिन तक नई मोटर लगाकर जल आपूर्ति शुरू की जाए। जनसुनवाई के दौरान हरी सिंह गुर्जर को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गई। वहीं, मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत पांच हितग्राहियों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत हुई। ग्राम भसुन्दर की आशा बैरवा के तीन बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए, जिससे उनके शिक्षा और पोषण में मदद मिल सके। इसी क्रम में ग्राम रामपुरा सेमल्दा हवेली निवासी गुड्डी बाई आदिवासी को आवास योजना की प्रथम किस्त तत्काल जारी की गई, ताकि वह अपने पक्के मकान के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा सके। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर आवेदन पर गंभीरता से विचार किया जाए और संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को समय पर राहत मिल सके। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ठोस पहल की गई।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को तत्काल दें राहत राशि : कलेक्टर



रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार प्राकृतिक आपदा की घटनाओं में तत्काल राहत और बचाव कार्य करें। आपदा पीड़ितों के राहत राशि के प्रकरण तत्काल स्वीकृत करके राहत राशि का वितरण कराएं। राहत राशि का प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। अपने क्षेत्र के नदी-नालों और बड़े जलाशयों के जल स्तर में निगरानी रखें। बाढ़ की स्थिति होने पर आमजनों की सुरक्षा और राहत के लिए तत्काल प्रबंध करें। सभी एसडीएम शासकीय मंदिरों की जमीनों और वक्फ की जमीन का सीमांकन कराएं। यदि कहीं अवैध कब्जा है तो उसे हटाने की तत्काल कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत सभी उचित मूल्य दुकान से राशन कार्डधारियों को तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ दिया जा रहा है। खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करते हुए 15 जून तक शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। कार्यालय प्रमुख स्वयं रूचि लेकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। अभी भी राजस्व, ऊर्जा, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, पीएचई, नगर निगम, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में 50 दिन से अधिक के आवेदन पत्र बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनका निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी तीन दिवस में निराकरण करें। इसमें स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, श्रम विभाग, पीएचई, राजस्व विभाग, हथकरघा विभाग के आवेदन पत्र शामिल हैं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन विभाग, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत तथा सड़कों के निर्माण से जुड़े विभाग मिलकर निराश्रित गोवंश को सड़कों से गौशाला पहुंचाने का अभियान चलाएं। पशुओं को बेसहारा छोड़ने वालों पर भी दण्डात्मक कार्यवाही करें। राजस्व अधिकारी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करके गौवंश के लिए भोजन, पानी, उपचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद्य विभाग में शेष बचे हितग्राहियों तथा समग्र पोर्टल के हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन के कार्य में तेजी लाएं। सभी तहसीलदार फार्मर रजिस्ट्री के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाकर शेष बचे किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तथा किसान सम्मान निधि पोर्टल पर ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य पूरा कराएं। भारी वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल और पुलियों में आवागमन रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के शेष प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में खाद के वितरण तथा कृषि आदान की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर परिषद गुढ़ में बेलगाम सिस्टम अधिकारी तय समय पर नहीं करते कार्यालयीन उपस्थिति, वसूली में ही व्यस्त

गुढ़। नगर परिषद गुढ़ इन दिनों पूरी तरह से अधिकारियों की मनमानी का अड्डा बन चुकी है। यहां न तो कोई कार्यालयीन समय निर्धारित है और न ही कार्यालय परिसर में समय सारणी का उल्लेख किया गया है। अधिकारी जब मन होता है, तब कार्यालय आते हैं और जब चाहें चले जाते हैं।सबसे चिंताजनक बात यह है कि कोई भी अधिकारी अपने मुख्यालय पर निवास नहीं करता, जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र में ही निवास करना अनिवार्य है। लेकिन नगर परिषद गुढ़ के अधिकारी इस आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों का एकमात्र उद्देश्य केवल नोटिस थमाना और वसूली करना रह गया है। कार्यालय में जनहित से जुड़ा कोई कार्य नहीं हो रहा है, बल्कि सारा फोकस केवल ज्यादा से ज्यादा वसूली करने पर केंद्रित है। जनता का कहना है कि नगर परिषद अब जनसेवा का नहीं बल्कि उत्पीड़न का केंद्र बन गई है, जहां पारदर्शिता और जवाबदेही का पूरी तरह अभाव है। क्षेत्रवासी मांग कर रहे हैं कि इस स्थिति पर शासन गंभीरता से ध्यान दे और ऐसे बेलगाम अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## खेत तालाब में भरा पानी: धनराज करेंगे मछली पालन

रीवा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रीवा जिले में बड़ी संख्या में जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत धौचट में किसान धनराज सिंह ने खेत तालाब का निर्माण कराया। इसकी क्षमता एक हजार घन मीटर है। जून और जुलाई माह में हुई अच्छी वर्षा से तालाब पूरी तरह से भर गया है। खेत तालाब के निर्माण के साथ ही किसान धनराज सिंह ने मछलीपालन की योजना बना ली थी। उन्होंने मछलीपालन विभाग से संपर्क करके खेत तालाब में मछली के बीज डालने की तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि खेत तालाब में 6 से 8 माह में तैयार हो जाने वाली मछली के बीज डाले जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब के निर्माण से मछली पालन के रूप में मुझे अतिरिक्त आय का अवसर मिला है। तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता है।

## सार-समाचार

### नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, विधुत समस्या का हुआ समाधान



रीवा। स्थानीय लालगांव कस्बे में वार्ड क्रमांक 2 में लंबे अरसे खराब पड़े ट्रांसफार्मर की समस्या लेकर स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी अब उस समस्या का निदान हो गया है और खराब पड़ा ट्रांसफार्मर निकाल कर नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है। वहीं लालगांव के स्थानीय लोग व उप-सरपंच लवकुश तिवारी व समाजसेवी आशीष तिवारी निर्मल ने तत्काल समस्या के निदान हेतु व तत्परता दिखाने बावत् विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, समाजसेवी मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे सहित संबंधित बिजली विभाग अधिकारी ऐई व जेई के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### कलेक्टर ने साक्षरता प्रभारी बनाने के दिए निर्देश

रीवा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत जिले के 15 वर्ष से अधिक आयु के निरक्षर व्यक्तियों को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाया जा रहा है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कक्षाएं संचालित की जाती हैं। नव साक्षरों के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाइट तथा सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्यों को उनकी संस्था के एक शिक्षक को साक्षरता प्रभारी बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी शिक्षक राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशों के अनुसार नव साक्षरों के मूल्यांकन में सहयोग देंगे।

### लापरवाह उपयंत्री की संविदा सेवा समाप्ति के आदेश

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद पंचायत सिरमौर के उपयंत्री जयशंकर पटेल की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा 1966 के तहत की गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति अत्यंत कम होने तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की निगरानी में लापरवाही बरतने पर श्री पटेल को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। श्री पटेल द्वारा नोटिस का कोई उत्तर नहीं दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्री पटेल को समक्ष में भी सुनवाई का अवसर दिया गया, जिसमें श्री पटेल उपस्थित नहीं हुए। इसे स्वेच्छाचारिता और कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए संविदा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है।

### औद्योगिक क्षेत्र घूमा के संबंध में सुझाव 20 जुलाई तक

रीवा। नई औद्योगिक नीति के तहत रीवा जिले में औद्योगिक विकास केन्द्र घूमा का विकास किया जा रहा है। इसमें अधोसंरचना विकास के कार्य पूरे हो गए हैं। नवीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए भूखण्डों का आवंटन किया जा रहा है। जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने इस संबंध में कहा है कि घूमा औद्योगिक क्षेत्र में नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए उद्योग लगाने के इच्छुक व्यक्ति, भूखण्डों की साइज तथा औद्योगिक इकाई के संबंध में अपने सुझाव 20 जुलाई तक दे सकते हैं। सुझाव ईमेल एडीआईआईडी एट द रेट एमपी जीओभी डॉट इन पर दे सकते हैं।

### कृषि विकास संबंधी कार्यशाला 17 जुलाई को

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड द्वारा कृषि अवसंरचना निधि की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, पशुपालन, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, मध्यप्रदेश आजीविका मिशन, मछली पालन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनकी संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला 17 जुलाई को आयोजित की जा रही है। इसमें संभाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के लगभग दो सौ अधिकारी शामिल होंगे। कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि अवसरंचना निधि से जुड़े विभागों के अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने की कार्रवाई

रीवा। शहर में निराश्रित पशुओं की समस्या पर सख्त रुख़ अपनाते हुए निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर अभियान चलाकर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नगर निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निराश्रित एवं घायल गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने की कार्रवाई की। नगर निगम की टीमों ने यूनिवर्सिटी रोड, रतहरा रोड, सिरमौर चौराहा और शिल्पी प्लाजा सहित मुख्य क्षेत्रों में यह अभियान चलाया। इस दौरान कुल 29 गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजा गया, जबकि कुछ घायल गौवंशों को उपचार के लिए भी भेजा गया। निगम आयुक्त ने बताया कि निराश्रित पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं और नागरिकों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए टीम को लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कमिश्नर के निर्देश पर हटाया अतिक्रमण

रीवा। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर जारी है। जिसमें दिनांक 08 जुलाई को नया बस स्टैंड अन्नपूर्णा भोजनालय के सामने रीवा शहडोल मोड़ पर अतिक्रमण कर गोमतिया रखते हुये कब्जा किया गया था साथ ही टीन सेंड बनाकर व्यापार किया जा रहा था जिससे आवागवन अवरूद्ध हो रहा था जिसे अतिक्रमण दल द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि दुबारा पाये जाने पर जप्ती के साथ कड़ी कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण सहायक ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, अतिक्रमण अमले के साथ मौजूद रहे।

### पांच दिन से बंद है नल सप्लाई, नगरवासी परेशान

रीवा। नगर परिषद गुढ़ में विगत पांच दिनों से नल जल आपूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे नगरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.एन. सिंह की लापरवाही, उदासीनता और हठधर्मिता को इस संकट का कारण बताया जा रहा है। नगर के बाजार मोहल्ला, गुढ़ बाजार से कष्टहरनाथ मंदिर मार्ग सहित कई इलाकों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं लेकिन नगर परिषद का अमला चुप्पी साधे बैठा है।नगर में हाहाकार मचा है, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सिंह की ओर से अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

## ई केवाईसी कराने का अंतिम अवसर

रीवा। रीवा नगर निगम ने शहर के निवासियों से अपनी समग्र आईडी का ई केवाईसी पूरा करने और डुप्लीकेट समग्र आईडी को ठीक करवाने के लिए तत्काल सुधार करने की अपील की है। इसके लिए आगामी 7 दिवस तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नगर निगम रीवा द्वारा यह जानकारी दी गई है कि समग्र पोर्टल पर बड़ी संख्या में डबल डुप्लीकेट आईडी और बिना केवाईसी वाले प्रकरण सामने आए हैं। ऐसे सभी नागरिकों को 7 दिन के भीतर ई केवाईसी कराने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। नगर निगम के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया है कि जिन आईडी में नगर निगम रीवा का पता दर्ज है लेकिन अब तक के ई केवाईसी नहीं करवाई गई है, उन्हें भी हटाने की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। साथ ही, जिन समग्र आईडी में पिछले 5 वर्षों से ई केवाईसी नहीं हुई है, उन्हें भी निष्क्रिय मानकर डिलीट किया जाएगा। बिना केवाईसी वाली आईडी और डबल आईडी की सूची नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में चस्पा कर दी गई है। नागरिक सूची देखकर अपनी जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं और समय रहते सुधार करा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद आईडी हटाई जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

### सभी अधिकारी फाइलें और जानकारियां ई ऑफिस के माध्यम से ही भेजें: श्री जामोद

# वृक्षारोपण के महाभियान में हर अधिकारी अनिवार्य रूप से निभाएं भागीदारी: कमिश्नर

समय जगत, रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। संभाग के सभी जिलों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक विकासखण्ड में एक लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी अधिकारी वृक्षारोपण के महाभियान में अनिवार्य रूप से भागीदारी निभाएं। सभी शिक्षण संस्थाओं के परिसर, छात्रावास परिसर, आंगनवाड़ी केन्द्र भवन परिसर तथा कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थल पर पौधे रोपित करें। जिले के सभी प्रमुख सड़कों के किनारे भी अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कराएं। सभी नगर निगम तथा नगरीय निकाय पार्कों एवं अन्य उपयुक्त शासकीय भूमियों पर पौधे रोपित करें। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधे रोपित करना हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अब पूरा शासकीय कामकाज ई ऑफिस के माध्यम से हो रहा है। सभी अधिकारी फाइलें और जानकारियाँ ई ऑफिस के माध्यम से ही भेजें। अन्य माध्यम से फाइलें स्वीकार नहीं होंगी। ई ऑफिस में सात दिन की समय सीमा में शेष बचे कार्यालय यदि ऑनबोर्ड नहीं होते हैं तो संबंधित कार्यालय प्रमुख की एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने की कार्यवाही की जाएगी। ई ऑफिस में फाइल दर्ज करने के साथ ही इनका मूवमेंट भी सुनिश्चित करें। संभागीय अधिकारी अपने जिला और अन्य अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई ऑफिस की व्यवस्था सात दिवस में अनिवार्य रूप से लागू कर दें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में मछली पालन विभाग द्वारा 68 स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने निकाय में कम से कम एक स्मार्ट फिश पार्लर स्थापित कराएं। संयुक्त संचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी तथा संयुक्त संचालक पशुपालन मछली पालन योग्य तालाबों के किसानों की सूची सात दिवस में उप संचालक मछली पालन को उपलब्ध कराएं, जिससे इनमें इस सीजन में मछली पालन किया जा सके।



कमिश्नर ने कहा कि इस वर्ष लगातार अच्छी वर्षा हो रही है। संभाग के जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका है वहाँ राहत और बचाव के पूरे प्रबंध कर लें। बाढ़ प्रबंधन के लिए उत्तरप्रदेश के अधिकारियों से सतत संपर्क में रहें। रपटों अथवा छोटे पुल जलमग्न होने पर बैरियर लगाकर तत्काल आवागमन बंद करें। कमिश्नर ने कहा कि कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोकने के लिए माननीय न्यायालय के 2013 निर्देशों के अनुसार गठित आंतरिक समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करें। समिति का हर तीन साल में पुनर्गठन करें। जिन कार्यालयों में समिति गठित नहीं है वे सात दिवस में समिति गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आंतरिक समिति का गठन न करने पर कार्यालय प्रमुख पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। प्रत्येक जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इसका नोडल

## जनसुनवाई में 136 आवेदकों के आवेदनों में की गई सुनवाई



समय जगत, रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 136 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का संवेदनशीलता से निराकरण करके सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। आवेदक को भी आवेदन पत्र में की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। जनसुनवाई में गोलू बसदेवा निवासी नगर परिषद बैकुंठपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए भूमि आवंटन का आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नायब तहसीलदार बैकुंठपुर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। शिवम मिश्रा निवासी ग्राम देवरी जिला सतना ने विन्ध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड कंपनी में कार्यरत उनके पिता गोकरण प्रसाद मिश्रा की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति देने तथा अन्य हितलाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। मुन्नीलाल यादव निवासी ग्राम दुआरी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तहसीलदार त्योंथर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पुरैना के 20 से अधिक निवासियों ने नलजल योजना का कार्य पूरा कराकर घरों में नल से पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला प्रबंधक जल निगम को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कमिश्नर श्री जामोद ने आमजनता के आवेदनों पर की जनसुनवाई



समय जगत, रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आम जनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों में सात दिवस में कार्यवाही करके निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सरपंच ग्राम पंचायत मोहरवा द्वारा स्कूल की जमीन से अतिक्रमण हटाने तथा इसमें प्रस्तावित मंदिर निर्माण रूकवाने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने एसडीएम को मौके पर जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। आवेदिका सीताबाई नगर परिषद गोविंदगढ़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संतलाल साहू ने उनके नाती के कक्षा नवीं में शाला में प्रवेश के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संयुक्त संचालक शिक्षा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में श्री राघव प्रसाद, श्रीमती चन्द्रकली, दिनेश मिश्र, अखिलेश पटेल, दीपक कुमार सहित विभिन्न आवेदकों के आवेदनों में सुनवाई की गई। कमिश्नर ने ग्राम रौरा में शासकीय भूमि से बेदखल किए गए परिवारों के आवेदन पर संयुक्त कलेक्टर को जाँच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने डेंगू जागरूकता माह अंतर्गत दी जानकारी

# कूलर, गमले, पुराने टायर में पानी जमा होने पर पनपते हैं डेंगू के मच्छर

रीवा। वर्षाकाल में दूषित पानी, दूषित भोजन से उल्टी दस्त का प्रकोप होता है। वर्षाकाल में घरों के आसपास जमा पानी, अनुपयोगी बर्तनों, टायरों आदि में जमा पानी में मच्छर पनपते हैं। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने कहा है कि इस माह को डेंगू जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। घर के आसपास साफ-सफाई रखकर मच्छरजनित रोगों से बचाव करें। घरों में गमले, पुराने टायरों, कूलर आदि में पानी जमा न होने दें। पानी एकत्रित करने वाले बर्तनों को तीन-चार दिन के अंतराल से साफ करते रहें। कूलर, फ्रिज की आईस ट्रे एवं पानी जमा होने के अन्य संभावित स्थलों की नियमित साफ-सफाई करें। इनसे मच्छरों को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा और डेंगू तथा मलेरिया का खतरा कम होगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। घरों के आसपास कूलर, पुराने टायर, टूटे बर्तनों आदि में पानी जमा न होने दें। इस संबंध में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रीवा शहर, गंगेव, सिरमौर, मऊगंज, गोविंदगढ़, त्योंथर, रायपुर कर्चुलियान में डेंगू के मरीज मिले हैं। यदि किसी घर में मच्छर काटने से मलेरिया का प्रकोप होता है तो उसका दूसरे स्थान पर संक्रमण नहीं होता है। लेकिन डेंगू पैदा करने वाले मच्छर एक व्यक्ति को काटने के बाद पूरे क्षेत्र में तेजी से प्रजनन करता है जिससे कई व्यक्तियों को डेंगू होने का खतरा होता है। घरों में अनुपयोगी बर्तनों में पानी भरा होने पर ही यह मच्छर प्रजनन करता है। इसका मच्छर साफ पानी में प्रजनन करता है। इसलिए घर के गमलों, पुराने टायर, पानी संचित करने के पुराने बर्तनों में पानी जमा न होने दें। इससे डेंगू का खतरा समाप्त हो जाएगा।

## निगम आयुक्त ने वार्ड 20 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



समय जगत, रीवा। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने वार्ड 20 का भ्रमण कर वहां की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सब्जी मंडी एवं गुड़हाई बाजार में सामान बाहर रखकर किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व टीम को निर्देशित किया कि सब्जी मंडी में जिन व्यक्तियों को दुकानें आवंटित की गई हैं, लेकिन वे अपनी दुकानों के सामने अस्थायी दुकानें लगवाकर अतिक्रमण और अव्यवस्था फैला रहे हैं उनका सर्वेक्षण कर नोटिस जारी किया जाए और पुनरावृत्ति की स्थिति में दुकान आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाए। इसी तरह, गांधी कॉम्प्लेक्स में भी दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने तथा वहां अनाधिकृत रूप से बनाई गई सीढ़ियों और निर्माण को भी हटाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने वार्ड में स्थित जर्जर एवं भयावह स्थिति में पड़े पीडब्ल्यूडी की भवन को नियमानुसार गिराने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सब्जी मंडी के पास स्थित कुएं की सफाई कराकर उसमें जाली लगाने और नाली को कवर करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद दीनानाथ वर्मा, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री एसके गर्ग, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर निगम कटनी, नगर परिषद बरही, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के पदाधिकारियों -कर्मचारियों की रही मौजूदगी

# कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सोलंकी के मुख्यातिथ्य में नगरीय निकाय का सम्मेलन कियर गया आयोजित

**कटनी ।** मध्य प्रदेश नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य एवं कपिल दुबे संभागीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में एवं मुकेश रजक जिला सचिव एवं इकाई सचिव रमेश मिश्रा नगर निगम जबलपुर, संजय समुद्रे मुख्य नगरपालिका अधिकारी बरोदिया कला सागर की उपस्थिति में शनिवार 5 जुलाई को जिला स्तरीय नगरीय निकाय का सम्मेलन नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान प्रदेश संगठन सचिव गणेश प्रसाद बिचपुरिया के सेवानिवृत्ति उपरांत प्रदेश अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष द्वारा मोमेंटम एवं शाल श्रीफल भेंट कर श्री बिचपुरिया का स्वागत किया गया। तदोपरांत कर्मचारियों की समस्याओं



के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। नगरीय निकाय के आयोजित जिला सम्मेलन में जिला शाखा का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पारसनाथ प्रजापति को जिलाध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष गिरीराज पाठक, उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा सिंह चौहान, ऋषि राज दुबे, महेन्द्र उपाध्याय, गोवर्धन उपाध्याय, जिला महामंत्री अशोक कुमार गर्ग, रामकिंकर तिवारी, सूरज विश्वकर्मा, जिला सचिव लव कुश तिवारी, बिहारी लाल यादव, तीरथ चतुर्वेदी, जिला उपसचिव अमित सोनी, ब्रजेश मिश्रा, ब्रजेश सोनी, जिला संगठन सचिव विनोद सिंह चौहान, श्रीमती नेहा गुप्ता, प्रकाश पाण्डेय, जिला संयुक्त सचिव सागर नायक, सुनील जार सनीष रजक, श्रीमती शिवा मिश्रा, जिला प्रवक्ता दिनेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केवट के साथ जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद कैमोर इकाई अध्यक्ष रिषिराज दुबे, बरही इकाई अध्यक्ष श्री गोवर्धन उपाध्याय के साथ - साथ उक्त समिति के सदस्य एवं नगर निगम कटनी के इकाई अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गौ सेवकों ने सैकड़ों गौवंश को गौशाला से किया आजाद

**समय जगत, पन्ना।** बिन भोजन और पानी के सप्ताह भर से गौशाला में कैद सैकड़ों गोवंश को 7 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे गौ सेवकों के द्वारा जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए गौशाला का ताला तोड़कर गोवंश को आजाद करवा दिया गया है। इस दौरान गौशाला संचालक भी उपस्थित रहे जिनके द्वारा बताया गया है की गौशाला में केवल आधा सैकड़ा गौवंश की व्यवस्था है लेकिन नगर पालिका के कुछ अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पूरे शहर में हांका लगवा कर सैकड़ों गोवंश को गौशाला में भेज दिया गया है जहां न ही उनके बारिश से बचने के लिए कोई व्यवस्था है और ना ही बैठने के लिए सूखी जगह है और ना ही भोजन की व्यवस्था है जिसके कारण





बरसात में भीगते हुए गोवंश कीचड़ में खड़ा रहता है और भोजन इत्यादि नहीं मिलने से बीमार होकर बेमौत मर रहा है। 7 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे काफी संख्या में नगर के गौसेवकों ने गौशाला पहुंचकर ताला तोड़कर गोवंश को आजाद करवा दिया ताकि वह जंगल में भोजन पानी प्राप्त कर सके गौसेवकों ने बताया कि उनके द्वारा कई बार नगर पालिका और कलेक्ट्रेट के अधिकारियों को आवेदन और ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन ना ही गौवंश के भोजन की व्यवस्था की गई और ना ही उनकी सुरक्षा के कोई उपाय किए गए जिससे उन्हें इस प्रकार का कदम उठाना पड़ा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला अस्पताल में नर्सों की मनमानी मरीजों से अभद्रता का लगा आरोप





**समय जगत, पन्ना ।** जिला चिकित्सालय पन्ना में सिविल सर्जन का कोई नियंत्रण नहीं है जिससे अस्पताल में पदस्थ नर्सों द्वारा मरीज के साथ अभद्रता एवं मनमानी की जाती है इस प्रकार की शिकायत है आम बात हो गई हैं कोई भी मरीज इलाज के लिए आता है तो उससे नर्स सीधे बात नहीं करती हैं कुछ भी पूछने पर अभद्रता करती हैं इसी प्रकार का मामला सामने आया है एक व्यक्ति छोटू पांडे जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर में इंजेक्शन लगवाने के लिए गया था जिसके साथ ट्रामा सेंटर में पदस्थ नर्स सरिता पटेल द्वारा अभद्रता की गई तथा इंजेक्शन भी नहीं लगाया इस प्रकार की घटनाएं आम होती जा रही हैं जहां एकओर जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की मनमानी की शिकायतआम हो गई है वहीं दूसरी ओर नर्सों द्वारा भी आम लोगों के साथ लापरवाही एवं अभद्रता की जा रही है जिले के बड़े प्रशासनिक अधिकारियों को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए ।

### नगरपालिका परिषद की बैठक संपन्न

**आगर मालवा ।** दिनांक 07.07.2025 को नगरपालिका परिषद् हॉल ( सभाकक्षा ) मे नगरपालिका अध्यक्ष निलेश जैन ( पटेल ) की अध्यक्षता मे परिषद् की बैठक आहुत की गई । जिसमे पूर्ववर्ती विषयों पर पुष्टि एवं नामांतरण प्रकरणो को स्वीकृति प्रदान की गई । ओपचारिक बैठक में चर्चा की गई । जिसमे बडे तालाब पर अमृत 2.0 योजना अंतर्गत बन रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 3 एमएलएडी ( क्षमता ) एवं प्रस्तावित ट्रीटमेंट प्लांट हेतु तालाब से लिये जाने वाले पानी के विषय मे चर्चा की गई । जिसमे यह स्पष्ट किया गया कि टिल्लर डेम पर पूर्व से बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से यथावत ट्रीटेड वाटर को लिया जाकर नगर मे जल आपूर्ति की जाएगी । इसी प्रकार नगर मे पूर्व से वाटर वार्क्स पर अन्य स्त्रोतो से की जाने वाली आपूर्ति को भी यथावत रखा जायेगा । निकाय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत लिक्विड वेस्ट वाटर को पम्पे करके एसटीपी 3.35 एमएलएडी ( क्षमता ) के माध्यम से बायोलोजिकल ट्रीटमेंट किया जाकर ट्रीटेड शुद्व जल को तालाब मे छोडा जाएगा । जिससे नालियों से निकलने वाले वेस्ट वाटर ( अपशिष्ट जल ) को ट्रीट करके जल को संचित किया जाएगा । निकाय द्वारा सतत् नगरीय क्षैत्र अंतर्गत आने वाले तालाबो का गहरीकरण एवं जिर्णोद्वार करके वाटर स्टोरेज क्षमता को बढाया जा रहा है । अत : जल आपूर्ति हेतु भविष्य मे तालाब से लिये जाने वाले पानी की मात्रा को प्रस्तावित एसटीपी से शुद्व किये जाने वाले वाटर को तालाब मे छोडकर तालाब की जल क्षमता को यथा स्थिति रखा जायेगा ।

### 5 विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड मानक के राज्य स्तरीय मेले में होंगे शामिल

**समय जगत, दमोह ।** इंस्पायर अवार्ड मानक योजना प्रतियोगिता सत्र 23-24 एवं सत्र 24-25 का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय सागर में 4 एवं 5 जुलाई को आयोजित किया गया । जिसमें दमोह जिले के दोनों सत्रो के कुल 65 प्रतिभागियों ने सहभागिता कर अपने उत्कृष्ट मॉडलों का प्रदर्शन किया । इसमें से पांच प्रतिभागी विद्यार्थियों भुवनेश्वरी चक्रवर्ती, शासकीय सरदार पटेल उमा विद्यालय दमोह, पुष्पेंद्र साहू सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया, राजा प्रजापति शासकीय उमा विद्यालय स्कूल सोजना, दीपेंद्र कुमार शासकीय माध्यमिक शाला सोजना, काशिफा अली का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया । मार्गदर्शी शिक्षकों में सचिन सिंह लोधी, उत्तम प्रसाद, बहादुर सिंह ठाकुर, रजनी नामदेव, सतीश खरे उपस्थित रहे । जिला विज्ञान अधिकारी मोहन राय ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के खाते में डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन भारत सरकार द्वारा मॉडल निर्माण हेतु दस-दस हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है ।

### 33.18 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

## पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई सिविल अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता सर्टिफिकेट मिलने पर बधाई दी, खुरई में मेडिकल कॉलेज खोलने का जताया संकल्प

**समय जगत, खुरई।** पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां 33.18 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां के संत रविदास वार्ड में गरीब मजदूर वर्ग के लिए रेंटल हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत 50 आवासीय मकानों, 1 करोड़ की लागत से दुबे कालोनी से डीपीएस स्कूल तक सीसी निर्माण, 2.5 करोड़ की लागत से अमर फैक्ट्री से बायपास तक सीसी मार्ग तथा 1 करोड़ की लागत से खुरई नगर पालिका के 12 वार्डों में सोलर सिस्टम सहित स्ट्रीट लाईट कार्य का भूमिपूजन किया। जिन कामों के लोकार्पण व शुभारंभ किए गए उनमें 4 करोड़ की लागत से निर्मित पीडब्ल्यूडी विभाग का नवीन रेस्ट हाऊस, 2 करोड़ की लागत से निर्मित अमर फैक्ट्री से बायपास तक सीसी निर्माण, 1 करोड़ की लागत से निर्मित निर्तला मेन रोड से लुहर्रा सीसी मार्ग, 35 लाख की लागत से निर्मित खिमलासा मेन रोड से मुहली बुजुर्ग तक बीटी रोड निर्माण कार्य हैं। इस अवसर पर महाकाली टीन शेड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने मंत्री रहते हुए एडीबी प्रोजेक्ट से 350 करोड़ लागत



के जो विकास कार्य स्वीकृत किए थे अब वे कार्य अब क्रमशः पूर्णता की ओर पहुंच कर खुरई के विकास के मानचित्र में शामिल होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खुरई को विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण में नंबर वन बनाने की सूची में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के विशेषज्ञों के दल ने सागर जिले के सभी अस्पतालों की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए खुरई सिविल अस्पताल को 89 प्रतिशत अंकों के साथ नंबर वन घोषित किया है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इसके लिए खुरई की जनता को बधाई देते हुए इसका प्रमाण पत्र खुरई बीएमओ डॉ. रामजी ठाकुर को सौंपा। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आप सब के सहयोग खुरई को मेडीकल हब, एजूकेशन हब और इंडस्ट्रियल हब बनाने का संकल्प मेरा है जो ईश्वर की कृपा से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि स संकल्प को पूरा करने के लिए मैंने प्लानिंग से खुरई के विकास की रूपरेखा बनाई थी जिस पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि खुरई अस्पताल के भवन का निर्माण और लगातार विस्तार, पीडियाट्रिक विभाग खोलना, सेप्रेशन यूनिट सहित जिले का सबसे अधिक क्षमता का ब्लड बैंक, ऑक्सीजन प्लांट, 3 डायलिसिस मशीनें,सोनोग्राफी मशीनें, एडवांस लैब, एयरकंडीशन व्यवस्था, पार्क, जल उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट सहित रोड इस उद्देश्य से बनाए गए हैं कि यहां मेडीकल कॉलेज खोला जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए अस्पताल से लगी 12 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा कर मेडीकल कालेज के लिए इस भूमि को आरक्षित किया जा चुका है जिसका बोर्ड उस भूमि पर लगा दिया गया है। वह समय दूर नहीं जब सभी घातक बीमारियों का इलाज खुरई में ही संभव हो सकेगा। गरीब औश्र आभाव ग्रस्त मरीजों को उपचार के लिए बाहर ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव लगातार बहिनों के रोजगार और आर्थिक समृद्धि के लिए योजनाओं पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने लाडली बहनों की राशि आगामी दीपावली से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा कर दी है जिसे आगे बढ़ा कर 3000 रुपए तक ले जाएंगे। रक्षाबंधन पर भी सभी लाडली बहिनों को बढ़ी हुई राशि 1500 मिलेगी। ड्रोन दीदी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, लाडली लक्ष्मी योजना जैसी पहल की गई।

### अखाड़ा प्रदर्शन के साथ निकले ताजिये, रात भर रही मोहर्रम की धूम



**समय जगत, दमोह।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मुहर्रम का त्यौहार अमन सादगी के साथ मनाया गया। मुहर्रम में दस दिन शहर के सभी मुस्लिम क्षेत्रों में तकरीर मंजलिस कुरानखानी लंगर के प्रोग्राम चलते रहे दसवें दिन अखाड़ा प्रदर्शन ताजिया विसर्जन मु य समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पठानी मोहल्ला अखाड़ा मैदान से हजरत जियाउल हक चांद कादरी जबलपुरी ने दस दिन तकरीर की दसवें दिन अखाड़ा का प्रदर्शन हुआ ताजियों का विसर्जन किया गया। प्रोग्राम पूरी रात चलता रहा। अंतिम ताजिया सुबह पांच बजे विसर्जित हुआ पठानी मोहल्ला मस्जिद के सामने अखाड़ा खेलते हुए बच्चों नौ जवानों ओर बुजुर्गो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। हाजी मुबारिक खान साब ने 70 वर्ष की उम्र में मैदान में उतरकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष आदिल खान ठेकेदार ने अतिथियों द्वारा अखाड़ा खेलने बालों को मेडल दिलाए। इस मौके पर हाजी मिर्जा महमूद बेग रिटायर एएसआई हाजी नज़ीर खान हाजी मुबारिक खान हाजी यूनिस खान हाजी महमूद रोज टेलर्स हाजी जु मन खान साहब अखाड़ा कमेटी के उस्ताद वन्ने पूर्व पार्षद शेख नाजिम काजू पार्षद प्रतिनिधि जीशान पठान शमीम खान ठेकेदार डॉक्टर डब्बू भाई हसन भाई के अलावा समाज के अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित थे। रात एक बजे शहर कमेटी के अध्यक्ष शहजाद खान की सदारत में गढ़ी मुहल्ला अखाड़ा एवं ताजिया पठानी मोहल्ला पहुंचे जहां से बेदरा मोहल्ला तकिया मोहल्ला के अखाड़ा ताजिया एक साथ ताजिया विसर्जन के लिए निकले। विसर्जन के साथ समापन हुआ।

## लक्ष्मीपुर- देवेंद्र नगर मार्ग की हालत बदतर प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा नहीं कराया जा रहा रिपेयरिंग का कार्य

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना विकासखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर से देवेंद्र नगर बड़ागांव रेस्ट हाउस तक लगभग 15 किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया गया था जिसमें विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे तथा 5 वर्ष तक की गारंटी भी रही है एवं रिपेयरिंग का कार्य भी विभाग को करना था लेकिन वर्तमान समय में विभाग द्वारा रिपेयरिंग का कार्य नहीं किया गया बारिश होते ही पूरी सड़क में भारी-भारी गड्ढे हो गए है जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है गौर तलब है कि उक्त सड़क की क्षमता 20 टन तक की है लेकिन रेट तथा जानवरों एवं अन्य चीजों से भरे हुए भारी वाहनों के निकलने से सड़क की हालत खराब हो गई है नियम अनुसार प्रत्येक वर्ष बरसा पूर्व रिपेयरिंग होना चाहिए लेकिन विभाग द्वारा रिपेयरिंग नहीं की गई जिससे इस प्रकार की हालत बन गई है 5 वर्ष पूर्व उक्त सड़क पर जिला प्रशासन के निर्देश पर भारी वाहनों को निकालने के लिए बेरियल भी लगाए गए थे लेकिन कुछ दिन बाद उक्त बैरियर हटा दिए गए जिससे सड़क की हालत खराब है उक्त मामले को लेकर विभाग के अधिकारी भी



गोल-मोल जवाब दे रहे हैं।।

**इनका कहना है**

उक्त सड़क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है उन्हीं के द्वारा रिपेयरिंग तथा अन्य कार्य किया जाएगा।

**दिवाकर चौरसिया महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पन्ना**

अभी उक्त सड़क हमारे विभाग को हस्तांतरित नहीं हुई है और ना ही शासन द्वारा कोई निर्देश प्राप्त हुए हैं प्रधानमंत्री सड़क योजना वाले ही उक्त सड़क की रिपेयरिंग करेंगे।

**जेपी सोनकर कार्य पालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला पन्ना**

# महिला कर्मचारी के साथ आपत्ति जनक हालत में मिला बैंक मैनेजर

## पत्नी ने रंगरलियां मनाते रंगे हाथों पकड़ा

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत में एक बैंक मैनेजर के निजी संबंधों को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। झिंझरी स्थित टाटा कमर्शियल बैंक में कार्यरत ब्रांच मैनेजर दीपक तिवारी को उसकी पत्नी द्वारा संदिग्ध हालत में महिला कर्मचारी के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक फ्लैट की बताई जा रही है, जहां ब्रांच मैनेजर दीपक तिवारी अपनी महिला सहयोगी योगिता दुबे के साथ आपत्तिजनक हातल में पाए गए। इसके बाद हंगामा मच गया। सूचना मिलने पर दीपक तिवारी की पत्नी सानू तिवारी ने माधवनगर पुलिस को बुलाया और दोनों को मौके से थाने ले जाया गया। पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। पत्नी सानू तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए मीडिया से बातचीत में बताया कि हमारी शादी मंदिर में हुई थी और हमारे दो



छोटे बच्चे हैं। मेरे पति पिछले 6 महीने से मुझे छोड़कर महिला कर्मचारी के साथ रह रहे हैं। न बच्चों की पढ़ाई की चिंता है, न घर का खर्चा देते हैं। सारी कमाई ऐशो आराम और रंगरलियों में उड़ा रहे हैं। अब मैं अपने बच्चों को लेकर कहां जाऊं। सानू तिवारी अपने बच्चों के साथ जब थाने पहुंचीं तो वहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई और पति पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। माधव नगर थाना पुलिस ने शानू तिवारी पति दीपक तिवारी निवासी खेर कालोनी थाना रंगनाथ नगर की रिपोर्ट पर दीपक तिवारी व योगिता दुबे के खिलाफ धारा 296, 115(2) 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 12वें दिन पदयात्रा में शामिल हुए समर्थ सद्गुरु भैयाजी सरकार

**समय जगत, छिंदवाड़ा।** छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के निवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए सांसद बंटी विवेक साहू छिन्दवाड़ा से पांढुर्णा और बैतूल होते हुए खंडवा तक 411 किलोमीटर की पदयात्रा को 8 जुलाई की सुबह दादाजी दरबार खंडवा में माथा टेककर पूरी करेंगे। 26 जून से 13 दिन की पदयात्रा शुरू की थी। पदयात्रा के अंतिम पढ़ाव में पदयात्रा के 12वें दिन सांसद श्री साहू और उनके साथ चल रहे दादा भक्त पदयात्रियों के साथ खंडवा के प्रमुख जनप्रतिनिधि सहित छिन्दवाड़ा के प्रमुखजन भी पदयात्रा में शामिल हुए। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्री अपनी 12वें दिन की पदयात्रा पूरी करते हुए 7 जुलाई की रात अमलपुरा में रात्रि विश्राम करेंगे। 12 वें दिन की पदयात्रा में प्रमुख रूप से समर्थ सद्गुरू भैयाजी सरकार (दादा गुरू), खण्डवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, खंडवा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंथन दशोरे, खंडवा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम फूलमाले,



उपाध्यक्ष विजय चौहान, महामंत्री केदार पटेल, खंडवा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष मदन तिरोले, अमलपुरा सरपंच पुष्पक रावत, अंकुर चौहान, विजय सिंह तोमर, पदयात्रा में सम्मिलित हुए। इस 13 दिवसीय पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू बारिश के मौसम में सैकड़ों गांव एवं घने जंगलों से होते हुए अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस पदयात्रा को पूरा करेंगें। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू मार्ग में पड़ने वाले गांवों और कस्बों में कन्याओं, वरिष्ठजनों एवं माताओं से आर्शीवाद भी प्राप्त कर रहे है। पदयात्रा के 12वें दिन समर्थ सद्गुरु भैया जी सरकार दादाजी गुरु ने पदयात्रा में शामिल होकर कहा कि हमारी सनातनी परंपरा निशान चढ़ना है। इसी को लेकर छिंदवाड़ा से पांढुरना और बैतूल होते हुए सांसद विवेक बंटी साहू एवं दादा भक्त पदयात्रा निशान लेकर खंडवा की ओर जा रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही कई सदियों पुरानी निशान यात्रा को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू खंडवा की ओर जा रहा है यह यात्रा एक साधन है जो समाज को जागृत करेगी और व्यक्तित्व का निर्माण करेगी। यह अपने आप में एक सहजयोग हैए सांसद विवेक बंटी साहू एक निशान लेकर निकले हैं जो वास्तविक यह एक पहचान लेकर निकले हैं । उन्होंने कहा कि खंडवा में गुरूपुणिमा पर 10 से 12 लाख खंडवा पहुंचकर अपनी आस्था को प्रकट करेंगे जो सनातन धर्म के प्रति सेवा का संकल्प भी लेंगे। सांसद बंटी विवेक साहू सहित पदयात्रा में चल रहे तमाम दादा भक्त पदयात्रियों ने पदयात्रा के 12वें दिन की सुबह जब पदयात्रा शुरू की तो बारिश शुरू हो चुकी थी। इसी बीच पदयात्रा में समर्थ सद्गुरू भैयाजी सरकार (दादा गुरू) सहित भाजपा के छिन्दवाड़ा प्रभारी संतोष पारिख, महापौर विक्रम अहके, विश्व हिन्दू परिषद के छिन्दवाड़ा अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह एवं अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## नेत्र रोग निदान शिविर किया आयोजित

**समय जगत, आगर मालवा।** स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला छावनी आगर में लायंस क्लब आगर शताब्दी के सहयोग से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में मनोज दावाडिया एवं लायंस क्लब के




अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सचिव संजीव बंसल उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने अस्पताल से पधारे डॉक्टर्स का फूल मालाओं द्वारा स्वागत किया क्लब के चार्टर्ड अध्यक्ष सतीश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में 211 व्यक्तियों ने पंजीयन कराया सभी व्यक्तियों का ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की गई जिसमें से 43 रोगियों का मोतियाबिंद हेतु चयन किया गया ,सभी मरीजों को अस्पताल से जो बस आई थी उसमें भेजकर ऑपरेशन हेतु रवाना किया गया वहां पर अस्पताल द्वारा जांच ,ऑपरेशन ,लेंस हत्यारोपण, काला चश्मा, दवाइयां, आवास , भोजन , निशुल्क किया जाएगा ऑपरेशन के पश्चात उन्हें पुनः बस द्वारा धर्मशाला छोड़ा जाएगा मरीजों की पुनः जांच 14 जुलाई को धर्मशाला आगर में ही होगी कार्यक्रम में लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अभय जैन कॉन्टैक्टर , सुरेश अग्रवाल, पारस जैन नमस्ते वकील साहब, शिव सहाय सक्सेना, अमित जैन , सुधीर भाई विशेष रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम में योगेश गर्ग एवं सज्जन सिंह सेमली का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन सुधीर भाई एवं आभार पारस जैन नमस्ते वकील साहब ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ध्रुव अजय कांत मूंदड़ा बने सीए



**मुकेश बैरागी– समय जगत , जीरापुर ।** निवासी अजय कांत मुंदड़ा के पुत्र ध्रुव मुंदड़ा ने सी ए फाइनल की एग्जाम क्रेक कर बने सी ए ।उल्लेखनीय की इस वर्ष का रिजल्ट बहुत टफ़ रहा करीब 97000 बच्चों ने इस वर्ष की परीक्षा दी जिसमें से 14त्न ही रिजल्ट करीब बना पाए है उसमें जीरापुर के ध्रुव मुंदड़ा ने सी ए एग्जाम को पास कर न केवल परिवार का बल्कि क्षेत्र का भी गौरव बढ़ाया उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के मित्रों, परिजनों सहित रिश्तेदारों ने उन्हें बधाइयां देकर उपकृत किया। ध्रुव मुंदड़ा ने अपनी सारी शिक्षा इंदौर में पूर्ण की और वही ए के जी फर्म से आर्टिकल शिप करते हुए उन्होंने इस कंपटीशन को फेस किया ओर इस असाधारण उपलब्धि को हासिल किया इस मौके पर पंकज अटल, सत्यनारायण बांगड़ ,रुपेश भूतड़ा ,आशीष बाहेती,भारत झवर, दुर्गेश सोमानी, जगदीश वर्मा ,पवन गोयल, गिरिराज अग्रवाल, गिरिराज गुप्ता एडवांस सहित सेकड़ों शुभचिन्तकों द्वारा ध्रुव अजय कांत मूंदडा को बधाई शुभकामनाए प्रेषित की है।

### रॉयल हाईट्स स्कूल के पूर्व छात्र को मिली आर्किटेक्ट एवं अर्बन प्लानर की उपाधि



**जीरापुर।** रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के पूर्व छात्र धीरज गुप्ता ने शिक्षा और करियर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है उन्होंने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल से आर्किटेक्चर में स्नातक की उपाधि प्राप्त की तथा देश की प्रतिष्ठित परियोजना महाकाल कॉरिडोर, उज्जैन में बतौर आर्किटेक्ट कार्य किया इसके पश्चात धीरज ने मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल से शहरी योजना में परास्नातक किया और वर्तमान में वहीं से पीएच.डी. कर रहे हैं उन्होंने अब तक 200 करोड़ से अधिक की वाणिज्यिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य परियोजनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई है वर्तमान में वे भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के निर्माण के साथ–साथ राजगढ़ जिले में भी कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं इस उपलब्धि पर रायल हाईट्स संस्था संचालक रणधीर सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता समस्त विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है यह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने वाला क्षण है धीरज गुप्ता ने विद्यालय के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा रॉयल हाइट्स स्कूल ने मुझे सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन के मूल संस्कार भी दिए यहीं से मिली प्रेरणा ने हर कठिनाई को अवसर में बदलना सिखाया मैं अपने सभी शिक्षकों व प्रबंधन का दिल से आभारी हूँ इस अवसर पर संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह एवं प्राचार्य शैलेन्द्र जोशी ने धीरज गुप्ता को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

### जगतगुरु डॉ वेदांती के नगर आगमन पर भव्य स्वागत की बनी रूपरेखा, मानस भवन में होगा नागरिक अभिनंदन

**गंजबासौदा।** नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय और आश्रम के संस्थापक डॉ रामकमलाचार्य वेदांती जी के महाकुंभ में जगतगुरु की उपाधि मिलने के उपरांत 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। उनकी भव्य अगवानी के लिए सामाजिक संगठन,प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक संगठनों की एक बैठक मंगलवार को दादजी प्लाजा में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि जगतगुरु डॉ वेदांती जी की शोभा यात्रा के बाद मानस भवन में क्षेत्रवासियों सनातन प्रेमियों, विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक संगठनों की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। मालूम हो कि हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश भर के धर्माचार्यों, संतों और शंकराचार्यों ने अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक और नगर के संत डॉ राम कमलदास वेदांती जी को देश विदेश में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अद्वितीय योगदान के लिए जगतगुरु की उपाधि से विभूषित किया गया है। जगद्गुरु की उपाधि मिलने के बाद डॉ वेदांती जी का 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। जगद्गुरु के रूप में उनकी भव्य अगवानी के लिए मंगलवार को एक बैठक आयोजित हुई।



# हिंसा से पीड़ित बालिकाओं को दिलाएं अस्थायी आश्रय: मेघा पवार

## जिला स्तरीय वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक संपन्न



**समय जगत, शहडोल।** वन स्टॉप सेंटर की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में सदस्य महिला बाल संरक्षण आयोग ने वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित बच्चों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हिंसा से पीड़ित महिला के बच्चों (बालक 8 की आयु तक एवं समस्त आयु वर्ग की बालिकाएं) को अस्थायी आश्रय देना सुनिश्चित करें। वन स्टॉप सेंटर में महिला को अस्थायी आश्रय, भोजन, चिकित्सा, परामर्श इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाए तथा 24 घंटे सेंटर में पीड़ित को प्रवेश देना सुनिश्चित करें। बैठक में सदस्य बाल संरक्षण आयोग श्रीमती मेघा पवार ने वन स्टॉप सेंटर में प्रदाय की जा रही सेवाओं, चिकित्सकीय सहायता, महिला को एफआईआर, एनसीआर डीआईआर दर्ज करने में सहायता, मनो सामाजिक सहयोग, विधिक सहायता, आश्रय व्यवसायिक प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक दीवान, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री अखिलेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, अधीक्षक बालिका संप्रेक्षण ग्रह श्रीमती संजीता भगत, अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी श्रीमती कल्याणी बाजपेई, सीडब्ल्यूसी सदस्य अभिषेक चौकसे, पूर्णिमा चौधरी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थें।

# गढ़ी में निकाला मोहर्रम का जुलूस, सवारी ताजिए पर लोगों ने चढ़ाया लोभान

## मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने सभी वर्गों के गणमान्य लोगों का किया सम्मान



**सैयद मसूद अली पटेल गैरतगंज।** ज़िले की ग़ैरतगंज तहसील के क़स्बा गढ़ी में मोहर्रम की 10 तारीख़ को प्राचीन परंपरा के तहत सवारियां, ताज़िए, अखाड़े का आयोजन किया जाता है। इस्लामी तारीख़ का पहला महीना मोहर्रम से शुरू होता है 7 मोहर्रम की रात से सवारियां उठने का सिलसिला शुरू होता है। तीन तीन दिन रात में सांवरिया उठाई जाती है एवं सुनो की रात और 10 तारीख को अखाड़े का आयोजन किया जाता है इसमें बड़ी संख्या में सभी वर्गों के गढ़ी सहित आसपास के लोग शामिल होते हैं। वही परंपरा अनुसार जिले गढ़ी की जमुना गंगा तहज़ीब को बरकरार रखते हुए मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष खालिद मंसूरी ने अपने निवास जुमैराती मोहल्ले में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों समाजसेवीयो अली अखाड़े के कलाकारों एवं हिन्दू उत्सव समिति का साफा हार एवं शील्ड देकर सम्मान किया सभी वर्गों सहित आसपास के लोग शामिल होते हैं। अखाड़ा एवं सवारी का कार्यक्रम ईमान वाले से शुरू होकर कसाई मंडी जुमेरती मोहल्ला जैन बाजार चौरसिया मोहल्ला से होता हुआ मोहर्रम की चौकी पर पहुंचता है जहां सवारियां एवं ताजियों पर पर लोभान छोड़ा जाता है जगह-जगह अखाड़ा चल समारोह का स्वागत किया जाता है वही अली अखाड़े के कलाकारों द्वारा बनेटी रेझम एवं ताशों की थापो के साथ अन्य कर्तव्य दिखाए जाते हैं। मुस्लिम त्योहार कमेटी अध्यक्ष खालिद मंसूरी एवं ग्राम पंचायत गढ़ी के सरपंच सैयद मसूद अली पटेल साफा हार एवं शील्ड देकर इन लोगों का स्वागत किया पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा नायब तहसीलदार एवं पटवारी नन्दकिशोर अहिरवार, वन अमला, क्षेत्र के नेता वरिष्ठ समाजसेवी लालजी ठाकुर, वरिष्ठ नेता भागचंद चौरसिया, पूर्व जनपद सदस्य खेमचंद चौरसिया, जनपद सदस्य रिजवान खान, उप सरपंच बृजेश जाटव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि चौरसिया, संगीतकार डॉक्टर के के सोनी, समाजसेवी मोहन जाटव, समाजसेवी राजकुमार चौरसिया, नितिन माहेश्वरी ओमकार, कुशवाहा, शुभम महेश्वरी, प्रकाश जाटव निलेश विश्वकर्मा रज्जन ठाकुर, साबिर मंसूरी, अतहर अली, इमदाद शाह, नई मंसूरी सईद चौधरी, नन्दकिशोर यादव, अरकान मंसूरी मकसूद खान आबिद चूड़ी, शाहरुख पठान, अनवार चौधरी, सहित बड़ी संख्या में लोगों का इस्तिक़बाल किया गया।

# वीर सपूत दीप सिंह सोलंकी को दी गई श्रद्धांजलि



**सारंगपुर ।** मध्य प्रदेश के सारंगपुर तहसील के ग्राम बालोड़ी में आज एक वीर सपूत को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अमर सैनिक दीप सिंह सोलंकी (पुत्र श्री अमर सिंह सोलंकी) के बलिदान को नमन करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री गौतम टेटवाल स्वयं बालोड़ी पहुंचे और शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंत्री श्री टेटवाल ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और कहा– ÷यह केवल एक जवान की विदाई नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए दिया गया बलिदान है। उनका त्याग हर भारतीय के हृदय में चिरंजीव रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को निस्वार्थ सेवा और शौर्य की प्रेरणा देता रहेगा।÷

मंत्री श्री टेटवाल ने शहीद के परिवार की दृढ़ता और धैर्य की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार और पूरा देश हमेशा उनके साथ है।

**सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाईत्न:** अमर सैनिक दीप सिंह सोलंकी का अंतिम संस्कार सेना के नियमों के तहत किया गया। इस दौरान सैन्य अधिकारी, जवान, एसडीएम श्री रोहित बमौरे, एसडीओपी श्री अरविन्द सिंह, सीईओ हेमेंद्र गोविल, टीआई अकांक्षा शर्मा सहित प्रशासन के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पूरे गांव ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी।

**गांव में शोक और गर्व का माहौल:** दीप सिंह सोलंकी के बलिदान से जहां पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं उनके शौर्य पर गर्व भी है। ग्रामीणों ने कहा कि दीप सिंह का बलिदान हमेशा स्मरण किया जाएगा और वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे।


## S. S. COLLEGE BHOPAL

Promoted by Chouhan Education Society
Recognized by Rehabilitation Council of India, New Delhi
Salaiya, Sunkhedi, Via-Danish Kunj, Kolar Road, Bhopal (M.P.)Tel. 0755-3144793

Applications are invited for the appointment in the Department of Special Education under college code 28 of the Barkatullah University, Bhopal.

| No. | Posts | No. |
| --- | --- | --- |
| 1. | Principal | 01 |
| 2. | Professor-Special Education (HI) | 01 |
| 3. | Assistant Professor - Special Education (HI) | 01 |
| 4. | Assistant Professor - General Education | 01 |
| 5. | Associate Professor - General Education | 01 |

Qualification : As per UGC/RCI, New Delhi Norms
Salary : As per UGC/RCI, New Delhi Norms
Please send your CV through Email to : bedhisscollege @gmail.com or by post to Director, S.S. College Salaiya, Sunkhedi, Via-Danish Kunj, Kolar Road, Bhopal-462042 (Madhya Pradesh) SECRETARY


## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक एम.आई.जी. 117 द्वितीय तल मण्डल द्वारा श्रीमती मधु महेश्वरी पत्नी श्री विजय कुमार महेश्वरी के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 4032–35 दिनांक 29/03/2000 को हस्तान्तरित किया गया है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/04/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती मधु महेश्वरी द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27/11/2007 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर सुश्री सुनीता धुर्वे पुत्री श्री पी. एस. धुर्वे को विक्रय कर दिया गया है। केता सुश्री सुनीता धुर्वे की नाम शादी के बाद नाम कायालय अधीक्षक डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय के आदेश क्र. 1092 दिनांक 28/02/2025 के द्वारा श्रीमती सुनीता उइके हो गया है। अब संपत्ति के केता श्रीमती सुनीता उइके द्वारा आवेदन पत्र, शपथ–पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 27/11/2007 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के हस्तान्तरी श्रीमती मधु महेश्वरी पत्नी श्री विजय कुमार महेश्वरी एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद–विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 27/11/2007 के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सुनीता उइके पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह उइके (पुत्री श्री पी. एस. धुर्वे के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक एल.आई.जी. 9/22 ब्लाक न. 09 द्वितीय तल मण्डल द्वारा श्रीमती कमला गोयल पत्नी स्व. श्री पवन गोयल के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 12060–65 दिनांक 06/11/1997 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/12/1997 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती कमला गोयल द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 22/02/2011 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती रश्मि जैन पत्नी स्व. श्री प्रमोद जैन को विक्रय कर दिया गया है। अब संपत्ति के केता श्रीमती रश्मि जैन द्वारा आवेदन पत्र, शपथ–पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 22/02/2011 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भवन के हस्तान्तरी श्रीमती कमला गोयल पत्नी स्व. श्री पवन गोयल एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद–विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 22/02/2011 के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रश्मि जैन पत्नी स्व. श्री प्रमोद जैन के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु उक्त रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन–1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
क्रमांक 3304 / राजस्व / भा.वि.प्रा / 25

भोपाल दिनांक 08/7/ 2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना में स्थित भूखण्ड क्र–64, सेक्टर–ई वर्तमान में श्री इकबाल हुसैन आ0 एस. अली हुसैन के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री इकबाल हुसैन द्वारा श्रीमती सबा अख्तर पुत्री श्री इकबाल हुसैन पत्नी श्री फररूक अख्तर को (याददाशत नामा) जुबानी हिबा दिनांक 20/03/2024 किया गया है। जिसकी छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूखण्ड का आपने नाम पर नामांतरण श्रीमती सबा अख्तर पुत्री श्री इकबाल हुसैन ने अपने नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया हैं ।

यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/95/रा.वि.ना.शा./2025 — कटनी दिनांक 04/07/2025

**नामांतरण सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि म0प्र0 नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत निम्नलिखित भवनों पर नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है भवन के नाम परिवर्तन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होन की दशा मे मात्र कर वसूली हेतु करपजी मे नाम परिवर्तन की कार्याही की जावेगी।

| क्र. | नाम हस्तांतरक | नाम हस्तांतरिती | नामांतरण का आधार | भवन क्रमांक एवं वार्ड का नाम |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | श्री जगदीश प्रसाद सोनी/श्री गनेश प्रसाद सोनी | श्रीमति मनीषा अग्रवाल/श्री श्रीरामजी अग्रवाल | रजिस्ट्री | 565 गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड |
| 2 | श्री बाबूलाल पाण्डेय/स्व.जागेश्वर प्रसाद पाण्डेय | श्री चन्द्रकान्त पाण्डेय/स्व.बाबूलाल पाण्डेय | वससीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | 46 जालपा देवी वार्ड |
| 3 | श्रीमति शांता बाई/श्री भगतराम | श्री राजेश गांगवानी, पुत्री किरन गांगवानी, कंचन गांगावानी /स्व.भगतराम गांगवानी | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | 647 जगमोहन दास वार्ड |
| 4 | धारक श्री रामू साहू/श्री सुखनंदन साहू | आशा साहू, श्री रोहित साहू, रजनी साहू, नेहा साहू पिता स्व.ओमकार साहू व श्रीमति राधा/स्व.सत्यनाम साहू पुत्र श्री प्रकाश पुत्री रेनू, कशिश पिता स्व. सत्यनाम साहू एवं श्रीमति सुभद्रा/श्री संजू साहू, श्रीमति शकुन्तला साहू / श्री गोविन्द्र साहू, श्रीमति रानी साहू/श्री विनोद साहू पिता स्व.रामू साहू | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | 351 जगमोहन दास वार्ड |
| 5 | श्रीमति दीपशिखा दुबे/श्री मनोज कुमार दुबे | श्रीमति आकांक्षा त्रिपाठी पिता श्री वेदप्रकाश त्रिपाठी पति श्री रोहित तिवारी | रजिस्ट्री | 783 का अंश भाग पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड |
| 6 | धारक मध्य प्रदेश विधुत मंडल | श्री सुरेश मिश्रा/श्री के.पी. मिश्रा | रजिस्ट्री शपथपत्र | 921 के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 7 | श्री संजय संमुद्रे/श्री काशीराम संमुद्रे | श्रीमति संगीता चौधरी/श्री पुरूषोत्तम कुमार चौधरी | रजिस्ट्री | 904 अम्बेडकर वार्ड |
| 8 | एस.पी.जे.अर्थ इंडिया प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री नवनीत खण्डेलवाल/स्व.नवलकिशोर खण्डेलवाल एवं श्री विनोद कुमार /स्व. चन्द्रसेन जायसवाल | श्रीमति प्राची सिंघई/श्री सौरभ जैन | रजिस्ट्री | 921 के अंश के अंश भाग अम्बेडकर वार्ड |
| 9 | श्री सृजन/श्री श्यामलाल अग्रहरी | श्री अंकुर पुरवार/श्री ओमप्रकाश पुरवार | रजिस्ट्री | 01 ईश्वरीपुरा वार्ड |
| 10 | श्री अजय कुमार, श्रीमति कल्पना बाई/स्व.आनंद कुमार पिता श्री वासूदेव साहू | श्रीमति सुमन साहू/स्व. अजय कुमार साहू पुत्री ईशा, आरूशी, ओमनी पिता स्व.अजय कुमार साहू | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | 44 ईश्वरीपुरा वार्ड |

राजस्व अधिकारी
नगरपालिक निगम कटनी

## न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी. नगर गोपाल

प्रकरण क्रमांक 0039/अ–27/25 26

**// इश्तहार //**

आवेदक श्री संजय खंडेलवाल आ. श्री कृष्णदास खंडेलवाल एवं श्री अर्पित खंडेलवा आ. श्री संजय खंडेलवाल निवासी ई–2/267. अरेरा कॉलोनी भोपाल द्वारा ग्राम सेवनिया गौड भूमि ख.क. 121/7/4(एस) रकबा 0.0970 हेक्टेयर भूमि का बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 07 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे रागक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दडाधिकारी
राज परि. टी.टी. नगर भोपाल

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं.

**इश्तहार**

आवेदक संगीता शर्मा आ./पत्नि अजय कुमार शर्मा निवासी फ्लेट नं. 302 ब्लॉक टाईप डी.एम. 16/302 आई.बी.डी. होल मार्ग सिटी कोलार रोड भोपाल द्वारा ग्राम सनखेडी स्थित खसरा नंबर 2, 3, 7, एवं 8 क्षेत्रफल 2179 वर्गफिट अर्थात 202.56 वर्गमीटर हेतु भूखंड/मकान क्रं. 1 एवं 2 के आवासीय कॉलोनी सर्वजन गृह निर्माण सह. समिति मर्या. भोपाल में का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 15/07/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अति. तहसीलदार
तहसील कोलार जिला भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड / भवन क्रमांक 167 एल–सेक्टर मण्डल द्वारा श्री पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार आत्मज स्व. श्री मोतीलाल अहिरवार के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/03/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा भूखण्ड का विक्रय विलेख दिनांक 18/01/2023 को उप पंजीयक कार्यालय से निष्पादित कराकर श्रीमती रागिनी कुशवाहा पत्नी श्री सुमित कुशवाहा को विक्रय कर दिया गया है। अब संपत्ति के केता श्री श्रीमती रागिनी कुशवाहा द्वारा आवेदन पत्र, शपथ–पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 18/01/2023 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ–पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भूखण्ड के आवंटी श्री पुष्पेन्द्र कुमार अहिरवार आत्मज स्व. श्री मोतीलाल अहिरवार एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद–विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी । प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 18/01/2023 के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रागिनी कुशवाहा पत्नी श्री सुमित कुशवाहा के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

सतालपुर मण्डीदीप तहसील गौहरगंज जिला रायसेन हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी भूखण्ड / भवन क्र 1/18 एम.आई.जी. ए–सेक्टर मण्डल द्वारा श्री धनश्याम दास पारीक आत्मज श्री घीसूलाल पारीक के नाम पर आवंटित किया गया हैं। जिसका पट्टा विलेख दिनांक 24/12/1991 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 09/05/2023 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्री धनश्याम दास पारीक आत्मज श्री घीसूलाल पारीक की दिनांक 19/11/2023 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा पारीक पत्नी स्व. श्री धनश्याम दास पारीक के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 185 दिनांक 30/01/2024 को नामान्तरित किया गया है। श्रीमती पुष्पा पारीक द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 21/03/2024 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से निष्पादित कराकर श्रीमती अनीता मिश्रा पत्नी श्री रतनेश मिश्रा को विक्रय कर दिया गया है। संपत्ति के केता श्रीमती अनीता मिश्रा द्वारा आवेदन पत्र, शपथ–पत्र (स्वयं का) एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए विक्रय विलेख दिनांक 21/03/2024 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। उनके द्वारा यह शपथ–पत्र भी प्रस्तुत किया है कि भूखण्ड के आवंटी श्रीमती पुष्पा पारीक पत्नी स्व. श्री धनश्याम दास पारीक एवं उनके परिवार का वर्तमान में कही पता नही चल रहा है। भविष्य में किसी भी वाद–विवाद हेतु वह स्वयं जिम्मेदार होगी। प्रस्तुत दस्तावेजो एवं विक्रय विलेख दिनांक 21/03/2024 के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती अनीता मिश्रा पत्नी श्री रतनेश मिश्रा के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. डी / 39 मण्डल द्वारा श्री धर्मेन्द्र सिंह राजपूत आत्मज श्री राम सिंह राजपूत के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 1286–91 दिनांक 11/05/2017 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 16/07/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती आशा पत्नी श्री भक्त भूषण दीक्षित एवं श्री भक्त भूषण दीक्षित आत्मज श्री रामकिशोर दीक्षित के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 02/01/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती आशा पत्नी श्री भक्त भूषण दीक्षित एवं श्री भक्त भूषण दीक्षित आत्मज श्री रामकिशोर दीक्षित के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अयोध्या नगर फेस –5 पार्ट–2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 74 मण्डल द्वारा श्रीमती प्रेमलता ठाकुर पत्नी श्री गजराज सिंह ठाकुर के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 3126–31 दिनांक 30/07/2021 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/09/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती सरिता मायवाड़ (डढ़ोरे) पति श्री उमेश डढ़ोरे के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 14/03/2024 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सरिता मायवाड़ ( डढ़ोरे) पति श्री उमेश डढ़ोरे के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

आम सूचना

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में शेड / भवन क्रमांक 135 ए – सेक्टर मण्डल द्वारा श्री कान्ति भूषण शुक्ला आत्मज श्री बैकुण्ठ प्रसाद शुक्ला के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 8191–95 दिनांक 30/06/1992 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विकय विलेख दिनांक 01/07/1992 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 20/12/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ–पत्र, संयुक्त शपथ–पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती रहात बी गौरी पत्नी श्री जाकिर हुसैन गौरी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 27/05/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती रहात बी गौरी पत्नी श्री जाकिर हुसैन गौरी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

## नायब तहसीलदार नजूल तहसील टी.टी. नगर जिला भोपाल म.प्र. (कुनाल राउत) तहसील टी.टी. नगर जिला भोपाल

**सार्वजनिक नोटिस**

जावक क्रमांक

मामला क्रमांक 0061/अ–6/2025–26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू–अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 10/07/2025 को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम चूनाभट्टी खसरा नंबर 47/2, 47, 48, 114/47/2, 86/1/1/2 में से रकबा 0.0223 हेक्टेयर, भूमि स्वामी छत्रपती शिवाजी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, आवेदक श्री नरेश असवानी पुत्र स्व. श्री प्रेमचन्द असनानी

आज को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

दिनांक :–
स्थान :– टी.टी. नगर

(कुनाल राउत)
राज. परि. टी.टी नगर वृत्त भोपाल

# बौरीडांड पंचायत में ताला, न सरपंच न सचिव - ग्रामीण बेहाल, व्यवस्था ठप्प

**आनंद शर्मा -समय जगत, मनेंद्रगढ़ एमसीबी।** ग्राम पंचायत बौरीडांड की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। यहां न तो पंचायत भवन नियमित रूप से खुलता है, न सचिव की उपस्थिति दर्ज होती है और न ही जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की समस्याओं की सुध लेते हैं। परिणामस्वरूप, बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पड़ोसी ग्रामीण जगन्नाथ ने बताया कि एक साधारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उसे कई बार पंचायत के चक्कर काटने पड़े। अंततः मीडिया के हस्तक्षेप के बाद ही प्रमाण पत्र बन पाया। पंचायत भवन में लगे सूचना बोर्ड पर सचिव बबन सिंह का मोबाइल नंबर भी अधूरा (सिर्फ 9 अंकों का) दर्ज है। जब मीडिया ने सरपंच श्रीमती निमेष लकड़ा से सचिव का पूरा मोबाइल नंबर मांगा, तो उन्होंने साफ तौर पर नंबर देने से इनकार कर दिया।




स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में न बैठक होती है, न सूचना दी जाती है और न ही किसी योजना या समस्या पर सार्वजनिक चर्चा होती है। फलस्वरूप गांव के विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं और ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसी बुनियादी सेवाओं के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ता है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सरपंच और सचिव की भूमिका पंचायत में पूरी तरह से नदारद है। जब यह सवाल उठता है कि पंचायत भवन हमेशा बंद क्यों रहता है, सचिव कब आता-जाता है, तो न पंचायत कोई जवाब देती है, न ही प्रशासन कोई स्पष्ट स्थिति सामने रखता है।

प्रशासन करेगा क्या कार्रवाई?

अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस गड़बड़ी को गंभीरता से संज्ञान में लेगा? क्या जांच कराई जाएगी कि पंचायत में ताले क्यों लगे हैं और ग्रामीणों को बुनियादी सेवाओं से क्यों वंचित रखा जा रहा है?

ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत भवन नियमित रूप से खुले, सचिव व सरपंच की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, सूचना बोर्ड में सभी संपर्क नंबर स्पष्ट और सही तरीके से चस्पा किए जाएं, और पंचायत कार्यों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाई जाए। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़ने को विवश हो सकते हैं।

# 7 साल से जमे इंजीनियर पर आप ने जताई आपत्ति



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में उप अभियंता पावन साहू के वर्ष 2018-19 से लगातार एक ही पद पर जमे रहने और पद के दुरुपयोग के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की जिला इकाई द्वारा यह शिकायत जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर की गई। आम आदमी पार्टी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि उप अभियंता पावन साहू लगातार 7 वर्षों से नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में पदस्थ हैं, जो कि शासन के स्थानांतरण एवं सेवाविधि नियमों के प्रतिकूल है। साथ ही आरोप लगाया कि श्री साहू राजनीतिक प्रभाव और अपने पद का उपयोग करते हुए विशेष ठेकेदारों को कमीशन के आधार पर कार्य आबंटित करते हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि ऐसे अधिकारी की लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापना से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता प्रभावित होती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर ठेकेदारों व अधिकारियों की साठगांठ से जनहित को भी भारी नुकसान होता है। इस अवसर पर विकास पाण्डेय, संदीप भादव, कमीका कासिम, उमर नदीम हुसैन, दिनेश बघेल, दीपक तिवारी, मो. काशिम सहित आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी ने मांग की है कि पावन साहू का तत्काल स्थानांतरण किया जाए तथा पूरे प्रकरण की विभागीय जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी जन आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शासकीय शालाओं में होगा शैक्षिक ओलंपियाड

**इंदौर।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

**दूसरी कक्षा के बच्चे ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे :** इस वर्ष ओलंपियाड में कक्षा दूसरी से लेकर 8वीं तक प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थी ओएमआर शीट पर प्रश्न हल करेंगे। इस व्यवस्था से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये प्रारंभिक काल से अनुभव प्राप्त होगा। कक्षा 2 और 3 के लिये इंग्लिश, हिन्दी और गणित, कक्षा 4 और 5 के लिए इंग्लिश, हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण विषय पर और कक्षा 6, 7 और 8 के लिए हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय में ओलंपियाड प्रतियोगिता होगी। ओलंपियाड के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा केन्द्र और शालाओं को प्रेषित किए है। कक्षा 2 और 3 में प्रत्येक जन शिक्षा केन्द्र से कुल 28 विद्यार्थी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयनित होंगे। कक्षा 6 से 8 में जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर सर्वाधिक अंको के आधार पर 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक श्री हरजिंदर सिंह ने ओलंपियाड प्रतियोगिता के आयोजन के लिये जिला कलेक्टर्स और राज्य शिक्षा केन्द्र अधिकारियों को भी निर्देश जारी किये है।

### फिर 4 किलो अवैध गांजे के साथ 3 आरोपी हुए गिरफ्तार



**समय जगत, सिवनी मालवा।** शिवपुर पुलिस की लगातार गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई से गांजे का अवैध व्यापार करने वालों में हड़कंप मच गया हैं। इस तरह शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव की सक्रियता के चलते 13 दिन में गांजा तस्करों को पकड़ने की ये तीसरी कार्रवाई में 27 जून को 1.200 किलोग्राम गांजा, फिर 6 जुलाई को 10 किलोग्राम गांजा और अब 8 जुलाई को 4 किलो गांजा और आरोपियों को दबोचा हैं। मंगलवार को गांजे तस्करों पर की गई कार्रवाई के मामले में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि शिवपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति जिनका नाम उदय उर्फ बंटू और अजय है। जिसमें से उदय ने हल्के मेहंदी रंग का शर्ट और अजय ने सफेद रंग का शर्ट पहना हुआ हैं। दोनों अपने साथ काले रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर पगढ़ाल टोल के आगे नहर के पास खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहे है। यदि तुरंत कार्यवाही की जावे तो उनके के पास भारी मात्रा में गांजा मिल सकता हैं। सूचना पर थाना प्रभारी विवेक यादव ने दल गठित कर तत्काल मौके पर रवाना हुए। जहां अपने वाहन को खड़ा कर देखा कि मुखबीर के बताएं गए हुलिए के व्यक्तियों के साथ एक अन्य व्यक्ति जो खरबूजे रंग की शर्ट पहने खड़ा दिखाई दिया। जिनके बीच 2 काले रंग के बैग रखे हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस दल व पंचानो की मदद से घेराबंदी कर रोका और पूछताछ की तो उसने अपना नाम उदय उर्फ बंटू पिता विजय सिह उईके उम्र 31 साल निवासी ग्राम फरीदपुर थाना शिवपुर, दूसरे ने अजय पिता राजेश चावड़े उम्र 21 साल निवासी ग्राम छीपाबड़ जिला हरदा तथा तीसरे ने अजब सिह पिता अनूप सिह बंजारा उम्र 29 साल निवासी फरीदपुर बताया। जिनकी तलाशी ली तो तीनों व्यक्तियों के पास 04 किलो ग्राम गांजा कीमती करीब 68 हजार रुपए, एक मोटर सायकल हीरो कम्पनी एचए डीलक्स काले लाल रंग की, जिसका नम्बर एमपी 05 एम डब्ल्यू 5589 कीमती करीब 50 हजार रुपए को भी जब्त किया गया। इस तरह कुल 118000 रुपए की जब्ती की गई। उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रं. 140/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया गया। गांजा तस्करों को पकड़ने में शिवपुर थाना प्रभारी शिवपुर विवेक यादव, प्रधान आरक्षक कृपाराम मीणा, सुनील मरकाम, आरक्षक अजय बावने, ओमप्रकाश जाट, दीपक प्रजापति, राहुल कौशल, राजकुमार की भूमिका रहीं।

# पुलिस की चाक- चौबंद व्यवस्था के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का पर्व शांति से हुआ सपन्न



**अल्ताफ खान,धार।** पुलिस महानिरीक्षक व एस पी धार मनोज कुमार सिंह के निर्देशन मे पूरे जिले मे पुलिस की चाक-चौबंध व्यवस्था के बीच पुलिस की सतर्कता से मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण माहौल मे सम्पन्न हुआ। जिले मे कही भी कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नही हुई और न ही कोई घटना घटित हुई।मुहर्रम पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए एडिशनल एस पी विजय डाबर खुद मैदान मे उतरे और कुशल मार्गदर्शन मे सी एस पी रविन्द्र वास्कले के साथ मुहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण सपन्न करवाने मे फील्ड मे रह कर भ्रमण करते रहे। कोतवाली थाना प्रभारी समीर पाटीदार की सतर्कता और मुस्तेदी और बेहतर पुलिस प्रबंधन के चलते धार शहर मे भी मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल मे संपन्न हुआ। जिले के थानो से कोतवाली मे ट्रांसफर होकर आये। पुलिसकर्मियों ने बड़ी ही मुस्तेदी से ड्यूटी कर अपना फर्ज अदा किया और बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार को संपन्न करवाने मे अर्लट रहे। मुहर्रम माह की 5 तारीख से लगातार से 11 तारीख तक निकलने वाले आखाड़े, परचम, रेली उर्स ताजिया निकलने के दौरान कोतवाली थाना प्रभारी पाटीदार अपनी टीम के साथ अलर्ट रहे और अपनी निगाहे जमाये रखे। वही नौगांव थाना प्रभारी सुनील शर्मा नौगांव थाना टीम के साथ फील्ड मे मुस्तेद नजर आये, तो वही यातायात थाना प्रभारी प्रेम सिंह ठाकुर भी बेहतर कानून व्यवस्था मे मैदान मे डटे रहे। और बेहतर ट्रैफ़िक व्यवस्था के अपनी टीम को निर्देश दिये। यौमे अशुरा के दिन एस डी एम रौशनी पाटीदार तहसील दार दिनेश उइके राजस्व विभाग के साथ कानून व्यवस्था बनाये रखने मे सतर्क रहे। साथ ही नगर पालिका परिषद ने भी ताजिया विसर्जन तक अहम सहयोग अदा किया। जिले व शहर मे शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मुहर्रम का पर्व संपन्न करवाने एवं कानून व्यवस्था लगे तमाम पुलिस के अधिकारी कर्मचारीयों का शहर के तमाम लोगो द्वारा प्रशंसा और सरहाना की। यह वह टीम है जो रात दिन ड्यूटी कर अपना फर्ज अदा कर शांतिपूर्ण माहौल मे त्यौहार को अमन के साथ संपन्न करवाया।

# पौधे हैं तो जीवन है: पल्लवी परमार



**समय जगत मनावर।** अमृत हरित महा अभियान के अंतर्गत सेक्टर भवन बाकानेर में महिला बाल विकास उमरबन परियोजना अधिकारी पल्लवी परमार मैडम सेक्टर सुपरवाइजर परवीन शाह मैडम सपना गोयल मैडम सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पौधारोपण किया गया। सुश्री परमार ने कहा पौधे है तो जीवन है,पौधों को बढ़ाकर वृक्ष पेड़ बनाना है उनकी देख रेख करना है सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की लिए प्रेरित करना है।संचालन सपना गोयल ने किया आभार परवीन शाह ने माना।

# मेगा पेप टॉक ने एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को किया सुदृढ़



**सिंगरौली।** सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने 7 जुलाई 2025 को एमजीआर कर्मचारियों के लिए एक भव्य मेगा पेप टॉक का आयोजन किया। यह पहल, कार्यस्थल को शून्य दुर्घटना क्षेत्र बनाने और सभी स्तरों पर सक्रिय सुरक्षा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए चलाए जा रहे सुरक्षा संवेदनशीलता अभियान का हिस्सा थी।

इस प्रेरणादायक सत्र का नेतृत्व परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक कार्य में शामिल एक दैनिक प्रतिबद्धता होनी चाहिए। उनके साथ ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण राजशेखर पाला, महाप्रबंधक प्रचालन और डॉ. प्रतिमा महेन्द्रा, वरिष्ठ विशेषज्ञ एवं सीएमओ इंचार्ज विन्ध्या चिकित्सालय उपस्थित रही। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलकर कर्मचारियों से सतर्क, अनुशासित और एकजुट रहकर सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

सत्र की शुरुआत में परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा एवं राजशेखर पाला प्रचालन द्वारा हिंदी में सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिससे प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी और उच्च सुरक्षा मानकों के पालन की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक एमजीआर ने एमजीआर संचालन की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कोयला परिवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तय प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक सुरक्षा ने कोयला हैंडलिंग सिस्टम से जुड़ी वास्तविक घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे सीख लेकर खतरों को कम करने की प्रभावी रणनीतियों पर चर्चा की।

इस कार्यक्रम की एक अनोखी विशेषता रही– मेडिकल टीम द्वारा मौसमी और व्यावसायिक स्वास्थ्य समस्याओं पर आयोजित एक जानकारीपूर्ण सत्र, जिसमें कर्मचारियों को अपनी शारीरिक सेहत की सुरक्षा के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सुरक्षा संदेश को रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चिकित्सालय स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसने कर्मचारियों पर सुरक्षा के महत्व की गहरी छाप छोड़ी। कार्यक्रम के अंत में 40 सुरक्षा-जागरूक कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे यह संदेश और भी स्पष्ट हुआ कि ÷सुरक्षा की शुरुआत हर व्यक्ति से होती है और यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है।÷ यह मेगा मास पेप टॉक एनटीपीसी विन्ध्याचल में सुरक्षा संस्कृति को और गहराई देने तथा कर्मचारियों की सुरक्षित, जिम्मेदार और गर्वपूर्ण कार्यप्रणाली की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम सिद्ध हुआ।

# लगातार हो रही बारिश से प्राचीन शिव मंदिर की छत टूटी, गुम्मद भी गिरा



**हरिप्रसाद गोहे– समय जगत, आमला।** आमला में तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से खानापुर रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर की छत टूट गई वहीं गुम्मद भी टूट कर नीचे गिर गया। घटना रात्रि के समय घटित होने से किसी भी तरह की जन हानि के समाचार नहीं है। नागरिक यश गुगनानी, से प्राप्त जानकारी अनुसार खानापुर रोड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर लगभग 20 वर्ष पहले आमला में रहने वाले शिव भक्त मंदिर पुजारी द्वारा श्रमदान कर बनाया गया था। वर्षो पुराना हो चुका शिव मंदिर की अवस्था वर्तमान समय में जीर्ण शीर्ण हो गई। बताया गया धार्मिक आस्था से जुड़े शिव भक्त यहा पूजा अर्चना करने प्रतिदिन पहुंचते है। मंदिर में हमेशा महिलाएं पूजा अर्चना करने आती है। श्रद्धालू भक्त पूजन के साथ आस पास लगे पौधों को पानी आदि देकर वहा साफ सफाई भी करते है। मंदिर का छत टूटने की खबर से भक्तो में मायूसी है।

# पीड़ित ने अपनी जान को खतरा बताते हुए दिया थाने में शिकायती आवेदन

**समय जगत, खिरकिया।** अपने ही पति को जान से मारने की घटना ल-ातार सामने आ रही है। ऐसा ही एक ओर मामला सामने आया जहाँ पिडित शंकर सिंह राजपूत निवासी ञाम कुडावा अपनी पत्नि से परेशान होकर छीपाबड थाना मे शिकायत दर्ज कराई आवेदक शंकर सिंह राजपूत ने बताया की मेरा विवाह/अअ/00 में हिंदु रिति रिवाज अनुसार ञाम कुडावा से सपन्न हुआ था। विवाह के बाद आवेदिका का व्यवहार कुछ समय तक ठीक रहा उसके बाद से ल-भ- वर्ष 0अद्व से मेरे साथ छोटी छोटी बातो को लेकर लडाई झ-डा करना मारपीट करना मै पत्नि से प्रताडित होकर काम करने इंदौर में कंपनी में चला -या था मै रोज अपने काम धंधे पर चला जाता था पत्नि अकेली रहती थी बच्चे स्कूल चले जाते थे आवेदक ने बताया की अंदेशा हुआ की पत्नि के किसी अन्य व्यक्ति से अनैतिक संबंध है आवेदक ने बाण--ा थाना इंदौर पहुंचकर शिकायत दर्ज करने पहुंचा तो पुलिस वालो ने शिकायत दर्ज करने से मना कर दिया और कहा की आपसी मामला है हम शिकायत नही लिखे- उन्होने बताया की आये दिन इंदौर में मेरा रास्ता रोककर -ाली -लौच करते रहेते है ओर कहते है कि इंदौर को छोडकर चला जा नही तुझे जान से खत्म कर दे- आवेदक के बताया की मेरे साथ जान से मारने का सडयंत्र रच रहे है और मेरे भाई एवं माता को आये दिन फोन कर झुठे केस में फसाने की धमकी दे रहे जबकि इस मामले में मेरे भाई मेरी माता का कोई लेना देना नही है।

**इनका कहना है**

शिकायती आवेदन आया है जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जावे-ी।

**राजेन्द्र मीणा,** एसएसआई थाना छीपाबड

# ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा डॉ सीवी मिश्रा का किया गया सम्मान



**शुजालपुर/कालापीपल।** समाजसेवा, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले पद्मभूषण डॉ. एस.के. मुखर्जी स्मृति राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा अवॉर्ड 2025 से सम्मानित, वरिष्ठ चिकित्सक एवं भामाशाह डॉ. सी.वी. मिश्रा का भव्य सम्मान समारोह सर्व ब्राह्मण समाज कालापीपल एवं ब्रह्म समाज प्रतिनिधियों द्वारा संपन्न हुआ। डॉ. मिश्रा द्वारा अब तक लगभग 600 छात्राओं को शिक्षा में आर्थिक सहायता, 22 विद्यालयों में वॉटर कूलर, शांतिवन में मुख्य द्वार निर्माण एवं सीमेंट कुर्सियाँ, धर्मशालाओं में लाखों की राशि का सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। समारोह में डॉ. मिश्रा को फूलमाला पहनाकर, साफा बांधकर, शाल व श्रीफल भेंट कर समाजजन की ओर से आदरपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ दादा मोहनलाल शर्मा शुजालपुर, मनमोहन शर्मा अध्यक्ष कालापीपल ब्राह्मण संगठन डॉ. सुभाष शर्मा (संरक्षक), सुखदेव शर्मा, चेतन अवस्थी (युवा शाखा), दिनेश शर्मा (निर्माण समिति अध्यक्ष), दिनेश नागर, डॉ. के.के. भार्गव, गंगाधर शर्मा, प्रदीप व्यास, पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी, आनंद जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। डॉ. सुभाष शर्मा ने डॉ. मिश्रा के समर्पित व्यक्तित्व व सेवाभावी कार्यों पर प्रकाश डाला। सम्मान से अभिभूत डॉ. सी.वी. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में ÷एकता, अखंडता और आपसी विश्वास के साथ निरंतर समाज सेवा करने÷ का संदेश दिया।

# बारिश में जलमग्न हुई कॉलोनियां, घरों से नहीं निकल पा रहे कॉलोनीवासी

## सड़क, नाली, बिजली सब की व्यवस्था तहस नहस, कॉलोनाइजरों पर एफआईआर कर कार्रवाई की मांग तेज

**सिलवानी।** नगर में हो रही मूसलाधार बारिश ने। कॉलोनाइजरों और प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। राय कॉलोनी और सिद्धार्थ सिटी जैसे कथित रूप से %विकसित कॉलोनियों में रहने वाले सैकड़ों परिवार इन दिनों कीचड़ जलभराव और अव्यवस्थाओं के दलदल में फंसे हैं। कॉलोनियों में न तो पक्की सड़कें हैं न ही जल निकासी की व्यवस्था जिससे मामूली बारिश में भी घरों के सामने नदियां बहने लगती हैं। हालत यह है कि लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं बच्चों का स्कूल जाना और दफ्तर पहुंचना भी मुसीबत बन गया है।

**कोई सुनवाई नहीं एजेंटों पर भी नहीं हुई कार्रवाई :** राय कॉलोनी निवासी पूजा साहू ने बताया एजेंट वसीम खां ने वादा किया था कि कॉलोनी में सड़क बिजली पार्क सीवेज जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। लेकिन बारिश होते ही कीचड़ और गंदगी घरों में घुस जाती है।



वहीं सिद्धार्थ सिटी के अमित रघुवंशी और कमलेश साहू ने बताया कि एजेंट राजकुमार चौरसिया (राजू) शिक्षक ने आधुनिक कॉलोनी का सपना दिखाया था लेकिन 10 साल में एक नाली तक नहीं बनी।

**प्रशासन मौन कॉलोनाइजर बेलगाम :** शिकायतें नगर परिषद और अन्य अधिकारियों तक कई बार पहुंचाई गई लेकिन न तो कॉलोनाइजर पर कोई सख्त कार्रवाई हुई न ही किसी प्रकार का सुधार कार्य शुरू किया गया। चंद्रकला धुर्वे ने बताया कि प्लॉट लेते समय 6 महीने में सुविधाएं देने की बात कही गई थी, लेकिन दो साल में सिर्फ कीचड़ और जलभराव मिला।

रोजमर्रा की ज़रूरतें बच्चों की पढ़ाई स्वास्थ्य महिला सुरक्षा सब कुछ इन कॉलोनियों में दांव पर लगा है। लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। न सड़क है न नाली न बिजली और न ही कोई सुनने वाला।

कॉलोनाइजरों पर हो कार्रवाई, कॉलोनियों को लिया जाए नगर परिषद में कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि जिन एजेंटों और कॉलोनी मालिकों ने झूठे वादों से जनता को गुमराह किया है उनके खिलाफ सिलवानी पुलिस थाने में आपराधिक मामला दर्ज किया जाए और कॉलोनियों को नगर परिषद या विकास प्राधिकरण के अधीन लेकर वहां बुनियादी सुविधाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं।

प्रशासन और नगरीय निकायों की निष्क्रियता और बेतरतीब कॉलोनी विकास मॉडल पर यह संकट बड़ा सवाल खड़ा करता है आख़िर आम नागरिक किससे उम्मीद करें

**इनका कहना है**

कॉलोनीयो मे अव्यवस्थाओं के मामले में जांच करा कर नोटिस जारी किया जायेगा जांच उपरांत कॉलोनाइजर के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जायेगी बही शिक्षक राजू चौरसिया द्वारा सिद्धार्थ सिटी कॉलोनी के एजेंट बनकर प्लाट बेचने की जानकारी प्राप्त हुई है विभाग को पत्र लिखकर जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

**पीसी शाक्य अनुविभागीय अधिकारी तहसील सिलवानी**